नई दिल्ली
गुरुवार, 18 जुलाई 2024
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 28, अंक : 98
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 34
न्यून. 28

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

एडीबी का भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान

## सात फीसदी पर रखा बरकरार कृषि क्षेत्र में सुधार की उम्मीद



**नई दिल्ली।** बजट पेश होने से पहले एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को सात फीसदी पर बरकरार रखा है। इसके साथ ही एडीबी को सामान्य से बेहतर मानसून अनुमानों को देखते हुए कृषि क्षेत्र में सुधार की उम्मीद है। एडीबी ने शेष पेज 5 पर

# तीन राज्यों के 'बड़े फैसलों' से देश में 'बड़ी हलचल'

महाराष्ट्रः पहला फैसला

## लाडली बहना के बाद महाराष्ट्र में आई 'लाडला भाई' योजना

12वीं पास करने वाले युवाओं को 6 हजार, डिप्लोमाधारी को 8 हजार और ग्रेजुएट युवाओं को 10 हजार रुपए हर महीने मिलेंगे



युवाओं को एक साल तक किसी फैक्ट्री में अप्रेंटिसशिप करने का मौका भी मिलेगा, जिसके बाद नौकरी मिलेगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आषाढ़ी एकादशी के मौके पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने लाडली बहना योजना की तर्ज पर अब लड़कों के लिए एक खास योजना की घोषणा की। इस योजना का नाम लाडला भाई योजना रखा गया है, इस योजना के जरिए बेरोजगारी को कम किया जा सकेगा। इस योजना के तहत युवाओं को स्कॉलरशिप दी जाएगी और इसके साथ ही साथ नौकरी के अवसर भी दिए जाएंगे। शिंदे ने घोषणा के दौरान बताया कि इस योजना के तहत 12वीं क्लास के छात्रों से लेकर ग्रेजुएट युवाओं तक को लाभ मिलेगा। इस योजना में 12वीं पास करने वाले युवाओं को 6 हजार रुपए, डिप्लोमा करने वाले युवाओं को 8 हजार रुपए, ग्रेजुएट युवाओं को 10 हजार रुपए हर महीने दिए जाएंगे।



इसके साथ ही युवाओं को एक साल तक किसी फैक्ट्री में अप्रेंटिस शिप करने का मौका भी मिलेगा, जिसके बाद उसे काम का अनुभव मिलेगा और उस अनुभव के आधार पर उसे नौकरी मिल जाएगी। सरकार का मानना है कि इस तरह से युवाओं को एक्सपीरियंस मिलेगा, जो कि भविष्य में मिलने वाली नौकरी के लिए उपयोगी होगा। महाराष्ट्र के पंढरपूर में 'कृषि पंढरी महोत्सव-2024' का आयोजन किया शेष पेज 5 पर

हरियाणा : दूसरा फैसला

## हरियाणा में अग्निवीरों को मिलेगा सरकारी नौकरी में 10% आरक्षण

सीएम नायब बोले पुलिस समेत 5 नौकरियों में लाभ बिना ब्याज 5 लाख तक लोन मिलेगा



अगर कोई औद्योगिक इकाई प्रतिमाह 30 हजार रुपए से ज्यादा वेतन देती है तो हरियाणा सरकार उसे 60 हजार रुपए वर्ष की सब्सिडी देगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अग्निवीरों को राज्य की सरकारी नौकरियों में 10 फीसदी आरक्षण देने का ऐलान किया है।



सीएम सैनी ने कहा कि हमारी सरकार हरियाणा में अग्निवीरों को पुलिस कॉन्स्टेबल, माइनिंग गार्ड, फॉरेस्ट गार्ड, जेल वार्डन और एसपीओ की सीधी भर्ती में 10 फीसदी आरक्षण देगी। बुधवार को चंडीगढ़ में प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीएम सैनी ने कहा कि हमने इन अग्निवीरों को ग्रुप डी और सी में सरकारी पदों के लिए निर्धारित अधिकतम आयु में 3 साल की छूट देने का भी फैसला किया है। पहले बैच के अग्निवीरों को आयु में 5 साल की छूट मिलेगी। सरकार ग्रुप-सी में सिविल पदों में सीधी भर्ती में अग्निवीरों के लिए 5 फीसदी आरक्षण और ग्रुप डी में एक फीसदी आरक्षण देगी।

सीएम सैनी ने कहा कि अगर कोई औद्योगिक इकाई प्रतिमाह 30 हजार रुपए से ज्यादा वेतन देती है तो हरियाणा सरकार उस औद्योगिक इकाई को 60 हजार रुपए वर्ष की सब्सिडी देगी। इसके साथ ही राज्य सरकार ने ग्रुप सी पदों पर भर्ती में अग्निवीर के लिए 5 फीसदी आरक्षण की घोषणा की है। सीएम सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार शेष पेज 5 पर

कर्नाटक : तीसरा फैसला

## कर्नाटक में निजी नौकरियों में 100% आरक्षण का ऐलान

सीएम ने बाद में यह पोस्ट हटाई क्योंकि, कई कंपनियां रिजर्वेशन के विरोध में आईं



श्रम मंत्री ने दी सफाई- प्राइवेट कंपनियों की नौकरियों में नॉन-मैनेजमेंट पोस्ट के लिए रिजर्वेशन 70% और मैनेजमेंट लेवल के स्टाफ के लिए 50% तक सीमित

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में प्राइवेट कंपनियों में ग्रुप सी और डी में स्थानीय लोगों को 100% आरक्षण देने का फैसला विवादों में घिर गया है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने 16 जुलाई को इसकी घोषणा की थी। 24 घंटे के अंदर ही उन्होंने सोशल मीडिया पर 100% कोटा बिल को लेकर की गई पोस्ट हटा ली।



सीएम के पोस्ट डिलीट करने पर राज्य के लेबर मिनिस्टर संतोष लाड ने बुधवार को सफाई दी- कर्नाटक में प्राइवेट कंपनियों की नौकरियों में नॉन-मैनेजमेंट पोस्ट के लिए रिजर्वेशन 70% और मैनेजमेंट लेवल के स्टाफ के लिए 50% तक सीमित है। दरअसल, सिद्धारमैया कैबिनेट ने इसके लिए नियम तैयार कर लिए हैं। कैबिनेट से बिल भी पास हो चुका है। इसे गुरुवार को विधानसभा में पेश किया जाएगा। हालांकि, उससे पहले ही इस पर बड़ी इंडस्ट्रीज ने विरोध जताया है। बिल के मुताबिक, योग्य स्थानीय कैंडिडेट उपलब्ध नहीं हैं तो कंपनियों को सरकार या उसकी एजेंसियों के सहयोग से 3 साल के अंदर उन्हें प्रशिक्षित करने के लिए कदम उठाने चाहिए। हालांकि, इसमें एक शर्त ये भी जोड़ी गई है कि अगर योग्य कैंडिडेट नहीं मिल रहे हैं तो कंपनियां इस नियम के प्रावधानों में छूट के लिए सरकार से आवेदन शेष पेज 5 पर

पीएम मोदी से मिले यूपी भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, कई मुद्दों पर घंटे भर चला मंथन

# उत्तरप्रदेश: योगी कैबिनेट और पार्टी संगठन में बड़े बदलाव की तैयारी में दिखी भाजपा

आनंद राणा ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश को लेकर भाजपा नेतृत्व ने हाई लेवल मंथन शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को करीब एक घंटे तक यूपी भाजपा के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से तमाम मुद्दों पर चर्चा की। मंगलवार रात को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भूपेंद्र चौधरी तथा उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से अलग-अलग विचार विमर्श किया था। रविवार को लखनऊ में हुई प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की बैठक के बाद से उत्तर प्रदेश को लेकर पार्टी के भीतर सरगर्मियां तेज हो गईं हैं।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि प्रदेश की दस विधानसभा सीटों पर प्रस्तावित उपचुनाव के बाद योगी कैबिनेट और संगठन में बड़े बदलाव हो सकते हैं। उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनाव में लगे तगड़े झटके के बाद लखनऊ से लेकर दिल्ली तक भाजपा के भीतर बेचैनी है। सूबे में पार्टी को उम्मीद के अनुसार सीटें नहीं मिलने से भाजपा बहुमत के आंकड़े से 32 सीटें पीछे रह गई। भाजपा के दिग्गज नेताओं से लेकर चुनावी पंडितों तक किसी को अंदेशा नहीं था कि भाजपा लोकसभा चुनाव के नतीजों में समाजवादी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन से भी पिछड़ जाएगी। शेष पेज 5 पर





### भूपेंद्र को हटाने का फैसला ले सकता है पार्टी नेतृत्व

सूत्रों का कहना है कि यूपी भाजपा के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी की जगह किसी तेजतर्रार नेता को संगठन की कमान सौंपी जा सकती है। प्रदेश में जिस प्रकार से संविधान बचाओं के नारे के बाद दलित और कई पिछड़ी जातियों का झुकाव सपा और कांग्रेस की तरफ हुआ है उसे देखते हुए कयास लगाये जा रहे हैं कि शेष पेज 5 पर

### यूपी से जुड़े हर बड़े मुद्दे पर चौधरी ने पीएम को दिया फीडबैक

बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी ने भूपेंद्र चौधरी से लोकसभा चुनाव में कई सीटों पर हार का कारण पूछा। संगठन और सरकार के बीच हालिया संबंधों को लेकर भी बात हुई। सूत्रों का कहना है कि मोदी ने प्रदेश में भाजपा के साथ पिछले चुनावों में साथ रहे कई वर्गों के सपा और कांग्रेस के पाले में जाने की वजह भी चौधरी से पूछीं। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने उन मंत्रियों को लेकर भी फीडबैक लिया जो अपने मंत्रालय के जरिये रिजल्ट नहीं दे पा रहे हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने जब रविवार को कार्यसमिति की बैठक में कहा 'संगठन सरकार से बड़ा है, कार्यकर्ताओं का दर्द मेरा दर्द है। संगठन से बड़ा कोई नहीं है, कार्यकर्ता ही गौरव है।' तो इसके मायने यही निकाले गये कि मौर्य के बयान के जरिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संदेश देने की कोशिश की गई है। सर्वविदित है कि योगी और मौर्य में लंबे समय से खींचतान चल रही है। माना जाता है कि मौर्य को दिल्ली में पार्टी हाईकमान का आशीर्वाद हासिल है। लोकसभा चुनाव के बाद से योगी सरकार की कार्यशैली की आलोचना यूपी भाजपा के कई नेता खुलेआम कर चुके हैं। पार्टी के कई नेता कह चुके हैं कि सरकार में संगठन की पूछ नहीं है और अफसरशाही हावी है।

पीएम मोदी से मिले अमित शाह, यूपी पर हुई गंभीर मंत्रणा

## यूपी भाजपा अध्यक्ष चौधरी ने पीएम के बाद शाह से भी की मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के बीच बुधवार को लंबी मुलाकात हुई। माना जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच उत्तर प्रदेश की सियासत पर चर्चा हुई। दिन में उत्तर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने पीएम मोदी से भेंट की थी। सूत्रों के अनुसार इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने मोदी को लोकसभा चुनाव में पार्टी को कई सीटों पर मिली हार के कारणों पर अपना फीडबैक दिया था। साथ ही चौधरी ने सरकार के कामकाज और संगठन को लेकर भी पीएम को अपनी राय से अवगत कराया। इसके बाद पीएम से अमित शाह मिलने पहुंचे। कयास लगाए जा रहे हैं कि दोनों के बीच उत्तर प्रदेश की योगी सरकार और पार्टी संगठन को लेकर गंभीर मंत्रणा हुई। भूपेंद्र चौधरी शाम को अमित शाह से भी मिले। चर्चा रही कि चौधरी ने यूपी लोकसभा चुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी शेष पेज 5 पर

सुवेंदु बोले नहीं चाहिए सबका साथ...

## फिर पलटे बोले-ये मेरी निजी राय है, पार्टी की 'सोच' नहीं

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

लोकसभा चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी को पश्चिम बंगाल में बड़ा झटका लगा। बंगाल में नेता विपक्ष और भाजपा के नेता सुवेंदु अधिकारी ने बुधवार को कहा कि अल्पसंख्यकों का सपोर्ट न मिलने के चलते पार्टी को राज्य में बड़ा नुकसान उठाना पड़ा। ऐसे में पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा को खत्म कर दिया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने 'सबका साथ, सबका विकास' पर भी बड़ा बयान दिया।



सुवेंदु अधिकारी ने भाजपा की राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चा की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने 'सबका साथ, सबका विकास' को खत्म करने की बात कहते हुए कहा कि अब पार्टी को शेष पेज 5 पर

ओमान के समुद्र में पलटा तेल टैंकर

## 13 भारतीय समेत 16 लापता हुए, तलाश में जुटी नौसेना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते सोमवार शाम को ओमान के रस मदरका से 25 समुद्री मील दक्षिण पूर्व में पलटे कोमोरोस के झंडे वाले एक तेल टैंकर एमवी प्रेस्टीज फाल्कन में लापता हुए 16 लोगों में 13 भारतीय और 3 श्रीलंका के नागरिक हैं। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि लापता लोगों की तलाश के लिए चलाए जा रहे खोज एवं राहत अभियान में ओमान के अधिकारियों के साथ भारतीय नौसेना भी शामिल हो गई है।



रणनीतिक तैनाती के तहत इलाके में गश्त कर रहा नौसेना का जंगी युद्धपोत आईएनएस तेग जरूरी सहायता प्रदान करने के लिए तत्काल घटना स्थल पर पहुंचा। समुद्र के मुश्किल हालातों और तेज हवाओं के बीच बचाव अभियान के लिए शेष पेज 5 पर




राज्यसभा में मोदी सरकार बहुमत में नहीं

## इसके बाद भी विधेयक पारित करा लेने का पूरा है जुगाड़

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत मगर भाजपा के साथ खुद को जोड़ देने वाले सांसद राकेश सिंह, सोनल मान सिंह, महेश जेठमलानी और रामशकल का कार्यकाल खत्म होने के साथ ही उच्चसदन में 19 रिक्तियां हो गई। भाजपा सांसदों की संख्या घटकर 86 हो गई जब कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के दलों को मिलाकर सांसदों की कुल संख्या है 101 जो कि बहुमत के आंकड़े से काफी पीछे है।



राज्यसभा में 19 सांसदों का चुनाव होना है अगर उनकी संख्या कुल 245 सांसदों मे से निकाल दी जाए तो संख्या बचती है 226, बहुमत के लिए चाहिए 114 सांसदों का साथ। अगर कोई विधेयक या अन्य संसदीय विधायी कार्य राज्यसभा में सरकार के फंसते हैं तो 7 ऐसे मनोनीत सांसदों का साथ लेना होगा जो भाजपा के साथ संबद्ध नहीं हैं। दो निर्दलीय सांसद हैं। ऐसे में आंध्र के वाईएसआर कांग्रेस के 11 सांसद और एआईएडीएमके के 4 सांसदों की संख्या ट्रेजरी बेंच के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगी। दोनों दलों के सांसदों ने पूर्व शेष पेज 5 पर

आबकारी नीति मामला

## उच्च न्यायालय ने केजरीवाल की याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित रखा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उन याचिकाओं पर बुधवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिनमें आबकारी नीति मामले में सीबीआई द्वारा उनकी गिरफ्तारी किए जाने को चुनौती दी गई है और अंतरिम जमानत का अनुरोध किया गया है। केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता ने न केवल केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से की गई गिरफ्तारी की आलोचना की बल्कि उन्हें मामले में जमानत पर रिहा करने का भी अनुरोध किया। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने मुहर्रम का अवकाश होने के बावजूद सुनवाई की।



उन्होंने केजरीवाल और सीबीआई के वकीलों की दलीलें सुनीं और याचिकाओं पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। उच्च न्यायालय ने उनकी नियमित जमानत याचिका पर अगली सुनवाई की तिथि 29 जुलाई तय की है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल का पक्ष रह रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने दलील दी कि यह दुर्भाग्य से रिहाई रोकने के लिए की गई गिरफ्तारी है। मेरे पास शेष पेज 5 पर

अपने रणनीतिक साझेदार

## भारत के साथ सहयोग बढ़ाने को तैयार है अमेरिका:पेंटागन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन संघर्ष के बीच अमेरिका ने एक बार फिर से भारत से अपने संबंधों को लेकर कहा है कि भारत अमेरिका का एक रणनीतिक साझेदार है और अमेरिका अपनी इस साझेदारी को और अधिक विकसित करना चाहता है। यह जानकारी पेंटागन के प्रेस सचिव पैट राइडर ने वाशिंगटन में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में दी। इस दौरान रूस-यूक्रेन संघर्ष पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि जब बात इस संघर्ष की आती है तो यह यूक्रेन पर निर्भर करता है कि वह कब शांति के लिए बातचीत करने के लिए तैयार है। अभी फिलहाल हमारा ध्यान यूक्रेन के साथ काम करने पर है। जिससे उन्हें अपने देश और संप्रभुता की रक्षा करने और अपने क्षेत्र को वापस लेने के लिए जरूरी सहायता की जा सके। हालांकि यूक्रेन के बिना यूक्रेन के लिए कोई निर्णय नहीं लिया जा सकता है।



# कोर्ट ने बच्ची से बलात्कार के मामले में व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने पांच साल की बच्ची के साथ बलात्कार के जुर्म में एक व्यक्ति को यह कहते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई कि दोषी ने बच्ची के साथ 'जानवरों जैसी क्रूरता की।'

बच्चों के खिलाफ अपराध के बढ़ते मामलों पर दुख और रोष प्रकट करते हुए अदालत ने कहा कि सजा 'जघन्य कृत्य' की गंभीरता के अनुरूप होनी चाहिए ताकि यह एक प्रभावी निवारक के रूप में काम करे। रोहिणी जिला अदालत की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुशील बाला डागर उस व्यक्ति के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रही थीं, जिसे पूर्व में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम की धारा छह (गंभीर यौन हमला) के तहत दोषी ठहराया गया था। अदालत ने 28 वर्षीय व्यक्ति को अपहरण, गंभीर चोट पहुंचाने और बलात्कार के दंडनीय अपराधों के लिए भी दोषी ठहराया। अतिरिक्त लोक अभियोजक योगिता कौशिक ने कहा कि 'घृणित और निंदनीय कृत्य' के कारण दोषी सहानुभूति के लायक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि बच्ची का अपहरण करते समय, व्यक्ति ने उसके गालों को काटा और उसके चेहरे पर इतनी जोर से मारा कि उसके दांत टूट गए। न्यायाधीश ने 11 जुलाई के आदेश में कहा कि यह अदालत बच्चों के खिलाफ बढ़ते अपराधों से दुखी और व्यथित है। पांच साल की बच्ची भाई दूज के त्योहार के लिए अपने नाना-नानी के घर गई थी और उसे खुशी-खुशी समय बिताना था, लेकिन दोषी ने उसके साथ जानवरों जैसी क्रूरता की। न्यायाधीश ने कहा कि उसकी गरिमा को तार-तार कर दिया गया...यह कहना कि बच्ची समाज के लिए एक उपहार है, दोषी जैसे व्यक्ति के कारण बेतुका लगता है। पीड़िता को बिना किसी गलती के ऐसी यातना सहनी पड़ी। अदालत ने कहा कि यौन अपराध ने बच्चे के जीवन पर गहरा असर डाला है, इसलिए सजा 'घृणित कृत्य की गंभीरता के अनुरूप होनी चाहिए, ताकि इस तरह की सोच वाले लोगों के लिए यह एक प्रभावी निवारक के रूप में काम कर सके।' न्यायाधीश ने कहा कि अपराध की गंभीरता, बच्ची और दोषी की आयु, दोषी और पीड़िता की पारिवारिक स्थिति तथा उन पर प्रभाव डालने वाले सामाजिक और आर्थिक कारकों समेत विभिन्न परिस्थितियों पर विचार करते हुए दोषी को पोक्सो कानून की धारा छह के तहत दंडनीय अपराध के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई जाती है। अदालत ने कहा कि घटना के परिणामस्वरूप, न केवल पीड़िता बल्कि उसके पूरे परिवार के सदस्यों को समाज द्वारा अपमान और अपमान का सामना करना पड़ा है और इस घटना ने बच्ची के मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाला है, जिसके लिए उसे वित्तीय सहायता की आवश्यकता है। अदालत ने बच्ची को 10.5 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया।

## कुवैत दूतावास का कर्मचारी सफाईकर्मी के यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के चाणक्यपुरी में स्थित कुवैत दूतावास में कार्यरत एक कर्मचारी को एक सफाईकर्मी के यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी की पहचान अबू बकर (70) के रूप में की गई है। उसे बृहस्पतिवार को प्राथमिकी दर्ज होने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, बृहस्पतिवार को पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) पर फोन कॉल आई और कॉल करने वाले ने कथित घटना की सूचना देते हुए दावा किया कि वह 20 वर्षीय पीड़िता का पति है। अधिकारी ने कहा कि उसने कहा कि पिछले दो वर्ष से दूतावास में कार्यरत अबू बकर ने काम के दौरान उसकी पत्नी का यौन उत्पीड़न किया है। अधिकारी ने कहा कि स्थानीय थाने की एक टीम मौके पर पहुंची और जांच की। अधिकारी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) अधिनियम की धारा 74(महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग) के तहत चाणक्यपुरी थाने में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पीड़िता को इस साल फरवरी में दूतावास में नौकरी मिली थी। उन्होंने बताया कि मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## खबर संक्षेप

### स्कूल बस पलटी, बच्चों को आई मामूली चोट

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में एक निजी स्कूल की बस अनियंत्रित होकर पलट गई। पुलिस के एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि दुर्घटना में विद्यार्थियों को मामूली चोट आई है। अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना रबूपुरा थाना क्षेत्र के फलेंदा गांव के समीप हुई। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस और गांववालों ने बस के शीशे को तोड़कर बच्चों को बाहर निकाला और नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। अधिकारी ने बताया कि सभी घायल बच्चों का अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) अशोक कुमार सिंह ने बताया कि सभी बच्चों के मामूली चोटें आईं हैं और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि फलैदा गांव से बाहर निकलते ही बस का पहिया गीली मिट्टी में धस गया, जिसकी वजह से बस अनियंत्रित होकर पलट गई। उन्होंने बताया कि बस रबूपुरा क्षेत्र में स्थित लक्ष्मी पब्लिक स्कूल की है। अधिकारी ने बताया कि हादसे के दौरान बस में 25 बच्चे सवार थे, जिन्हें मामूली चोट आई है। वहीं गौतमबुद्ध नगर जिले के संभागीय परिवहन विभाग ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर शुरू किए गए अभियान के तहत एक सप्ताह में 76 खस्ता हाल बसों पर कार्रवाई की है।

### नोएडा में सुप्रीम कोर्ट के वकील ने आत्महत्या की

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा की एक सोसायटी में रहने वाले सुप्रीम कोर्ट के एक अधिवक्ता ने कथित तौर पर मानसिक तनाव की वजह से अपने घर में लगे पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना एक्सप्रेसवे थानाक्षेत्र के सेक्टर 168 स्थित लोटस सोसायटी में हुई। एक्सप्रेसवे थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सत्येंद्र पुत्र गंगाधर राय ने बताया कि बीती रात (मंगलवार) अपने फ्लैट में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई। उन्होंने बताया कि अधिवक्ता के फ्लैट में काम करने वाली घरेलू सहायिका ने बताया कि वह दो दिनों से खाना नहीं खा रहे थे और सिर्फ शराब पी रहे थे। पुलिस को शक है राय ने मानसिक तनाव की वजह से यह कदम उठाया होगा।

### आरोपी पर दिल्ली में भी हत्या, हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज था

# तेलंगाना में चार किलो सोना लूटने का वांटेड दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




क्राइम ब्रांच ने पैरोल पर छूटकर तेलंगाना में चार किलो सोना लूट के मामले में शामिल एक बदमाश को अरेस्ट किया है। आरोपी दिल्ली के बिंदापुर इलाके में एक मर्डर केस में भी वांटेड था। गिरफ्त में आये बदमाश का नाम सुमित डागर बताया गया है।

डीसीपी अमित गोयल के अनुसार आरोपी पर 2019 में बिंदापुर थाने में हत्या, हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज हुआ था। इसने अपने साथियों के साथ मिलकर इमरान नामक शख्स की गोली मारकर हत्या की थी। कोरोना काल में वह जेल से पैरोल पर बाहर आया, लेकिन सरेंडर नहीं किया। एक दिसंबर 2022 को आरोपी ने अपने सहयोगियों के साथ हैदराबाद स्थित महादेव ज्वैलर्स के कर्मचारियों पर फायरिंग कर दी थी। इस घटना में एक जौहरी एस. कल्याण चौधरी के सीने में गोली लगी थी और दूसरे आभूषण व्यवसायी सुखदेव को बाएं गाल, बाएं हाथ और बाएं पैर पर गोली लगी थी। इसके बाद आरोपी करीब चार किलो सोना और नगदी भरा बैग लूटकर फरार हो गये थे। इस मामले में आरोपी आज तक पुलिस के हाथ नहीं आया था। हाल ही में एसीपी नरेश कुमार की टीम को इसके बारे में इनपुट मिला कि वह रोहिणी एरिया में छिपा है। टीम ने करीब एक सप्ताह तक आरोपी के बारे में जानकारी जुटायी और फिर रोहिणी सेक्टर 34 स्थित एक फ्लैट पर छापा मारकर आरोपी को पकड़ लिया। शुरु में आरोपी ने दरवाजा नहीं खोला और विरोध करने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस ने लोहे के दरवाजे को तोड़ आरोपी को दबोचने में कामयाबी हासिल की। आरोपी 12वीं तक पढ़ा है। शुरू में एक कॉल सेंटर में नौकरी की। इसके बाद उसने कैटरिंग का भी काम किया। आरोपी के खिलाफ नारायणा और बाबा हरिदास नगर थाने में भी आर्म्स एक्ट के तहत दो केस दर्ज मिले हैं। जेल से पैरोल पर छूटने के बाद वह तेलंगाना चला गया और वहां अपने जानकारों की मदद से वारदात को अंजाम दिया था। इसके बाद वह दिल्ली आकर ठिकाने बदल बदलकर परिवार के साथ रह रहा था। वर्तमान में आरोपी खाने का ठेला लगाकर परिवार का भरण पोषण कर रहा था। इसके आधा दर्जन मामलों में लिप्त होने का पता चला है।

## वजीराबादः प्रॉपर्टी डीलर से अवैध हथियार बरामद

### आरोपी डील में अड़चन डालने वालों को डराने के लिए करता था इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



वजीराबाद पुलिस ने अवैध हथियार रखने वाले एक प्रॉपर्टी डीलर को गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रॉपर्टी की खरीद-बिक्री के दौरान अड़चन डालने वालों को डराने-धमकाने के लिए अपने पास हथियार रखता था। पुलिस ने इसके किराये के ऑफिस से एक देशी पिस्टल, पांच कारतूस व एक चाकू बरामद किया है। 15 जुलाई को एसआई अशोक कुमार को मुखबिरों के माध्यम से सूचना मिली थी कि एक प्रॉपर्टी डीलर अवैध हथियार साथ लेकर चलता है। इस समय वह वजीराबाद स्थित अपने ऑफिस में मौजूद है। अगर समय रहते छापेमारी की जाए तो उसे अवैध हथियार के साथ पकड़ा जा सकता है। इसके बाद पुलिस टीम ने छापेमारी की और जुनैद राजा (33) निवासी गांव वजीराबाद को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह पिछले 12 वर्षों से किराए की दुकान में ऑफिस चला रहा है। उसने लगभग दो साल पहले उसके एक परिचित साजिद से छह हजार रुपये में हथियार खरीदा था। लगभग डेढ़ साल पहले एक सड़क हादसे में साजिद की मृत्यु हो गई थी। चाकू की बरामदगी को लेकर उसने बताया कि लगभग तीन महीने पहले हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों की यात्रा के दौरान चाकू डलहौजी बाजार से 600 रुपये में खरीदा था।

## पिटाई का बदला लेने के लिए की थी हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



जहांगीरपुरी इलाके में हुई भारत नाम के युवक की हत्या में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया हैं। इनके नाम अमन व अभिषेक बताये गये हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया है। इस केस में एक अन्य आरोपी की तलाश है। आरोपियों में अमन का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड पाया गया है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार दोपहर करीब दो बजे जहांगीरपुरी इलाके के ई ब्लॉक में खून से लथपथ एक युवक की लाश मिली थी। मृतक की पहचान भारत यादव के रूप में हुई थी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि तीन लोगों ने युवक पर चाकू से हमला किया था। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु की। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों के बारे में जानकारी जुटायी और दो को अरेस्ट कर लिया। पुलिस अब इनके तीसरे साथी राजन को तलाश रही है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि पिटाई का बदला लेने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया गया था।

## रेस्टोरेंट और फैक्ट्री में आग से लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



इंडिया गेट के नजदीक पंडारा रोड पर गुलाटी रेस्तरां में मंगलवार देर रात आग लग गई। आग से कुछ फर्नीचर और अन्य सामान जलकर खाक हो गया। दमकल विभाग की पांच गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। घटना में किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। उधर नरेला में भी प्लास्टिक दाना बनाने की फैक्ट्री में आग से लाखों का माल स्वाहा हो गया। दमकल विभाग की एक दर्जन से ज्यादा गाड़ियों ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

डीएफएस चीफ अतुल गर्ग ने बताया कि मंगलवार देर रात दो बजकर 48 मिनट पर रेस्तरां के सीटिंग एरिया में आग लगी थी। देखते ही देखते आग पहली मंजिल तक फैल गई। पांच दमकल वाहनों को मौके पर भेजा गया था। एक घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया गया। पुलिस ने बताया कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने का संदेह है। मामले की जांच की जा रही है। वहीं बाहरी दिल्ली के नरेला औद्योगिक इलाके में मंगलवार देर रात प्लास्टिक दाना और थैले बनाने वाली एक फैक्ट्री में आग लग गई। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों के अनुसार रात एक बजकर 42 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद दमकल की 16 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## दिल्ली पुलिस अपने कर्मियों की वर्दी में ला सकती है बदलाव!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की योजना इंस्पेक्टर से कांस्टेबल पद तक अपने कर्मियों की वर्दी बदलने की है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। बल में अभी 90,000 से अधिक कर्मी हैं, जिनमें 'डीएएनआईपीएस' और 'एजीएमयूटी' कैडर के आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) अधिकारी शामिल हैं। नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि बल राष्ट्रीय राजधानी में मौसम की स्थिति के कारण वर्दी बदलने पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभी योजना के चरण में है और अभी तक कुछ भी तय नहीं किया गया है। लेकिन अगर इसमें बदलाव होता है, तो भी खाकी रंग बना रहेगा। दिल्ली पुलिस गर्मियों में अपने कर्मचारियों को टी-शर्ट और 'कार्गो' पैंट मुहैया करने पर विचार कर रही है और सर्दियों में ऊनी शर्ट, पैंट के साथ-साथ विशेष गुणवत्ता वाले 'वार्मर' भी दिए जा सकते हैं। अधिकारी ने बताया कि दिल्ली के कुछ हिस्सों में कांस्टेबल को प्रायोगिक तौर पर खाकी रंग की टी-शर्ट और 'कार्गो' पैंट दिए गए हैं। 'कार्गो' पैंट पर विचार किया जा रहा है क्योंकि कर्मी डायरी, मोबाइल फोन, चार्जर और हथियार जैसे कई सामान ले जा सकते हैं। कई देशों में, कानून और व्यवस्था से जुड़े कर्मी 'कार्गो' पैंट पहनते हैं, जैसा भारत में बल की विशेष इकाइयों के कमांडो या अर्धसैनिक बल के जवान करते हैं। सूत्रों ने कहा कि कार्यालयों में काम करने वाले कर्मियों को भी अलग वर्दी दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि मौसम के अनुसार जूते, जैकेट और टोपी में भी बदलाव हो सकता है। बल ध्वजारोहण और परेड जैसे समारोहों से जुड़ी वर्दी बदलने की भी योजना बना रहा है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **वसीम, पुत्रः** जफ़र, **निवासी:** ए–138/जी–1, दिलशाद कॉलोनी, ए–ब्लॉक, दिलशाद गार्डन, दिल्ली ने **FIR No. 378/2009, U/s 419/420/384/120B IPC, पुलिस स्टेशन गोकुलपुरी, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वसीम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वसीम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 378/2009, U/s 419/420/384/120B IPC, पुलिस स्टेशन गोकुलपुरी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **वसीम** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.08.2024** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री सुखजीत सिंह**
**मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट–3, उत्तर पूर्व जिला, कमरा नंबर–22, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/9031/NE/2024 (Court Matter)**

### वार्ड में घुसकर मरीज की हत्या का मामला

## जीटीबी हॉस्पिटल की रेकी करने वाला तीसरा आरोपी भी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



जीटीबी हॉस्पिटल के वार्ड नंबर 24 में भर्ती रियाजुदीन की हत्या के मामले में पुलिस ने फरार तीसरे आरोपी को भी अरेस्ट कर लिया है। आरोपी का नाम 19 वर्षीय मोइन बताया गया है। वह लक्ष्मी गार्डन, लोनी गाजियाबाद का रहने वाला है।

पुलिस के अनुसार आरोपी मोइन मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक है और उसने जीटीबी अस्पताल की चार बार रेकी की थी। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी के अनुसार आरोपी ने अपने साथियों अयान, अमन और शावेज के साथ मिलकर लगातार चार दिनों तक अस्पताल की रेकी की थी। इसने अपराध में इस्तेमाल मोटरसाइकिल को भी छिपाया था। हत्या की मुख्य योजना के विफल होने की स्थिति में वह बैकअप योजना का हिस्सा था। बता दें कुछ रोज पहले बदमाशों ने जीटीबी हॉस्पिटल में घुसकर पेट का इलाज करा रहे रियाजुदीन पर गोलियां बरसाकर हत्या कर दी थी। बदमाश इसी वार्ड में भर्ती एक अन्य अपराधी वसीम को मारने आए थे, लेकिन गलती से रियाजुदीन को मारकर फरार हो गए थे। वसीम का ट्रांस यमुना क्षेत्र के एक बड़े गैंग से दुश्मनी चल रही थी।

### एम्फेटामाइन की कीमत 50 लाख रुपये आंकी गई

# मादक पदार्थ के साथ नाइजीरियाई धरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के द्वारका इलाके से पुलिस ने मादक पदार्थ एम्फेटामाइन के साथ नाइजीरिया के एक नागरिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि नाइजीरिया के रहने वाले आर्थर इफियानी मदुग्वाना (40) के पास से बरामद मादक पदार्थ की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 50 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित सिंह ने बताया कि हमें सूचना मिली थी कि आर्थर इफियानी मदुग्वाना नामक व्यक्ति मादक पदार्थ (एम्फेटामाइन) के साथ द्वारका क्षेत्र में आएगा, जिसके बाद एक टीम गठित की गई और आरोपी को डाबरी क्षेत्र के पास पकड़ लिया गया। अधिकारी ने बताया कि मदुग्वाना 2015 से दिल्ली में रह रहा है और इससे पहले वह मुंबई में एनडीपीएस (स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम) के मामले में संलिप्त था और वह गिरफ्तार भी हुआ था।

### पालम फ्लाईओवर के पास अफ्रीकी नागरिक से खरीदा था मादक पदार्थ

पुलिस उपायुक्त ने कहा कि आरोपी ने खुलासा किया कि उसने यह मादक पदार्थ पालम फ्लाईओवर के पास एक अफ्रीकी नागरिक से खरीदा था, और वह इसे द्वारका के पास डाबरी इलाके में नाइजीरिया के एक अन्य नागरिक को देने जा रहा था। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) (ii) CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नामः परवेज अहमद, पुत्रः अब्दुल रहुफ, निवासी: 196, घरौंदा नीम का बांगर, पटपड़गंज गांव, नई दिल्ली** और **मकान नंबर 506, ए-ब्लाक, शांति नगर, थाना माचाराम, हैदराबाद** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 98/2024 U/s 323/365/302/506/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना लोदी कालोनी, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **परवेज अहमद** नहीं मिला और जबकि यह मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **परवेज अहमद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **परवेज अहमद** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे **समक्ष**) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.08.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**अंकित गर्ग**
**एल.डी. एमएम-01, साउथ ईस्ट, कमरा नंबर 514, साकेत कोर्ट काम्प्लेक्स, नई दिल्ली**

**DP/8321/SD/2024**

# बिजली की बढ़ी दरों के खिलाफ दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में बिजली की बढ़ी दरों को लेकर केजरीवाल सरकार विपक्षी दलों के निशाने पर है। बुधवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने एक साथ 55 जगहों पर दाम कम करने को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। मंडी हाउस पर यादव ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि केजरीवाल सरकार हाफ बिल का वादा करके डबल बिल वसूल रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल सरकार ने 2015 से 2020-21 तक 5 वर्ष में उपभोक्तओं को 200 यूनिट के अंतर्गत 11 हजार 743 करोड़ रूपए की सब्सिडी देकर छूट दी। लेकिन दूसरी तरफ बिजली बिलों पर पीपीएसी, पेन्शन, फिक्स चार्ज, सरचार्ज, बिजली, रेगुलेटरी चार्ज आदि के रुप में 37 हजार 227 करोड की लूट भी कर ली। यानी केजरीवाल सरकार ने बिजली कंपनियों को हजारों करोड़ रूपए की लुट करने दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय 5 रुपये प्रति यूनिट था, जो हाफ बिल के अनुसार अब 2.50 होना चाहिए था। किंतु केजरीवाल सरकार उपभोक्ताओं से औसतन प्रति यूनिट 10 रुपये वसूल रही है। उन्होंने आरोप लगाए कि सरकार पिछले 10 वर्षों से बिजली उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है और जुलाई, 2022 में 6 प्रतिशत, जून 2023 में 10 प्रतिशत और अब 2024 में बिजली बिल पर पीपीएसी सरचार्ज में 9 प्रतिशत की वृद्धि दिल्ली की जनता की कमर तोड़ रही है। उन्होंने कहा कि जहां 2015 में बिजली बिल पर पीपीएसी शुल्क 1.7 प्रतिशत था, वह 8.7 प्रतिशत के बाद 46 प्रतिशत पीपीएसी हो गया है। दिल्ली सरकार बिजली कम्पनियों द्वारा पीक टाईम के लिए खरीदी गई बिजली की भरपाई के लिए बिजली कम्पनियों को हर वर्ष पीपीएसी की आड़ में 6-10 प्रतिशत तक वृद्धि करके प्रतिवर्ष बिजली दरों में वृद्धि करके बिजली उपभोक्ताओं पर अनाधिकृत बोझ डालने का लगातार काम कर रही है। यादव ने कहा कि कांग्रेस की दिल्ली सरकार ने अपने 15 वर्षों के शासन में मात्र 4 बार बिजली दरों में बढ़ोत्तरी की थी।

## पानी की किल्लत से परेशान लोगों ने किया केजरीवाल सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

नई दिल्ली। दिल्ली में मानसून के दौरान भी लोगों को पीने के पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। जबकि दूसरी तरफ दिल्ली जल बोर्ड के सभी संयंत्र पूरी तरह से कार्य करते हुए तय क्षमता से अधिक जल शोधन कर रहे है। मोती नगर में रहने वाले लोगों ने पीने के पानी की किल्लत से परेशान होकर केजरीवाल सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में करीब सप्ताह भर से पानी आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हो रही है। स्थानीय निवासी सुनील सचदेवा का कहना है कि यहां के लोग एक एक बूंद पानी के लिए तरस गए है। विधायक से लेकर डीजेबी अधिकारियों तक सबसे शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। गृहणियों का आरोप है कि एक तरफ केजरीवाल सरकार कहती है कि पुरी पानी हर घर पहुंच रहा है। लेकिन यहां मोती नगर में कोई सुनने देखने वाला तक नहीं है कि पानी आता भी है या नहीं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पानी की समस्या तो पहले से ही थी, लेकिन अब करीब सप्ताह भर से तो पीने का पानी आ ही नहीं रहा है। बीच में एक दो बार चंद मिनटों के लिए पानी आया, लेकिन वह एकदम काला और बदबूदार था। लोगों ने कहा कि विधायक से शिकायत पर फंड का नही होने का रोना रोया जा रहा है। ऐसे में हम लोग क्या करें यह हमारी समझ में नहीं आ रहा।

## डीजेबी के सभी संयंत्र कर रहे है क्षमता से अधिक जल शोधन

**नई दिल्ली।** लंबे समय बाद एक बार फिर दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के सभी 9 जल शोधन संयंत्र अपनी तय क्षमता से अधिक कच्चे जल का शोधन करने लगे है। इस बारे में डीजेबी के समर एक्शन प्लान के एक आला अधिकारी ने बताया कि गत दिनों भारी बारिश व यमुना में अमोनिया की मात्रा बढ़ने से जल शोधन कार्य पर विपरीत प्रभाव पड़ा था। सबसे ज्यादा दिक्कत चंद्रावल संयंत्र को हुई थी, वह कई दिन बंद रहा था। लेकिन अब हालात सामान्य हो गए है और संयंत्र अपनी पूरी क्षमता से कार्य कर रहे है। अधिकारी ने बताया कि दिल्ली के 9 संयंत्रों की कुल क्षमता 956 एमजीडी है, जो कि अब 1001 एमजीडी तक शोधन कर रहे है। इस प्रकार करीब 45 एमजीडी अधिक जल शोधन हो रहा है। अधिकारी ने बताया कि हैदरपुर संयंत्र की कुल शोधन क्षमता 216 एमजीडी, सोनिया विहार 140 एमजीडी, वजीराबाद 131 एमजीडी, भागीरथी 110 एमजीडी, चंद्रावल 94 एमजीडी, द्वारका 50 एमजीडी, नांगलोई 40 एमजीडी, ओखला 20 एमजीडी और बवाना में 20 एमजीडी जल शोधन करने की क्षमता है।

## खबर संक्षेप

### बिजली की मांग फिर पहुंची सात हजार मेगावाट पार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मौसम के बदलते रुख के चलते एक बार फिर बिजली की खपत का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। लगातार दूसरे दिन बुधवार को राजधानी में बिजली की मांग का आंकड़ा सात हजार मेगावाट पार दर्ज हुआ। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार बुधवार को बिजली की अधिकतम मांग 7181 मेगावाट दर्ज हुई। जबकि मंगलवार को यह आंकड़ा 7472 मेगावाट तक पहुंच गया था, जिसमें आज कुछ कम हुई। मांग बढ़ने के साथ ही बिजली की कटौती भी लोगों को परेशान करने लगी है। जबकि निजी बिजली आपूर्ति कंपनियां बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल का दावा है कि माग बेशक बढ़ रही है, लेकिन कटौती की कोई गुंजाइश नहीं है।

### उमस व गर्मी के बीच हुई हल्की बारिश

नई दिल्ली। दिल्ली में उमस व गर्मी के बीच बुधवार को हलकी बारिश दर्ज हुई, लेकिन इससे लोगों को कोई राहत नहीं मिली। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने गुरुवार के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए बारिश का अनुमान जताया है। आईएमडी के अनुसार सुबह के समय तेज हवाओं ने दिल्ली को कुछ राहत प्रदान की। लेकिन दोपहर आते आते एक बार फिर मौसम ने रंग बदला और भीषण उमस व गर्मी ने लोगों को पसीना पसीना कर दिया। बाद में कई जगह हल्की बूंदाबांदी दर्ज हुई। आईएमडी के अनुसार अधिकतम तापमान सामान्य से दा डिग्री ज्यादा 37.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हआ। वहीं न्यूनतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 3 डिग्री अधिक रहा। आईएमडी के अनुसार आया नगर में 2.9 एमएम बारिश दर्ज की गई। आईएमडी की माने तो गत 24 घंटे में अधिकतम आद्रता का स्तर 84 प्रतिशत रहा। जबकि न्यूनतम आद्रता का स्तर 65 प्रतिशत रहा।

### पीडब्ल्यूडी के कंट्रोल रूम में जलभराव की केवल एक शिकायत दर्ज

नई दिल्ली। लोक निर्माण विभाग के कंट्रोल रूप में बुधवार को केवल एक जलभराव की शिकायत दर्ज हुई। कंट्रोल रूप में से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को केवल एक शिकायत मुंडका इलाके राजधानी पार्क से दर्ज की गई। यहां जलभराव बारिश के पानी से नहीं हुआ बल्कि सीवर ओवरफ्लो के कारण हुआ।

## पिछले साल मेट्रो में प्रति व्यक्ति शराब की दो सीलबंद बोतलें ले जाने की दी थी अनुमति

# मेट्रो में शराब ले जाने वाले यात्री आबकारी नियमों के प्रति रहें सावधान : डीएमआरसी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने कहा है कि दिल्ली मेट्रो में यात्रियों को शराब की दो सीलबंद बोतलें ले जाने की अनुमति दिए जाने के मामले में संबंधित राज्य के आबकारी नियम लागू होंगे। डीएमआरसी ने पिछले साल जून में मेट्रो ट्रेनों में प्रति व्यक्ति शराब की दो सीलबंद बोतलें ले जाने की अनुमति दी थी, जिस पर दिल्ली सरकार ने आपत्ति जताते हुए कहा था कि यह आबकारी नियमों के खिलाफ है। मेट्रो ट्रेन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में चलती हैं, जो दिल्ली के साथ-साथ हरियाणा में फरीदाबाद, गुरुग्राम और उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) जैसे शहरों को भी जोड़ती हैं। डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक विकास कुमार ने पत्रकारों से कहा कि दिल्ली सरकार ने हमें जो भी अधिकृत किया है, उसकी अनुमति है। उस राज्य के आबकारी नियम लागू होते हैं। आबकारी विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आबकारी अधिनियम के अनुसार रम, वोदका और व्हिस्की जैसी शराब की केवल एक सीलबंद बोतल ही एक राज्य से दूसरे राज्य में ले जाई जा सकती है। अधिकारी ने कहा कि मेट्रो ट्रेन दिल्ली और एनसीआर के शहरों जैसे नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद के बीच यात्रियों को ले जाती हैं और किसी भी व्यक्ति को दो सीलबंद बोतलें ले जाने की अनुमति देना अधिनियम का उल्लंघन होगा। डीएमआरसी के मुख्य कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने कहा कि हम एक या दो बोतलों की संख्या के बारे में नहीं बता रहे हैं। चूंकि हम दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में काम कर रहे हैं और राज्य का जो भी आबकारी कानून है, वह लागू होगा। डीएमआरसी ने कहा कि मेट्रो ट्रेन के यात्रियों से अपेक्षा की जाती है कि वे सीमा पार परिवहन के दौरान शराब ले जाने के संबंध में संबंधित राज्य आबकारी विभाग के मौजूदा नियमों और विनियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि अगर कोई यात्री दिल्ली से शराब की दो बोतलें लेकर ट्रेन में चढ़ता है और उत्तर प्रदेश की ओर जा रहा है तो उसे समझ लेना चाहिए कि उस राज्य के आबकारी नियमों के मुताबिक उसके पास दो बोतलें हैं। इसलिए अगर शराब की सिर्फ एक बोतल की अनुमति है तो उसे सिर्फ एक ही बोतल लेकर चलना चाहिए। दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग ने पिछले साल मेट्रो ट्रेन में यात्रियों को शराब की दो सीलबंद बोतलें ले जाने की अनुमति देने के बाद डीएमआरसी को नोटिस भेजा था। इससे पहले, एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन को छोड़कर दिल्ली मेट्रो ट्रेन में शराब ले जाने पर प्रतिबंध था।

## डीएमआरसी यात्रियों के लिए 1,100 अतिरिक्त ई-ऑटो संचालित करेगा

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) लंबी दूरी तक कनेक्टिविटी को और अधिक बढ़ावा देने के लिए अपने मौजूदा इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों के बेड़े में 1,100 से अधिक ई-ऑटो को शामिल करेगा। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा डीएमआरसी को आवंटित 2,299 ई-ऑटो परमिट में से 1,636 सामान्य वर्ग के लिए और 663 महिलाओं के लिए हैं जिनमें से 1,183 ई-ऑटो पंजीकृत किए गए हैं। इन पंजीकृत ई-ऑटो में से 857 सामान्य वर्ग के लिए और 326 महिलाओं के लिए हैं। उन्होंने बताया कि ये ई-ऑटो डीएमआरसी के लगभग 40 स्टेशनों से संचालित होते हैं और इन सभी स्टेशनों पर चार्जिंग प्वॉइंट और पार्किंग की सुविधा है। अधिकारी ने बताया 'अन्य 1,116 ई-ऑटो में से 779 सामान्य वर्ग के लिए और 337 महिलाओं के लिए होंगे जिनके अगस्त के अंत तक पंजीकृत होने की उम्मीद है। ये ई-ऑटो परमिट डीएमआरसी ने छतरपुर, द्वारका, रोहिणी और उत्तर-पश्चिम दिल्ली मेट्रो स्टेशनों पर अधिकृत परिचालकों को आवंटित किए हैं। डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक विकास कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया कि यात्रियों के लिए आखिरी-गंतव्य तक कनेक्टिविटी की सुविधा सुनिश्चित करना दिल्ली मेट्रो का एक प्रमुख मुद्दा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने लोगों की अंतिम-गंतव्य तक कनेक्टिविटी की सुविधा को बढ़ावा देने के लिए हाल में एक बस सेवा शुरू की है जो सराहनीय कदम है। ई-ऑटो सेवा के बारे में कुमार ने कहा कि बसें आकार में बड़ी हैं और ये शायद सभी मेट्रो स्टेशनों के लिए उपयुक्त न हों, जबकि ई-ऑटो आसानी से उपयोग में लाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम हमारी जरूरत के अनुसार ई-ऑटो उपलब्ध कराने और संचालित करने वाली कंपनियों के साथ साझेदारी कर रहे हैं। ये ई-ऑटो आखिरी-गंतव्य तक कनेक्टिविटी की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए हमारे परिपथ पर चलेंगे।

## अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट यात्रियों के लिए डीएमआरसी ने शुरू की दो स्टेशनों पर चेक इन सुविधा

- विदेश जाने वाले यात्रियों को सुविधा के साथ समय की भी होगी बचत

**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट जाने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने दो स्टेशनों पर चेक इन सुविधा प्रदान की है। इसमें एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर नई दिल्ली और शिवाजी स्टेडियम मेट्रो स्टेशनों पर इन यात्रियों के लिए चेक-इन की व्यवस्था दी जाएगी। इस सुविधा से विदेश जाने वाले यात्रियों को सुविधा के साथ ही समय की भी बचत होगी। इससे पहले एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर केवल घरेलू यात्रियों के लिए ही चेक-इन व्यवस्था की सुविधा दी जाती थी। लेकिन अब डीएमआरसी ने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए भी चेक इन सुविधा उपलब्ध करवाई है। डीएमआरसी ने बुधवार बताया कि दोनों मेट्रो स्टेशनों पर चेक-इन काउंटर जून के पहले सप्ताह में चालू की गई थी। एयर इंडिया और विस्तारा एयरलाइंस अपने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को यह सुविधा प्रदान करेगी। डीएमआरसी ने इसी प्रकार अन्य एयरलाइंस से भी अनुरोध करते हुए आमंत्रित किया है कि यह सुविधा अपने यात्रियों को उपलब्ध कराए। डीएमआरसी ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि घरेलू व अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट जाने वाले यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान करना है।

यात्रा...



**नई दिल्ली।** बच्चों को रिक्शा में ले जाता एक मजदूर।

# डीडीए द्वारा झुग्गियों में तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू करने पर आप ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- डीडीए ने चांदनी चौक में कई झुग्गियों को तोड़ दिया लेकिन स्थानीय भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल लापता

दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा दिल्ली की झुग्गियों में तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू करने पर बुधवार को आम आदमी पार्टी ने कड़ी आपत्ति जताई। आप के वरिष्ठ नेता एवं विधायक दुर्गेश पाठक ने कहा कि दिल्ली में 2014 से सातों सांसद भाजपा के हैं। इन 11 सालों में इन्होंने कोई काम नहीं किया है और अब ये लोग दिल्ली को तोड़कर बर्बाद करने में लगे हुए हैं। भाजपा की केंद्र सरकार की एजेंसी रेलवे ने पटेल नगर व बरार स्क्वायर की हजारों झुग्गियां तोड़ने का नोटिस लगाया है, लेकिन वहां की भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज प्रभावित लोगों के फोन तक नहीं उठा रही हैं। कुछ दिन पहले, डीडीए ने चांदनी चौक इलाके में कई झुग्गियों को तोड़ दिया, लेकिन स्थानीय सांसद प्रवीण खंडेलवाल का कोइ अतापता नहीं है। इन दोनों कार्रवाइयों में भाजपा सांसदों की चुप्पी यह बता रही है कि इस तोड़तोड़ की कार्रवाई में इनका पूरा समर्थन है। उन्होंने कहा, एक तरफ भाजपा व उसके सांसद दिल्ली की झुग्गियां तुड़वा कर लोगों को बेघर करना चाहते हैं तो दूसरी तरफ आप लोगों को कानूनी मदद दे रही है।

प्रैसवार्ता में दुर्गेश पाठक ने कहा कि पिछले एक हफ्ते में दिल्ली के अंदर दो बड़ी घटनाएं घटीं। इसमें पहली घटना केंद्र की भाजपा सरकार और उनके सांसदों द्वारा की गई। केंद्र सरकार के तहत आने वाले डीडीए ने चांदनी चौक में बड़े स्तर तोड़फोड़ की है। लोग 70-80 वर्षों से उस इलाके में रह रहे थे। ऐसा लगता है कि भाजपा के सांसदों के निर्देश पर ये किया गया। क्योंकि पिछले 5 दिनों से चांदनी चौक के सांसद प्रवीण खंडेलवाल एक बार भी वहां नहीं गए। लोगों ने उन्हें बार-बार फोन करने की कोशिश की, लेकिन उनका स्टाफ कह रहा है कि वो बाहर गए हैं। दुर्गेश पाठक ने दूसरी बड़ी घटना का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के अधीन भारतीय रेलवे ने पटेल नगर और बरार स्क्वायर के अंदर कई किलोमीटर तक हजारों झुग्गियों को तोड़ने का नोटिस लगाया है। नोटिस में लिखा है कि 22 जुलाई से इन झुग्गियों को तोड़ने का काम शुरू हो जाएगा।

## दुर्गेश पाठक बताएं आप के चार राज्यसभा सांसदों ने दिल्ली में कौन सा किया काम : भाजपा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के विधायक दुर्गेश पाठक द्वारा भाजपा सांसदों पर आरोप लगाने के मामले में दिल्ली प्रदेश भाजपा ने उनसे चार प्रश्न पूछते हुए कहा कि वह बताएं कि आप के दिल्ली में 4 राज्यसभा सांसदों ने दिल्ली में कौन सा काम किया है वह बता दें। प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि दुर्गेश पाठक एक असफल विधायक और प्रवक्ता हैं, जिनका एकमात्र उद्देश्य प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दिल्ली की जनता को राजनीतिक रूप से गुमराह करना रहता है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सांसदों से सवाल पूछने से पहले दुर्गेश पाठक को दिल्ली में रहने वाले गरीब बेघर लोगों और झुग्गीवासियों से संबंधित 4 सवालों का जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाठक को बताना चाहिए कि आप द्वारा पिछले 7 वर्षों में राज्यसभा में नामांकित 4 सांसदों का दिल्ली के किसी भी विकास गतिविधि में क्या योगदान है। वहीं पाठक को बताना चाहिए कि क्या यह गलत है कि केजरीवाल सरकार के संबंधित विभाग डूसिब ने शहर के झुग्गीवासियों की समग्र सूची तैयार न करके और उनके उचित पुनर्वास के लिए कुछ भी न करके दिल्लीवासियों को पूरी तरह विफल क्यों कर दिया है। वहीं पाठक को यह भी बताएं कि केजरीवाल सरकार ने पीएम आवास योजना को दिल्ली में लागू क्यों नहीं किया, जिससे दिल्ली के बेघर लोगों को अपना घर पाने के अवसर से वंचित किया गया है। वहीं उन्होंने पूछा कि दुर्गेश पाठक को खैबर पास या ब्रार स्क्वायर के गरीब निवासियों को गुमराह करने से पहले बताना चाहिए कि केजरीवाल सरकार ने 2014-15 से नरेला और आसपास के क्षेत्रों में बने खड़े दिल्ली सरकार के 40000 राजीव आवास फ्लैटों में से किसी भी बेघर को एक भी फ्लैट क्यों नहीं आवंटित किया।

## शोभायात्रा में भाजपा नेता हुए सम्मलित

# पंढरपूर यात्रा ने स्वतंत्रता आंदोलन को मजबूत करने में दिया था बड़ा योगदान : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली मराठी प्रतिष्ठान ने नई दिल्ली में मराठी परम्पराओं के अनुरूप महाराष्ट्र की लोकप्रिय पंढरपूर वारी भगवान विट्ठल की शोभायात्रा का सांकेतिक आयोजन किया। इस शोभायात्रा में दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष समेत भाजपा के अन्य नेता शामिल हुए। इस अवसर शोभायात्रा में सम्मलित भक्तों को सम्बोधित करते हुए दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने महाराष्ट्र में आज आषाठी एकादशी से प्रारम्भ पंठरपूर वारकारी यात्रा पर शुभकामना देते हुए कहा कि वारकारी यात्रा हमारी समृद्ध परम्पराओं की प्रतीक है और हमें समानता एवं सद्भाव का संदेश देती है। इस ऐतिहासिक यात्रा का केवल धार्मिक संदेश नहीं है बल्कि राष्ट्रीय एवं सामाजिक संदेश भी है, इसी पंढरपूर यात्रा ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन को भी मजबूत करने में बड़ा योगदान दिया था। वहीं विनय सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि पंढरपूर यात्रा आज देश ही नही विदेशों में भी निकाली जाती है और इसका धार्मिक, सांस्कृतिक महत्व आज भी उतना है जितना एक सदी पहले था। वारकारी आंदोलन एक वृहद परम्परा है जो अखंडता की प्रेरक है। सांकेतिक शोभायात्रा कनॉट प्लेस के प्राचीन हनुमान मंदिर से प्रारम्भ हुई और आरके पुरम सेक्टर 6 स्थित भगवान विट्ठल को समर्पित मंदिर में पूजन के साथ सम्पूर्ण हुई। शोभायात्रा में भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय सहस्त्रबुद्धे, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, सांसद मनोज तिवारी एवं बांसुरी स्वराज, प्रदेश उपाध्यक्ष योगिता सिंह और महामंत्री विष्णु मित्तल आदि सम्मलित हुए और भगवान विट्ठल का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# अदालती सुनवाई में स्पष्ट हो गया केजरीवाल शराब घोटाले के हैं मास्टरमाइंड : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि केजरीवाल और पाकिस्तान की राजनीतिक व्यवस्था के बीच हैं मजबूत संबंध

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय में सीबीआई के वकील की प्रस्तुतियों के बाद अब यह स्पष्ट हो गया है कि एक तरफ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब नीति घोटाले के मुख्य मास्टरमाइंड हैं और दूसरी तरफ केजरीवाल और पाकिस्तान की राजनीतिक व्यवस्था के बीच एक मजबूत संबंध है। सचदेवा ने कहा कि सीबीआई के वकील ने बुधवार को अदालत में विश्वासपूर्वक प्रस्तुत किया कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली सरकार के शराब घोटाले के मास्टरमाइंड हैं और केजरीवाल के निर्देश पर ही थोक शराब विक्रेताओं का कमीशन 2 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत किया गया जिससे आम आदमी पार्टी को बड़े पैमाने पर किकबैक मिलने की सूचना है।

दूसरे, गोवा चुनावों के लिए आप को 45 करोड़ रुपये के किकबैक का ट्रेल भी बहुत स्पष्ट है। तीसरे, यह स्पष्ट है कि शराब घोटाले के मुख्य आरोपी विजय नायर को स्वयं केजरीवाल के निर्देश पर मुख्यमंत्री आवास के निकट सरकारी बंगले में रहने की अनुमति दी गई थी। सचदेवा ने कहा कि जिस तरह केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने केजरीवाल की जमानत के लिए दलील देते समय पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के मामले का हवाला दिया, इससे स्पष्ट हो जाता है कि केजरीवाल की राजनीति और पाकिस्तान की राजनीतिक व्यवस्था के बीच घनिष्ठ संबंध है। यह उल्लेखनीय है कि हाल ही में लोकसभा चुनाव के दौरान पाकिस्तान के एक पूर्व मंत्री ने केजरीवाल की सराहना की और दिल्ली के मतदाताओं से केजरीवाल के लिए अपील की।सचदेवा ने कहा कि आज अदालत कक्ष में केजरीवाल के वकील ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के पाकिस्तान की अदालत में मामले का उदाहरण दिया और केजरीवाल के मामले की तुलना इमरान खान के मामले से की।

## कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक

# उपायुक्त विक्रम सिंह ने कांवड़ियों के सुगम व सुरक्षित आवागमन के लिए दिए दिशा-निर्देश, सड़कों की मरम्मत करें और पर्याप्त रोशनी रखें

जिला उपायुक्त विक्रम सिंह ने लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर-2 दिल्ली मथुरा रोड और बाईपास रोड पर उचित व्यवस्था करें।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर-2 दिल्ली मथुरा रोड और बाईपास रोड पर उचित व्यवस्था करें। जिला उपायुक्त विक्रम सिंह ने आज लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों की सुविधा के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में एडीसी डॉ. आनंद शर्मा, सीईओ जिला परिषद् सतबीर मान, डीसीपी ट्रैफिक उषा, एसडीएम फरीदाबाद शिखा अंतिल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बड़खल अमित मान, एमसीएफ ज्वाइंट कमिश्नर बल्लभगढ़ करण भदौरिया, सीटीएम अंकित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे।

उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि जिला में 22 जुलाई से 2 अगस्त तक होने वाली कांवड़ यात्रा के सकुशल संपन्न होने के लिए कांवड़ शिविर में पर्याप्त रोशनी का प्रबंध करें, साफ-सफाई रखें, शिविरों को सेनेटाइज्ड करें। शिविरों में सीसीटीवी का भी प्रबंध हो। रोड पर खंभों पर रिफ्लेक्टर लगाए जाएं। कांवड़ियों के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए चिन्हित स्थानों पर एम्बुलेंस कि भी व्यवस्था हो।

**खास बातें**

- कांवड़ यात्रा 22 जुलाई से 2 अगस्त तक होगी
- कांवड़ शिविरों में पर्याप्त रोशनी, साफ-सफाई रखें
- सड़क पर खंभों पर रिफलेक्टर लगाएं
- चिन्हित स्थानों पर एम्बुलेंस की व्यवस्था करें




### सड़कों पर जलभराव रोकने के प्रबंध करें

विक्रम सिंह ने कहा कि चिन्हित जगहों पर जहां सड़क में जलभराव होते हो वहां जलभराव को रोकने के उचित प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कहा कि आगरा नहर और बाईपास रोड से कांवड़ियों का आवागमन ज्यादा होता है, इसलिए संबंधित विभागों के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में उस सड़क की मरम्मत कराना सुनिश्चित करें, जिससे कांवड़ियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। कांवड़ियों के निकलने वाले रास्ते पर कोई डंपिंग यार्ड हो तो उसकी साफ-सफाई कराई जाए।

### बिजली के तारों को व्यवस्थित करें

उपायुक्त सिंह ने कहा कि कांवड़ यात्रा के रास्ते में जहां भी बिजली की तारे नीचे लटक रहे हों उनकी ठीक व्यवस्था करें। जिन रास्तों पर बिजली की तारें ज्यादा नीचे हो उन मार्गों को बंद किया जाए। कांवड़ियों के निर्धारित रास्ते में मांस की कोई दुकान हो तो उसको तुरंत बंद करवाई जाए।


### जहां ट्रैफिक ज्यादा तेज हो वहां बैरिकेड लगाएं

उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि कांवड़ियों के कारण ट्रैफिक व्यवस्था पर असर पड़ता है। इस दौरान ट्रैफिक को सामान्य बनाए रखने के लिए भी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त ने संबंधित थाना प्रबंधकों को भी निर्देश दिए कि जहां ट्रैफिक ज्यादा तेज हो वहां बैरिकेड लगाए जाएं। निर्धारित मार्गों पर कांवड़ियों के अलावा आमजन के वाहनों के आवागमन को न जाने दे।

**खबर संक्षेप**

### क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट पुलिस ने बैंककर्मी बनकर क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक मोबाइल फोन बरामद किया है। एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि जालसाज ने बैंक कर्मचारी बनकर क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर उससे करीब 1 लाख 23 हजार रुपए की ठगी कर ली।




### नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला काबू

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम ईस्ट पुलिस ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक साइबर ठग को काबू किया है। आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन व एक लैपटॉप बरामद कर केस दर्ज कर लिया है। शिकायत पर एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान के निर्देशन में साइबर क्राइम ईस्ट थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर सवित कुमार की पुलिस टीम ने आरोपी को सेक्टर-43 से काबू कर लिया।




### गाजियाबाद को रैबीज मुक्त किया जाएगा

**गाजियाबाद।** वरिष्ठ ईएनटी सर्जन डॉ. बीपी त्यागी ने घोषणा की है कि वह गाजियाबाद महानगर को रेबीज़ फ्री करने के लिए विशेष अभियान चलाएंगे। यह अभियान शहर के सभी 100 वार्डों में अवकेनिंग इंडिया फाउंडेशन और महाराणा प्रताप सी वीर शिरोमणि के संयुक्त तत्वावधान में चलेगा। डॉ. त्यागी ने कहा कि गाजियाबाद में कुत्ते लोगों पर हमला कर लहूलुहान कर रहे हैं। लोगों का सड़कों पर चलना और सार्वजनिक स्थानों पर बिना किसी डर के कुछ भी काम करना संभव नहीं रह गया है। बच्चे और महिलाएं भी हर वक्त डरे और सहमे रहते हैं।



### प्रतिभाओं का सम्मान करेगा समाज कल्याण

**गाजियाबाद।** समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देश की 51 प्रतिभाओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र बच्चन ने कहा कि हमारे देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें आगे लाने और प्रोत्साहित करने की। 11 अगस्त को पीआईआईटी कालेज ग्रेटर नोएडा में 'राष्ट्र गौरव सम्मान' समारोह के दौरान प्रतिभाओं को 'राष्ट्र गौरव', 'पत्रकार गौरव', 'साहित्य रत्न', 'समाज रत्न', 'शिक्षा रत्न' एवं 'राष्ट्रीय प्रतिभा' सम्मान से नवाजा जाएगा।



## विधायक राजेश नागर से भाजपा किसान मोर्चा कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा

# भाजपा को हरियाणा में तीसरी बार सत्ता में लाने के लिए एकजुट होकर करें काम

भाजपा विधायक राजेश नागर ने हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं से कमर कस कर काम करने को का है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की है कि केंद्र में तीसरी बार पीएम मोदी के नेतृत्व में बनी सरकार की तरह ही हरियाणा में भी तीसरी बार लगातार भाजपा की सरकार बनाकर इतिहास रचें।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा में इसी साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके लिए भाजपा ने अभी से रणनीति बनानी शुरू कर दी है। इसी रणनीति के तहत भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख मोर्चा के रूप में भाजपा किसान मोर्चा ने जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन का आयोजन भाजपा विधायक राजेश नागर के तिगांव कार्यालय पर आयोजित किया गया। राजेश नागर ने जिला किसान मोर्चा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे सब विधानसभा चुनाव में पूरी तैयारी के साथ जुट जाएं। अपनी कमर को कस कर रखें। आगामी महीनों में बगैर विश्राम के निरंतर काम करते रहें। एक पल भी न रुकें और हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा को तीसरी बार सत्ता में लाने के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि भाजपा के सभी पांच मोर्चों में किसान मोर्चा को प्रमुख स्थान दिया गया है। भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं का सीधा संपर्क किसानों और ग्रामीण जनता से है।

**खास बातें**

- भाजपा में किसान मोर्चा का अहम स्थान
- किसान मोर्चा का सीधा संपर्क किसानों के साथ
- भाजपा की जीत में किसान मोर्चा की प्रमुख भूमिका
- केंद्र व राज्य की नीतियों का प्रचार-प्रसार करें
- कार्यकर्ता निरंतर काम में जुटें



### पीएम-किसान योजना से छोटे किसानों को लाभ मिला

विधायक नागर ने कहा कि पीएम मोदी द्वारा पीएम-किसान योजना के तहत किसानों के खाते में सालाना 6 हजार रुपए की एक निश्चित रकम तीन किस्तों में दी जाती है जिससे छोटे किसानों को बहुत अधिक लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा का सीधे-सीधे जनता से संबंध है जो पार्टी की नीतियों को उन तक पहुंचाने में मदद करता है। यही कारण है कि भाजपा के प्रमुख पांच मोर्चों के अंदर इसको भी स्थान प्राप्त है।

**भाजपा में किसान प्राथमिकता में**

विधायक नागर ने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है। किसान हम सबके लिए अन्न उगाकर हमें भोजन उपलब्ध करवाता है। भाजपा नेतृत्व किसानों को बहुत ऊंचा स्थान देता है। भाजपा में किसान और खेती सदैव प्राथमिकता में रहती है।

### किसानों ने पीएम मोदी को समर्थन दिया

नागर ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्ष ने कितना भी झूठ फैलाया, लेकिन किसान ने भाजपा को अपना समर्थन जारी रखा और नरेंद्र मोदी को देश का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया है। किसानों के बीच फैलाए जा रहे झूठ का पर्दाफाश करें।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राज वोहरा, किसान मोर्चा अध्यक्ष जैजू ठाकुर, तिगांव सरपंच विक्रम प्रताप नागर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुखबीर मलेरना, महासचिव सुरेन्द्र जांगड़ा, प्रभारी ललित नागर, सचिव कृष्णपाल अधाना, तिगांव मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र वर्मा, दयानंद नागर, राजेंद्र नागर, विजय नागर, हरीचंद नागर, वीरू अधाना, विनोद अधाना, सतपाल नागर, नितिन नागर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## टूटी पुलिया न बनाने पर प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** नगर निगम द्वारा टूटी पुलिया न बनाए जाने के विरोध स्वरूप आप नेताओं के साथ समाजसेवियों ने नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन कर पुलिया बनाने की मांग की। आप के प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा ने बताया कि पिछले एक माह से डबुआ मंडी से हार्डवेयर को जोड़ने वाली सड़क पर जाट धर्मशाला व पंचकुईयां रोड़ पर स्थित पुलिया बीच से टूट गई थी। नगर निगम ने पुलिया को बंद कर कूड़े व मलबे का ढेर लगाकर सड़क को बंद कर दिया।



### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मो. इरफान पुत्रः** शमसुद्दीन **पताः** मकान नं. टी–466 गली नंबर 18 पानी के टंकी के पास गौतम पुरी दिल्ली, ने **FIR No. 421/2016, U/s 392/411/34 IPC थानाः जाफराबाद दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. इरफान,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. इरफान,** फरार हो गया ह (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 421/2016, U/s 392/411/34 IPC थानाः जाफराबाद दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **मो. इरफान,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.08.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री आयुषी सक्सेना**
**एलडी एम.एम कमरा नंबर 07**
**कड़कड़डूमा कोर्ट दिल्ली**

**DP/9213/NE/2024**
**(Court Matter)**

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रितेश उर्फ लम्बी, पुत्रः** सुंदर लाल, **निवासीः** मकान नं. ए–1/137, द्वितीय तल, पांडव नगर, दिल्ली **यहाँ भीः,** मकान नं. 1934, पहाड़ वाली बस्ती, सदर बाज़ार, दिल्ली ने **E-FIR No. 00276/21, U/s 379/411 IPC, पुलिस स्टेशन गुलाबी बाग, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रितेश उर्फ लम्बी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रितेश उर्फ लम्बी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **E-FIR No. 00276/21, U/s 379/411 IPC, पुलिस स्टेशन गुलाबी बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रितेश उर्फ लम्बी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.10.2024** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अनुज कुमार सिंह**
**अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट–02,**
**कमरा नं. 208ए. द्वितीय तल,**
**तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/9143/N/2024**
**(Court Matter)**

## वैश्य महासम्मेलन मनाएगा तीज कार्यक्रम

# तीज मेले में होंगी कई प्रतियोगिताएं हरियाणवी गायक देंगे प्रस्तुतिः उमेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन जिला गुरुग्राम की महिला शाखा के तत्वावधान में 7 अगस्त को सेक्टर 5 के हुडा मैदान में तीज का कार्यक्रम धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी गुरुग्राम के पूर्व विधायक एवं अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री उमेश अग्रवाल ने अपने शीतला माता रोड कार्यालय पर एक बैठक के दौरान कही। अग्रवाल ने कहा कि यह तीज मेला हर वर्ष की भांति धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा।

### ये रहे उपस्थित

उमेश अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में अनुराधा शर्मा, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन जिला शाखा के महासचिव देवेंद्र गुप्ता, युवा शाखा अध्यक्ष विवेक गुप्ता, श्याम लाल, अंजलि राही, सुनील गहलोत, नरेश अग्रवाल, प्रताप कदम, प्रवीण शर्मा, सत्य नारायण शर्मा एडवोकेट बूढपुर वाले, संजय भसीन, अविनास भसीन, दया गुप्ता, निशि सिंहल, पीयूष सिंहल, सुभाष सुखराली, महेंद्र शर्मा, जगदीश जांगड़ा आदि सहित डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों ने भाग लिया।

### कई प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

उमेश अग्रवाल ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी तीज मेले में महिलाओं की अपेक्षा के अनुरूप मेहंदी, रंगोली, श्रृंगार, म्यूजिकल चेयर एवं बच्चों के लिए फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता, ड्राइंग एवं दौड़ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन समय-समय पर विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं मनोरंजन के कार्यक्रमों के माध्यम से गुरुग्राम शहर के लोगों को लाभान्वित करती रही है। गत वर्ष महासम्मेलन के तत्वावधान में आयोजित अन्नकुट महोत्सव आयोजित किया गया था जिसमें लगभग 50 हजार लोगों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में शहर के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से संपन्न कराया और कार्यक्रम में शामिल देश के नामचीन संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | शामसी पुर (कच्ची फिरनी) 5.21838.14 गांव शामसीपुर ब्लॉक थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र में भजन सिंह के मकान से शमशान घाट तक फिरनी का निर्माण + 5 कार्य। | 15.07.2024 30.07.2024 | 58.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज सोनीपत | गांव संदल कलां निवादा, ब्लॉक सोनीपत में बाल्मिकी चौपाल का निर्माण + 12 कार्य। | बंद होने की तिथि 22.07.2024 | 78.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज झज्जर | 67.16 – गांव डाबोदा खुर्द, ब्लॉक बहादुरगढ़ में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 2 कार्य। | 15.07.2024 22.07.2024 | 164.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज सोनीपत | गांव नकलोई, ब्लॉक खरखौदा में पीसीवी का निर्माण। | बंद होने की तिथि 25.07.2024 | 12.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज सोनीपत | गांव गढवाल में बिरस्थॉ पाना चौपाल का निर्माण (वीएजीवाई) + 21 कार्य। | बंद होने की तिथि 29.07.2024 | 250.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 6 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में सीएम घोषणा सं. 27377 दि. 12.04.2023 के तहत आरडी 0 से 0.65 कि.मी., आरडी 0.684 से 2.30 कि.मी., आरडी 2.355 से 2.60 कि.मी. तक एच.एल. ब्रिज से बाघपुर कलां (आईडी 3613) पर 30 मिमी बीसी के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 22.07.2024 | 40.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 7 | हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान एचआईपीए प्लॉट नं. 76, सेक्टर-18, गुरुग्राम | स्टेशनरी और अन्य मदें। | 11.07.2024 02.08.2024 | 40000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9999330686 rekhad@hipa.in |
| 8 | लोनिवि भ व प अम्बाला कैंट | कुरुक्षेत्र जिले में गांव ठोल में प्रस्तावित एक स्टेडियम का निर्माण (आंतरिक और सम्पदा ईआई का प्रावधान केवल) और 01 अन्य। | 17.07.2024 23.07.2024 | 16.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 9 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा, चण्डीगढ़ | दस वर्ष हेतु एएमसी सहित नवीनतम बीएस-VI एमिशन नॉर्म्स पूरा करने वाली 18 अदद पूर्णतया निर्मित डीजल इंजन सुपर लग्जरी एसी बसों की खरीद। | 11.07.2024 05.08.2024 | 29 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज सोनीपत | गांव पिपली खेड़ा, ब्लॉक मुरथल, जीपी में सुलेमान के मकान से रणधीर के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण। | बंद होने की तिथि 22.07.2024 | 16.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818043960 vpnaman2011@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज रोहतक | अजायब – एचजीवीवाई स्कीम 2024-25 के तहत गांव अजायब में स्टेडियम में चारदिवारी और गेट तथा शैड का निर्माण + 17 कार्य। | 15.07.2024 30.07.2024 | 427.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 12 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा, चण्डीगढ़ | कम्प्यूटराइज्ड ऑडियो-विजुअल पैसेंजर इंफॉरमेशन (पीआईएस) के विकास, स्थापना और रखरखाव हेतु एजेंसी/फर्म को किराये पर लेना। | 18.07.2024 12.08.2024 | 90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 13 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा, पंचकूला | नॉन बायोवेस्ट मैनेजमेंट (सामान्य कचरा)। | 19.07.2024 03.08.2024 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |
| 14 | बागवानी विभाग हरियाणा पलवल | वर्ष 2024-25 हेतु आईएचडीसी, होडल (पलवल) में विभिन्न संरक्षित संरचनाओं (एनवीपीएच, आईएनएच, वॉकिंग टनल्स) हेतु एल्यूमीनेट थर्मल नेट की आपूर्ति व स्थापना। | 18.07.2024 05.08.2024 | 16251/- | https://etenders.hry.nic.in | 8816915260 ihdchodal@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज भिवानी | 4732 – गांव लालावास, ब्लॉक कैरू में शिव धाम को पूरा करना + 18 कार्य। | 12.07.2024 19.07.2024 | 166.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2025/300/27920/I/88/7 दि. 17.07.24

# 22 जुलाई से शुरू होगा सावन

# पांचों सोमवार को अलग-अलग रूप में श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे बाबा विश्वनाथ, भक्तों की सुरक्षा के लिए किए जाएंगे विशेष प्रबंध

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

22 जुलाई से सावन का पावन महीना शुरू हो रहा है। सावन माह के सभी सोमवार को वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम में बाबा अलग-अलग रूपों में दर्शन देंगे। इस बार सावन में पांच सोमवार पड़ रहे है। हर सोमवार को बाबा के अलग-अलग स्वरूपों का श्रृंगार किया जाएगा। पहले सोमवार को बाबा की चल प्रतिमा का श्रृंगार दर्शन होगा जबकि समापन पर अपने परिवार माता पार्वती, कार्तिकेय और गणेश जी के साथ दर्शन देंगे। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र ने बताया कि महादेव का अति प्रिय सावन 22 जुलाई से प्रारंभ होकर 19 अगस्त तक चलेगा। इस बार सावन सोमवार से शुरू होकर सोमवार को ही समाप्त हो रहा है। बाबा के भक्तगण उनके दर्शन आसानी से कर सकें इसके लिए व्यापक तैयारियों की गईं हैं। साथ ही सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं।

### सोमवार और श्रृंगार का रूप

- 22 जुलाई- पहला सोमवार: बाबा की चल प्रतिमा का श्रृंगार
- 29 जुलाई- दूसरा सोमवार: गौरी शंकर श्रृंगार
- 05 अगस्त- तीसरा सोमवार: अर्द्धनारीश्वर श्रृंगार
- 12 अगस्त- चौथा सोमवार: रुद्राक्ष श्रृंगार
- 19 अगस्त- पांचवां सोमवार: शिव परिवार और श्रावण पूर्णिमा वार्षिक झूला श्रृंगार


### महादेव ने लिया लोक प्रतिपालक का प्रभार

हिंदू मान्यता अनुसार आषाढ़ शुक्ल एकादशी, 17 जुलाई को योग निद्रा में गए 'विश्वाकारं' श्रीविष्णु से देवाधिदेव महादेव लोक प्रतिपालक, सृष्टि संचालक का अतिरिक्त कार्यभार लिया। 'संहारक' की जिम्मेदारी तो उनके पास रहेगी



ही। वह कार्तिक शुक्ल एकादशी (देवोत्थान) को उसी सहजता और विनम्रता के साथ श्रीविष्णु को उनका पदभार लौटा भी देंगे। चातुर्मास से जुड़ा यह पौराणिक प्रसंग पूरी दुनिया में अनूठा है। इस अवधि में ऋतुकाल के अनुसार आहार-विहार संयम और जीवन को अनुशासित, निरोगी बनाने के विधान ही नहीं हैं बल्कि उसमें एक दर्शन भी निहित है। भारतीय दर्शन के अलावा कहीं भी दो सर्वशक्तिमानों के बीच दायित्वों की सहज अदला-बदली का ऐसा उदाहरण नहीं मिलता। लोकाचार, व्यवस्था नियमन का यह अनुपम दृष्टांत आज के दौर में अधिक प्रासंगिक है।

### कावड़ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं के लिए विशेष ट्रेन



मेरठ। 22 जुलाई से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर रेलवे प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। 29 जुलाई से दिल्ली से ऋषिकेश के बीच कांवड़ स्पेशल ट्रेन शुरू होगी, जो 4 अगस्त तक प्रतिदिन चलेगी। मुरादाबाद मंडल के प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि ट्रेन नंबर 04429 दिल्ली से सुबह 6:00 बजे चलकर शामली रेलवे स्टेशन पर रात 8:30 बजे पहुंचेगी। शामली से रात्रि 9:00 बजे हरिद्वार होकर ऋषिकेश पहुंचेगी। ऋषिकेश से रात्रि 8:35 बजे यह ट्रेन हरिद्वार के लिए रवाना होगी। हरिद्वार से चलकर यह स्पेशल ट्रेन शामली रात्रि 2:25 बजे, जबकि शामली से यह ट्रेन दिल्ली तड़के 4:15 बजे पहुंचेगी।

### 22 जुलाई से बदलेगा दिल्ली की बसों का रूट

कांवड़ यात्रा के चलते 22 जुलाई से देहरादून से दिल्ली जाने वाले वाहनों के रूट बदल जाएंगे। रोडवेज की बसों के रूट बदलने से किराया बढ़ने के साथ ही दिल्ली की दूरी भी बढ़ जाएगी। देहरादून से रोडवेज बसें रुड़की-मुजफ्फरनगर-मेरठ होकर दिल्ली रूट पर चलती हैं। जबकि कांवड़ यात्रा के दौरान बसें करनाल-सोनीपत होते हुए दिल्ली, गुरुग्राम, जयपुर रूट पर भेजी जाएंगी। अभी देहरादून-दिल्ली की दूरी 258 किमी है, जबकि डायवर्ट रूट से यह दूरी बढ़कर 317 किमी हो जाएगी। दूरी में आए 59 किमी के अंतर से रोडवेज की बसों का किराया 90 से 110 रुपये तक बढ़ जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सारण में दो लड़कियों के साथ पिता की हत्या



**सारण।** बिहार के सारण जिले के रसूलपुर थाना क्षेत्र के धनाडीह गांव में तीन लोगों की हत्या कर दी गई। घायल शोभा देवी ने बताया कि रात में करीब दो बजे दो युवक चेहरे को छिपाए पीछे के दरवाजे से घर में घुसे। इसके बाद छत पर सो रहे मेरे पति तारकेश्वर सिंह और मेरी दो पुत्रियों (15 वर्षीय चांदनी कुमारी और 13 वर्षीय आभा कुमारी) को सोती अवस्था में ताबड़तोड़ चाकुओं से वार कर मार डाला।

### बिहार डाक सर्किल में 2558 पदों पर होगी बहाली

भारतीय डाक
India Post

**पटना।** डाक विभाग की ओर से बिहार डाक सर्किल में ग्रामीण डाक सेवकों के 2558 पदों के लिए रिक्तियां निकाली गई हैं। ये रिक्तियां जीडीएस की तीन वर्गों के लिए निकाली गई है। इनमें ब्रांच पोस्टमास्टर, असिस्टेंट ब्रांच पोस्टमास्टर और डाक सेवक का पद शामिल है। दसवीं पास उम्मीदवार इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया 15 जुलाई से शुरू हो चुकी है। 5 अगस्त तक आवदेन लिए जाएंगे।

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने उपचुनाव पर मंत्रियों से की मंत्रणा कहा

# हफ्ते में दो दिन क्षेत्र में रात बिताएं प्रभारी मंत्री, बूथ पर अधिक ध्यान देना जरूरी

यूपी में दस सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सीएम योगी ने मंत्रिमंडल के साथ बैठक की। सीएम योगी ने चुनाव रणनीति पर चर्चा की। इसके साथ ही कई निर्देश दिए।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उपचुनाव वाली दस में से दस सीटों को जीत कर भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए संदेश भी देना चाहती है। इसके लिए बड़ी तैयारी शुरू कर दी गई है। सभी दस सीटों पर योगी सरकार के 30 मंत्रियों की ड्यूटी लगा दी गई है। इनमें 14 कैबिनेट और 16 राज्यमंत्री हैं। अखिलेश यादव के इस्तीफे से खाली हुई मैनपुरी की करहल और अवधेश प्रसाद के इस्तीफे से खाली हुई अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर चार-चार मंत्रियों को मैदान में उतारा गया है। उपचुनाव को विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जा रहा है। कुछ सीटों पर चार मंत्रियों को भी जिम्मेदारी मिली है। इन तीस मंत्रियों के साथ बुधवार को सीएम योगी ने अपने आवास पर मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ बैठक की जिसमें आगामी विधानसभा उपचुनाव और राज्य के कई हिस्सों में आई बाढ़ जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में भावी रणनीति पर चर्चा हुई। हालांकि अभी तक उपचुनाव की घोषणा नहीं हुई है।



### उपचुनाव समाप्त न होने तक अपने क्षेत्र में रहें

सीएम योगी ने सभी मंत्रियों से कहा कि जब तक की उपचुनाव समाप्त न हो जाए तब तक अपने प्रभारी वाले क्षेत्र में हफ्ते में दो दिन तक रात्रि विश्राम करें। सीएम ने सभी प्रभारी मंत्रियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि हर एक समूह को कार्यकर्ताओं के साथ बात करनी है। सबसे ज्यादा ध्यान बूथ को मजबूत करने में करना है। सीएम योगी ने मंत्रियों से पूछा कि अपने प्रभार वाली सीटों पर सबने बैठक कर ली या नहीं।

### 10 विधानसभा सीटों पर होंगे उपचुनाव

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि बैठक विशेष रूप से आगामी चुनावों पर चर्चा करने के लिए आयोजित की गई थी। हम सभी 10 सीटों पर जीत हासिल करेंगे जहां उपचुनाव होने हैं। प्रदेश की कटेहरी (अंबेडकरनगर), करहल (मैनपुरी), मिल्कीपुर (अयोध्या), मीरापुर (मुजफ्फरनगर), गाजियाबाद, मझवां (मिर्जापुर), सीसामऊ (कानपुर नगर), खैर (अलीगढ़), फूलपुर (प्रयागराज) और कुंदरकी (मुरादाबाद) पर उपचुनाव होने हैं।

### इन सीटों पर दी जिम्मेदारी

**करहल:** अखिलेश यादव के इस्तीफे से खाली हुई मैनपुरी की करहल सीट पर दो कैबिनेट मंत्रियों समेत चार मंत्री को जिम्मेदारी मिली है। यहां जयवीर सिंह और योगेंद्र उपाध्याय के साथ राज्यमंत्री अजीत पाल सिंह को उतारा गया है।

**मिल्कीपुर:** सपा के अवधेश प्रसाद के इस्तीफे से खाली हुई अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर कैबिनेट मंत्री सूर्यप्रताप शाही के साथ राज्यमंत्री मयंकेश्वर सिंह, गिरीश यादव और सतीश शर्मा कुल चार मंत्रियों को जिम्मेदारी मिली है।

**मीरापुर:** रालोद के चंदन चौहान के इस्तीफे से खाली हुई बिजनौर की मीरापुर सीट पर कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार और राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर के साथ केपी मलिक को जिम्मेदारी मिली है।

**कुंदरकी:** सपा के जियाउर्रहमान बर्क के इस्तीफे से खाली हुई संभल की कुंदरकी सीट पर कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह के साथ तीन राज्य मंत्रियों जेपीएस राठौर, जसवंत सैनी, गुलाब देवी को जिम्मा दिया गया है।

**गाजियाबाद:** भाजपा के अतुल गर्ग के इस्तीफे से खाली हुई गाजियाबाद सीट पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के साथ बृजेश सिंह और कपिलदेव अग्रवाल को जिम्मेदारी मिली है।

**खैर:** भाजपा के अनूप प्रधान वाल्मीकि के इस्तीफे से खाली हुई अलीगढ़ की खैर सीट पर कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी के साथ संदीप सिंह को लगाया गया है।

**फूलपुर:** भाजपा सांसद प्रवीण पटेल के इस्तीफे से खाली हुई प्रयागराज की फूलपुर सीट पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान और दयाशंकर सिंह को जिम्मेदारी मिली है। प्रवीण पटेल भले ही सांसद बन गए हैं लेकिन लोकसभा चुनाव में फूलपुर विधानसभा सीट पर भाजपा सपा से पिछड़ गई थी।

**कटेहरी:** सपा के लालजी वर्मा के इस्तीफे से खाली हुई अंबेडकरनगर की कटेहरी सीट पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और सहयोगी दल के संजय निषाद के अलावा दयाशंकर मिश्र को जिम्मेदारी मिली है।

**मझवां:** निषाद पार्टी के विनोद बिंद के इस्तीफे से खाली हुई मिर्जापुर की मझवां में कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर के साथ अनुप्रिय पटेल के पति आशीष पटेल के अलावा रविंद्र जासवाल और रामकेश निषाद को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**सीसामऊ:** सपा विधायक इरफान सोलंकी को सजा के बाद खाली हुई कानपुर की शीशामऊ सीट पर कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना के साथ राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल को जिम्मा मिला है।

## सोरेन सरकार पर भड़के हिमंता सरमा

# घुसपैठियों पर नियंत्रण आपकी जिम्मेदारी, वरना कुर्सी छोड़े

### ये आरोप भी लगाए

- झारखंड में तेजी से डेमोग्राफी बदल रही है
- लव जिहार, लैंड जिहाद चरम पर
- घुसपैठिए आदिवासी लड़कियों के साथ शादी कर जमीन हड़प रहे
- सरकार मूक दर्शन बनी हुई



एजेंसी ▶▶ रांची

असम के सीएम और भाजपा झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा दो दिवसीय सांगठनिक दौरे पर झारखंड पहुंचे हैं। घुसपैठियों वाले सवाल पर उन्होंने बुधवार को कहा कि झारखंड में कानून भी लागू नहीं हो रहा है। आदिवासी बेटियों के साथ घुसपैठी शादी कर रहे हैं। लेकिन जो कानून का काम है, वह नहीं हो रहा है। सरमा ने कहा कि देश में घुसपैठिए पहले असम आते हैं। वो पश्चिम बंगाल आते हैं। फिर वो झारखंड, बिहार या छत्तीसगढ़ जाते हैं। सरमा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा से जब घुसपैठिए आते हैं तब उन्हें रोकने का काम बीएसएफ का होता है। लेकिन जब एक बार घुसपैठिए अंदर आ चुके हैं तब ये राज्य सरकार की जिम्मेदारी होती है। झारखंड हाईकोर्ट ने भी राज्य सरकार को घुसपैठिओं का पता लगाने और वापस भेजने का निर्देश दिया है। यह काम भारत सरकार नहीं कर सकती, इसका अधिकार राज्य सरकार के पास होता है। मैं यह काम असम में रोज करता हूं। आप (सोरेन सरकार) जिम्मेदारी का पालन नहीं करेंगे और कहेंगे कि दिल्ली (केंद्र सरकार) करे तो आप कुर्सी पर क्यों हैं? आप कुर्सी छोड़ दो।

### घुसपैठियों के संरक्षण में जुटी सरकार

सीएम हिमंता ने झारखंड की वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकने की बात कही। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार घुसपैठियों के संरक्षण में जुटी है। भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धो-कान्हू की धरती घुसपैठियों की धरती बन रही है। संताल परगना की डेमोग्राफी बदल गई। लव जिहाद, लैंड जिहाद चरम पर है। आदिवासी बेटियों से बांग्लादेशी घुसपैठिए शादी कर जमीन कब्जा कर रहे। सरकार मूक दर्शन बनकर तमाशा देख रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में ऐसा कानून बने जिससे घुसपैठिए आदिवासी बेटियों से शादी नहीं कर सकें। हिमंता बिस्व सरमा ने कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में पूर्वोत्तर भारत जिनमें असम, झारखंड, बिहार, ओडिशा राज्य शामिल हैं, बड़ा योगदान दिया है। हेमंत सोरेन कोई स्वतंत्रता आंदोलन में जेल नहीं गए थे, बल्कि भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप में गए थे, वह जमानत पर बाहर हैं।

## पेज एक का शेष

### सात फीसदी पर...

अपने एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) के जुलाई संस्करण में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 में सात फीसदी की दर से बढ़ेगी। वहीं, अगामी वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी 7.2 फीसदी की दर से बढ़ने की ओर अग्रसर है। एशियाई विकास बैंक ने अप्रैल में चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को 6.7 फ़ीसदी से बढ़ाकर सात फ़ीसदी कर दिया था। एशियाई विकास बैंक के पूर्वानुमान से एक दिन पहले अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भी भारतीय अर्थव्यस्था 7 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है। इसके साथ ही एडीबी का कहना है कि सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की निवेश मांग से मजबूत वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। एडीबी के मुताबिक वैश्विक रुझानों के अनुरूप देश की महंगाई दर में गिरावट का रुख जारी रहेगा। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का जीडीपी 8.2 फीसदी रहा था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में देश की आर्थिक वृद्धि दर 7.2 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। इसके अलावा दुनिया की अन्य वैश्विक रेटिंग एजेंसियों ने भी चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी ग्रोथ 7-7.2 फीसदी के बीच रहने का अनुमान जताया है।

### लाडली बहना के...

गया, जिसमें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी शामिल हुए। उन्होंने पंढरपूर में श्री विठ्ठल रुक्मिणी की आधिकारिक महापूजा की। इस मौके पर उन्होंने खास योजना की भी घोषणा की।

लाडला भाई से पहले महाराष्ट्र सरकार ने 'मुख्यमंत्री लाडली बहना' योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत 21 से 60 साल की पात्र महिलाओं को सरकार हर महीने 1500 रुपए देगी। राज्य सरकार ने बताया कि यह योजना 1 जुलाई 2024 से लागू की गई है, इस योजना का लाभ पाने के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ रही है।

### हरियाणा में अग्निवीरों...

अग्निवीरों को अपना काम शुरू करने में भी मदद देगी। इसके लिए सरकार ने फैसला किया है कि जो अग्निवीर अपना काम करना चाहते हैं, उन्हें बिना ब्याज लोन दिया जाएगा। उन्हें काम शुरू करने के लिए 5 लाख रुपए तक का बिना ब्याज के लोन दिया जाएगा।

### कर्नाटक में निजी...

कर सकती हैं। सरकार की नोडल एजेंसी कंपनी में काम कर रहे कर्मचारियों के रिकॉर्ड्स की जांच कर सकेगी और स्टाफ के बारे में जानकारी हासिल कर सकेगी। अगर कोई भी कंपनी इन प्रावधानों का उल्लंघन करती है तो कंपनी पर जुर्माना लगाया जा सकेगा।

### उत्तरप्रदेश: योगी कैबिनेट...

**असफल मंत्रियों की हो सकती है छुट्टी:** भाजपा हाईकमान योगी कैबिनेट के उन मंत्रियों की भी लिस्ट तैयार करवा रहा है जो अपने मंत्रालय में कुछ खास नहीं कर पाये हैं या कहें कि असफल रहे हैं। पार्टी के बहुत से विधायक अपने क्षेत्र के काम नहीं होने के चलते नाराज हैं। पुलिस प्रशासन को लेकर कई विधायक तो सार्वजनिक तौर पर गुस्सा जता चुके हैं। कार्यकर्ताओं की उपेक्षा भी एक बड़ा मसला है। माना जा रहा है कि जल्द ही योगी सरकार की कैबिनेट में बदलाव देखने को मिल सकता है। प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2027 में होना है। भाजपा हाईकमान अब ऐसी कोई अनदेखी करने के मूड में नहीं है जिससे विधानसभा चुनाव मे जीत मुश्किल हो जाए या फिर हार का सामना करना पड़े। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव नतीजों को लेकर यूपी की समीक्षा के लिए पार्टी हाईकमान फीडबैक ले रहा है। केशव मौर्य और भूपेंद्र चौधरी ने जब मंगलवार देर सायं अलग-अलग जेपी नड्डा से मुलाकात की तो हार से जुड़े मुद्दों के अलावा प्रदेश में पार्टी की वर्तमान स्थिति और सरकार के कामकाज की पड़ताल की गई।

**मोदी से जल्द मुलाकात कर सकते हैं योगी:** कहा जा रहा है कि जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी प्रधानमंत्री मोदी और पार्टी अध्यक्ष नड्डा से मुलाकात के लिए दिल्ली आ सकते हैं। फिलहाल पार्टी की चिंता यह भी है कि प्रदेश की दस विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं और जीत हासिल करना आसान नहीं दिख रहा है। हाल ही में विभिन्न राज्यों में हुए 12 सीटों के उपचुनाव में भाजपा सिर्फ दो ही सीट जीत पायी थी।

**अखिलेश के वार पर मौर्य पलटवार:** इस बीच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखी एक पोस्ट में कहा 'भाजपा की कुर्सी की लड़ाई की गर्मी में, उप्र में शासन-प्रशासन ठंडे बस्ते में चला गया है। तोड़फोड़ की राजनीति का जो काम भाजपा दूसरे दलों में करती थी, अब वही काम वो अपने दल के अंदर कर रही है, इसीलिए भाजपा अंदरूनी झगड़ों के दलदल में धंसती जा रही है। जनता के बारे में सोचनेवाला भाजपा में कोई नहीं है।' सपा प्रमुख की इस पोस्ट पर पलटवार करते हुए केशव मौर्य ने टिप्पणी की 'सपा बहादुर श्री अखिलेश यादव जी, भाजपा की देश और प्रदेश दोनों जगह मज़बूत संगठन और सरकार है, सपा का पीडीए धोखा है। यूपी में सपा के गुंडाराज की वापसी असंभव है, भाजपा 2027 विधानसभा चुनाव में 2017 दोहरायेगी।

### भूपेंद्र को हटाने...

जाट वर्ग के भूपेंद्र चौधरी को हटाकर अन्य पिछड़े वर्ग से या दलित समुदाय के नेता को प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष बनाया जा सकता है। कहा जा रहा है कि चौधरी प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कोई प्रभाव छोड़ने में विफल रहे हैं। देखना यह है कि उपचुनाव के बाद चौधरी की विदाई होती है या उन्हें थोड़ा और वक्त दिया जाएगा।

### यूपी भाजपा अध्यक्ष...

लेते हुए प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि उन्होंने इस्तीफे से इंकार किया। बावजूद इसके माना यही जा रहा है कि चौधरी की विदाई प्रदेश अध्यक्ष पद से कभी भी हो सकती है। सूत्रों का कहना है कि यूपी में दस विधानसभा सीटों पर जल्द होने वाले उपचुनाव से पहले पार्टी हाईकमान कोई बड़ा फैसला ले सकता है। इसके तहत योगी सरकार में बेहतर प्रदर्शन करने में विफल रहे मंत्रियों को हटाकर नये मंत्री शामिल करना और संगठन में कुछ तेजतर्रार नेताओं को समाहित कर 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों को रफ्तार देना शामिल है। बताया जा रहा है कि मोदी और योगी के बीच इन्हीं मुद्दों पर मंथन हुआ। दिनभर चर्चा रही कि पार्टी हाईकमान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली और सरकार में अफसरों की पकड़ से नाखुश है।

### फिर पलटे बोले...

नया आदर्श वाक्य 'हम उनके साथ हैं, जो हमारे साथ हैं' अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी 'सबका साथ, सबका विकास' कहते थे, लेकिन मैं अब ऐसा नहीं कहूंगा क्योंकि मुझे लगता है कि यह 'हम उनके साथ जो हमारे साथ' होना चाहिए। अल्पसंख्यक मोर्चा की कोई जरूरत नहीं है। जब उनके इस बयान पर सियासी तेज हो गई तो उन्होंने सफाई दी।

**पीएम मोदी की नारा अभी भी कायम:** सुवेंदु ने अपने बयान पर सफाई देते हुए कहा कि यह नारा प्रधानमंत्री ने दिया था और यह अभी भी कायम है। भाजपा कार्यकर्ता के तौर पर मैंने बहुत दुख के साथ अपनी बात रखी कि भाजपा की राज्य इकाई को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ खड़ा होना चाहिए, न कि उन लोगों के साथ जो भाजपा के साथ नहीं खड़े हैं। मैंने जो कहा- वो राजनीतिक बयान है और इसका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास नारे से कोई लेना-देना नहीं है। मेरे बयान निजी हैं और इसका पार्टी की सोच से कोई लेना-देना नहीं है। मेरे निर्वाचन क्षेत्र में अल्पसंख्यक मोर्चा था। मैंने मिलन उत्सव में 700 लोगों के साथ ईद मनाई और भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गांगुली को एक भी वोट नहीं मिला। सांप्रदायिक मतदान ने भाजपा को बहुत प्रभावित किया।

### 13 भारतीय समेत लापता लोगों की...

प्रयास जारी हैं। इसमें नौसेना के लंबी दूरी के समुद्री निगरानी विमान पी8आई की भी मदद ली जा रही है। ओमान में भारतीय दूतावास भी वहां के अधिकारियों के लगातार संपर्क में बना हुआ है। ओमान के समुद्री सुरक्षा केंद्र (एमएससी) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा कि ओमान के बंदरगाह शहर दुकम के पास रस मदरका के समुद्र तट पर कोमोरोस के ध्वज वाला एक तेल टैंकर पलट गया। इसमें लापता हुए 16 लोगों में 13 भारतीय और 3 श्रीलंकाई नागरिक हैं। टैंकर ने ओमान तट पर 14 जुलाई की रात करीब 10 बजे मुश्किल भरी कॉल के जरिए सूचना दी थी।

### इसके बाद भी विधेयक...

में भी राज्यसभा में विभिन्न विधेयकों पर भाजपा का साथ दिया है। इनके साथ ही बीजू जनता दल के सांसदों ने भी समय समय पर भाजपानीत राजग गठबंधन का सदन में विधेयकों को पारित कराने में साथ दिया है। ये बात अलग है कि अब तक बीजद के 7 सांसदों का रुख विपक्षी दलों के साथ कदमताल करता हुआ दिखा है।

राष्ट्रपति द्वारा अलग अलग क्षेत्रों में बेहतर काम करने वाले ऐसे लोग जिनकी अनुशंसा केंद्र सरकार द्वारा की जातीा है ऐसे कुल 12 सांसदों को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया जाता है। इनमें से फिर व्यक्तिगत रूप से कोई सांसद किसी भी दल से संबद्ध होने का स्वतंत्र है। अगर संबंधित सांसद किसी दल से संबद्ध हो जाता है तो फिर उस दल का व्हिप उस पर लागू होता है। वरना मनोनीत सांसदों पर किसी भी दल का कोई व्हिप लागू नहीं होता। मनोनीत श्रेणी और जम्मू कश्मीर से चार चार सांसदों का निर्वाचन होना है। असम, बिहार और महाराष्ट्र से दो दो, हरियाणा, तेलंगाना, मप्र, राजस्थान और त्रिपुरा से एक एक, कुल मिलाकर 19 नये सांसदों का निर्वाचन राज्यसभा के लिए होना है। दस ऐसे सांसदों का स्थान राज्यसभा से रिक्त हुआ है जो पिछले महीने ही लोकसभा से निर्वाचित हो कर सदन में पहुंचे हैं। भारत राष्ट्र समिति के वरिष्ठ सांसद केशव राव के कांग्रेस ज्वाइन करने की वजह से सीट खाली हुई है। राष्ट्रपति के मनोनयन को छोडकर शेष 11 सीटों पर अगले महीने निर्वाचन संभावित है, इनमें 8 राजग गठबंधन के हिस्से में आएगा जब कि शेष 3 कांग्रेसनीत इंडिया गठबंधन के नेता जीत कर राज्यसभा पहुंचेंगे। इस जीत के साथ ही कांग्रेसी सांसदों की संख्या राज्यसभा में 27 हो जाएगी। विपक्ष के नेता पद के लिए जरूरी सांसदों की कुल संख्या से 2 अधिक होगी कांग्रेस की झोली में।

### उच्च न्यायालय ने...

(ईडी के मामलों में) बहुत ही सख्त प्रावधानों में प्रभावी रिहाई के तीन आदेश हैं...ये आदेश दिखाते हैं कि व्यक्ति रिहाई के लिए अधिकृत है। उसे रिहा किया जाना चाहिए लेकिन उसकी रिहाई न हो यह सुनिश्चित करने के लिए उसे गिरफ्तार किया गया है।'' सिंघवी ने कहा कि केजरीवाल ''आतंकवादी नहीं'' बल्कि दिल्ली के मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि उनकी गिरफ्तारी कानून के तहत नहीं हुई है और मुख्यमंत्री होने के नाते वह जमानत के हकदार हैं। सीबीआई की ओर पेश हुए अधिवक्ता डी.पी.सिंह ने केजरीवाल द्वारा दाखिल दो याचिकाओं का विरोध किया। मुख्यमंत्री ने एक अर्जी में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है जबकि दूसरी अर्जी में जमानत देने का अनुरोध किया है। केजरीवाल ने दावा किया है कि उनकी रिहाई को रोकने के लिए उन्हें गिरफ्तार किया गया है और यह 'अन्यायपूर्ण' है। केजरीवाल को सीबीआई ने 26 जून को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था जहां पर वह पहले ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धनशोधन के मामले में न्यायिक हिरासत में थे। मुख्यमंत्री को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था और सुनवाई अदालत ने 20 जून को उन्हें धनशोधन के मामले में जमानत दे दी थी। हालांकि, सुनवाई अदालत के फैसले पर उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी थी। केजरीवाल को उच्चतम न्यायालय ने 12 जुलाई को धनशोधन के मामले में अंतरिम जमानत दी थी।

विवादास्पद आबकारी नीति को दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा इसे बनाने एवं लागू करने में हुई कथित अनियमितता एवं भ्रष्टाचार की जांच सीबीआई को सौंपने के बाद 2022 में रद्द कर दिया गया था। सीबीआई और ईडी के मुताबिक लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ पहुंचाने के इरादे से आबकारी नीति में बदलाव कर अनियमितता की गई।

# क्या इंसानों को भी है स्वाइन फीवर का रिस्क

कुछ समय पूर्व स्वाइन फीवर के कुछ मामले केरल में सामने आने के बाद कई तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि इस रोग के इंसानों में फैलने का कितना रिस्क है?

अवेयरनेस



हाल में केरल के त्रिशूर जिले में सुअरों के बीच फैलने वाले अफ्रीकन स्वाइन फीवर के मामले सामने आए हैं। यह संक्रामक बीमारी पालतू और जंगली सुअर दोनों को प्रभावित कर सकती है। हालांकि बीमारी फैलने को लेकर एलर्ट जारी कर दिया गया है लेकिन मामला सामने आने के बाद आस-पास के क्षेत्र में लोग डरे हुए हैं।

**इंसानों में फैलने का रिस्क नहीं:** स्वाइन फीवर के मामले में राहत की बात यह है कि ब्रिटिश एग्रीकल्चर, एन्वॉयरनमेंट और रूरल अफेयर्स के अनुसार, अफ्रीकन स्वाइन फीवर, स्वाइन फ्लू बीमारी से अलग तरह का रोग है और ये जूनोटिक नहीं है। यानी, यह सुअरों से इंसानों में नहीं फैलती है। लोगों के मन में जानवरों से फैलने वाली बीमारियों के प्रति भय रहता है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि वे कौन-सी बीमारियां हैं, जो इंसानों को प्रभावित कर सकती हैं? इन बीमारियों की चपेट में आने का किसे सबसे ज्यादा रिस्क है?

**जानवरों से फैलते हैं इंसानों में कई रोग:** कई जानवरों और इंसानों का सदियों से घनिष्ठ संबंध रहा है। हम सभी डायरेक्टली या इनडायरेक्टली हर दिन किसी ना किसी तरह से जानवरों के संपर्क में आते ही हैं। दूध, दही, पनीर, अंडा या मांस जैसे सभी फूड आइटम्स पशुओं से ही प्राप्त किए जाते हैं। यानी हम सभी पशुओं के जरिए अपने भोजन का काफी हिस्सा प्राप्त करते हैं। ऐसे में इन फूड आइटम्स में से अगर कुछ भी हम अपने नियमित आहार में शामिल करते हैं और अगर वो पशु किसी भी तरह के रोग से संक्रमित है तो ये हमें भी संक्रमित कर सकता है।



**ऐसे भी फैलता है संक्रमण:** पशुओं या पक्षियों के काटने, उनकी लार के संपर्क में आने से भी कई बीमारियां इंसानों में फैल सकती हैं। इसकी वजह बैक्टीरिया, वायरस, फंगई जैसे माइक्रोऑर्गेनिज्म होते हैं, जो विभिन्न जंतुओं के माध्यम से इंसानों में प्रवेश कर सकते हैं। इसे जूनोसिस कहा जाता है।

**क्या होती हैं जूनोटिक बीमारियां:** जंतुओं से इंसानों में होने वाली जूनोटिक बीमारियां, इंसानों में छोटी-मोटी समस्या पैदा करने से लेकर मृत्यु तक का कारण बन सकती हैं। इन बीमारियों में एनिमल फ्लू, बर्ड फ्लू, कैट स्क्रैच फीवर, डेंगू, चिकनगुनिया, गियार्डियासिस, इबोला, लाइम डिजीज, हेपेटाइटिस ई, पैरट फीवर, मलेरिया, प्लेग, रेबीज, स्वाइन फ्लू और वेस्ट नील वायरस जैसी बीमारियां शामिल हैं।

इस बारे में धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. गौरव जैन** बताते हैं, 'जूनोटिक का अर्थ है, किसी भी माध्यम से जानवरों से मनुष्यों में फैलने वाली बीमारी। ये बीमारी छूने से, भोजन, पानी या हवा से या किसी अन्य वेक्टर के माध्यम से फैल सकती हैं। चिड़ियाघर में भी जूनोटिक बीमारियों के संक्रमण का खतरा हो सकता है। खेतों में काम कर रहे किसान और पशुपालन कर रहे लोग गोबर आदि के संपर्क में आ सकते हैं, जिससे भी ये बीमारियां फैल सकती हैं। आमतौर पर जूनोटिक बीमारियां, किसी को भी प्रभावित कर सकती हैं। लेकिन कुछ लोगों को इन बीमारियों के संक्रमण का खतरा अधिक हो सकता है। इनमें प्रेग्नेंट महिलाएं, 65 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोग, एचआईवी से संक्रमित लोग, 5 वर्ष या उससे कम उम्र के बच्चे, गंभीर बीमारियों का उपचार करा रहे लोग और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोग शामिल हैं।'

**बचाव-उपचार के तरीके:** श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन **डॉ. अरविंद अग्रवाल** के अनुसार, 'अगर किसी पालतू जानवर के संपर्क में आने से आपको चोट लगी है, जैसे किसी जानवर ने काट लिया है या उसके पंजे से खरोंच लगी है तो आपको जल्द-से-जल्द डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए। आप यह सुनिश्चित करें कि उस जानवर को सभी जरूरी वैक्सीन लगी है या नहीं? अगर किसी गैर पालतू जानवर ने आपको काट लिया है तब तो तुरंत डॉक्टर से कंसल्ट कर जरूरी ट्रीटमेंट लें। इसके अलावा अगर आपको किसी कीड़े ने काट लिया है और उसके बाद किसी तरह के लक्षण सामने आ रहे हैं तो आप तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। बचाव के तौर पर जानवर के संपर्क में आने के बाद हाथों को अच्छी तरह धोएं, पालतू जानवरों का टीकाकरण अवश्य कराएं। साथ ही हर साल पशु चिकित्सक से उनकी जांच भी कराएं। जानवरों की बाइट और खरोंच से बचें, जानवरों से संपर्क के दौरान या उसके तुरंत बाद अपने मुंह और आंखों को ना छुएं। मच्छर और अन्य तरह के कीटों के काटने से बचाव के लिए कीट प्रतिरोधी लोशन या अन्य बचाव के तरीकों का उपयोग करें।' *

-हरिभूमि फीचर्स

सीजनल डिजीज

हालांकि बारिश के मौसम में कई तरह की बीमारियां होने की संभावना बढ़ जाती है। इनमें सबसे अधिक लोग मच्छर काटने से होने वाली बीमारियों से ग्रसित होते हैं। खासतौर पर बीते कुछ वर्षों में डेंगू से पीड़ित पेशेंट्स की संख्या काफी बढ़ी है। यहां एक्सपर्ट डॉक्टर्स विस्तार से बता रहे हैं, डेंगू के कारण, लक्षण और बचाव के बारे में।

# बारिश के मौसम में डेंगू की आशंका बरतें सावधानी-रहें सुरक्षित





बारिश के मौसम में मच्छर पनपने के कारण मलेरिया, चिकनगुनिया और डेंगू रोग होने की आशंका बहुत बढ़ जाती है। इस मौसम में लोग कई प्रकार की लापरवाहियां करते हैं, जिसका खामियाजा उन्हें इन मच्छर-जनित जानलेवा रोगों के रूप में भुगतना पड़ता है।

### क्या होता है डेंगू

डेंगू को आमतौर पर हड्डी तोड़ बुखार के नाम से भी जाना जाता है। यह बीमारी डेंगू वायरस के कारण होती है। अगर एडीज मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है, तब इस वायरस के उस व्यक्ति में संक्रमण के कारण उसे डेंगू हो जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार विश्व की लगभग आधी आबादी अब डेंगू होने के खतरे में है। अनुमान है कि पूरी दुनिया में प्रत्येक वर्ष 100-400 मिलियन लोग डेंगू से संक्रमित होते हैं। ऐसे में बदलते मौसम के साथ डेंगू से सावधान रहना जरूरी है।

### डेंगू होने के कारण

डेंगू रोग के लिए चार वायरस जिम्मेदार होते हैं। इन्हें डीईएनवी-1, डीईएनवी-2, डीईएनवी-3 और डीईएनवी-4 के नाम से जाने जाते हैं। ये वायरस एडीज मच्छर के काटने से व्यक्ति के शरीर में प्रवेश करते हैं। यह वायरस रक्त प्रवाह के जरिए पूरे शरीर में फैलता है और व्यक्ति डेंगू से ग्रस्त हो जाता है। इसलिए आपको बरसात के मौसम में मच्छरों के काटने से बचकर रहना चाहिए।

### डेंगू के लक्षण

डेंगू से संक्रमित होने पर किस तरह के लक्षण दिखते हैं। इस बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली के प्रिंसिपल कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन एंड इंफेक्शन डिजीज, **डॉ. दीपक गुप्ता** सलाह देते हैं कि डेंगू से बचाव के लिए, इस रोग के लक्षणों पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। डेंगू के लक्षणों में सामान्य बुखार शामिल है। ऐसे में बुखार होने पर लापरवाही करना खतरनाक हो सकता है। हालांकि डेंगू में 104 डिग्री फारेनहाइट का बुखार होता है, जिसके साथ अन्य लक्षण भी दिखाई दे सकते हैं। जैसे जी मिचलाना, तेज सिर दर्द होना, हड्डियों में दर्द होना, मांसपेशियों में दर्द होना, जोड़ों में दर्द होना, उल्टी आना, आंखों के पीछे दर्द होना, त्वचा पर लाल चकत्ते होना आदि। अगर आपको या आपके किसी परिचित को इस प्रकार के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। अगर सामान्य बुखार आ रहा है तो भी आपको तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। इस मौसम में जरा भी लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण है कि बदन दर्द या सिर दर्द से राहत के लिए बिना डॉक्टर से पूछे किसी भी प्रकार की दर्द निवारक दवा ना लें क्योंकि इससे प्लेटलेट काउंट में गिरावट हो सकती है।

### उपचार के तरीके

नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. पंकज वर्मा** कहते हैं, 'डेंगू के उपचार के लिए आपको समय पर डॉक्टर के पास पहुंचना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यह एक प्रकार का वायरसजनित रोग होता है और इसके इलाज में सबसे महत्वपूर्ण बात है समय पर सही इलाज का आरंभ होना। डॉक्टर के पास पहुंचने पर डॉक्टर जांच करते हैं। जिसके बाद डेंगू की पुष्टि होने पर वह दवाइयों और इंजेक्शन के माध्यम से पेशेंट का इलाज करते हैं। इसमें गंभीर डिहाइड्रेशन जैसे मामलों में मरीज को आईवी ड्रिप भी दी जाती है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण होता है, व्यक्ति का शरीर हाइड्रेट रहे क्योंकि ज्यादा उल्टी और तेज बुखार के दौरान बहुत नुकसान होता है। ऐसे में शरीर को हाइड्रेट रखना बहुत आवश्यक होता है। इस दौरान मरीज को तरल पदार्थ के सेवन करने की सलाह दी जाती है और लगातार डॉक्टर के निगरानी में रहना चाहिए।'

### बचाव के उपाय

नारायणा हॉस्पिटल, आर. एन. टैगोर हॉस्पिटल, कोलकाता में कंसल्टेंट-क्रिटिकल केयर, **डॉ. राकेश शर्मा** डेंगू से बचाव के उपायों के बारे में बताते हैं, 'सबसे महत्वपूर्ण है आपको मच्छरों से खुद को बचाना, क्योंकि बारिश के मौसम में मच्छर पनपने की संभावना अधिक होती है और ऐसे में डेंगू के मच्छरों के काटने पर डेंगू हो जाता है। इसके लिए कुछ बातों पर अवश्य ध्यान दें। अपने घर के भीतर, छत पर या आस-पास ज्यादा दिन तक पानी को जमा ना होने दें, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें, अपनी त्वचा को ढंक कर रखें, जिससे मच्छर काटने की संभावना बहुत ही कम हो जाए। डेंगू के मच्छर सुबह या शाम को अधिक सक्रिय रहते हैं और इस समय आपको बहुत ही सावधानी बरतनी चाहिए। शरीर के खुले भागों पर मच्छर रोधी (मॉस्कीटो रिपेलेंट) क्रीम जरूर लगाएं, जिससे आप मच्छरों के काटने से बच सकें। रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखें और डेंगू से बचे रहें।' *

प्रस्तुति: सेहत डेस्क

प्रिकॉशन


# मानसून में डायबिटिक पेशेंट्स पैरों के अल्सर से रहें सावधान




डायबिटीज यानी मधुमेह के कारण मानसून के दौरान पैरों को गंभीर समस्या हो सकती है। दरअसल, मधुमेह पैरों में रक्त प्रवाह की मात्रा को कम करता हैं। पैरों में पर्याप्त रक्त प्रवाह ना होने से घाव या किसी प्रकार के संक्रमण को ठीक करना मुश्किल हो सकता है। संक्रमण ठीक ना होने के कारण पैरों में गैंग्रीन होने का खतरा रहता है। भारत में लगभग 15 प्रतिशत मधुमेह मरीज, मानसून के दौरान लापरवाही की वजह से डायबिटीज फुट अल्सर से ग्रस्त हो सकते हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, दुनिया में 77 मिलियन लोग मधुमेह से पीड़ित हैं, और लगभग 25 मिलियन लोग प्री डायबिटीज स्टेज में हैं। लोगों की जीवनशैली को देखते हुए भविष्य में मधुमेह के मरीजों की संख्या बढ़ने का रिस्क है। ऐसे पेशेंट्स के पैरों में अल्सर को लेकर भी अवेयरनेस बढ़ाने की जरूरत है। दिल्ली स्थित अपोलो स्पेक्ट्रा अस्पताल के वेस्कुलर सर्जन **डॉ. जैसोम चोपड़ा** के अनुसार, 'डायबिटीज पेशेंट्स में मानसून के दौरान बढ़ी हुई नमी और गीले पैरों के कारण संक्रमण की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए मानसून के दौरान डायबिटीज पेशेंट्स को अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना काफी जरूरी है। डायबिटीज पेशेंट्स को अपने पैरों की स्वच्छता को लेकर अवेयर रहना चाहिए। शुगर लेवल की नियमित जांच करवानी चाहिए और संक्रमण को रोकने के लिए अधिकतर समय जूते पहनना चाहिए। अपने पैरों को हमेशा साफ और सूखा रखना चाहिए। संक्रमण होने पर घाव की साफ-सफाई, एंटीबायोटिक दवाओं और अन्य विधियों से ट्रीटमेंट किया जाता है। गंभीर मामलों में संक्रमित टिश्यू को हटाने या रक्त प्रवाह को बढ़ाने के लिए सर्जरी की आवश्यकता भी हो सकती है।' *

मौसमी फल / राजकुमार 'दिनकर'

# स्वादिष्ट-स्वास्थ्यवर्धक आम

अन्य फलों की तरह आम भी सेहत के लिए बहुत लाभकारी होता है। आम केवल खाने में ही स्वादिष्ट नहीं होता बल्कि इसमें भरपूर मात्रा में पोषक तत्व भी पाए जाते है, जो शरीर के लिए लाभकारी होते हैं। आपको बाजार में खट्टे और मीठे आम मिलते हैं, जिनमें अलग-अलग पोषक तत्व पाए जाते हैं। आम में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जिस कारण यह खाने वाले को कैंसर और दिल संबंधित बीमारियों से बचाता है। आम की हर फांक में पोटैशियम होता है, जो ब्लड प्रेशर को सही रखने में बड़ा लाभकारी होता है और यह शरीर में उन कंपाउंड को बनाता है, जो हमारे इम्यून सिस्टम को बढ़ाते हैं। हरे आम में मौजूद एसिड बाइल के सिक्रिशन में बढ़ोत्तरी करता है और यह आंत संबंधी परेशानियों के लिए एक प्रतिरोधक की तरह काम करता है।

**भरपूर पौष्टिक पके आम:** अगर आप पका हुआ आम खाते हैं तो इससे आपको अच्छी-खासी मात्रा में विटामिन ए मिलता है। वास्तव में दूसरे फलों के मुकाबले आम में सबसे ज्यादा बीटा केरोटिन पाया जाता है। साथ ही इसमें विटामिन बी1, बी2, नियासिन, आयरन और फाइबर प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। पके हुए मीठे आम कब्ज की रुकावट को दूर करने के लिए शरीर से ज्यादा फ्लूड बाहर निकालकर इस परेशानी को दूर करता है। मीठा आम किडनी को सही रखने में भी मदद करता है। इतना ही नहीं मीठा आम हमारे खून में हीमोग्लोबिन के स्तर को बेहतर बनाता है। आम में पाए जाने वाले फाइबर शरीर के लिए रेचक की तरह काम करते है और व्यक्ति को ज्यादा से ज्यादा ऊर्जा देते है, जिससे आंत की गतिविधि में वृद्धि होती है। अगर आप दुबले हैं और अपना वजन बढ़ाना चाहते हैं तो आप पके आमों को दूध में मिलाकर मिक्सी में शेक की तरह तैयार कर पी सकते हैं। यह आपको कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन देता है।


**कच्चा आम भी फायदेमंद:** हरे यानी कच्चे आम में बड़ी मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है, जो त्वचा के पोर्स को साफ करके उसे चमकदार बनाता है और खून से जुड़ी स्कर्वी नामक बीमारी से बचाता है। यह आपको गर्मियों में होने वाली परेशानियों से भी दूर रखता है। पाचन क्रिया को बेहतर बनाने के लिए आमचूर बहुत ही मददगार होता है। डायबिटीज को कम करने में आम की पत्तियां उपयोगी हो सकती हैं। सॉफ्ट और ताजी पत्तियां ना केवल डायबिटीज होने से बचाती हैं बल्कि डायबिटीज को कंट्रोल करने में भी मदद करती हैं। *

हेल्थ एडवाइस

संध्या सिंह

हर कोई हेल्दी और फिट रहना चाहता है। लेकिन उनमें से कुछ ही लोग इसके लिए जरूरी प्रयास करते हैं। हम आपको यहां कुछ आसान लेकिन प्रभावी सूत्रों के बारे में बता रहे हैं, जिनका पालन करके आप अपनी हेल्थ और फिटनेस को मेंटेन कर सकते हैं।

# हेल्दी-फिट रहने के ईजी-इफेक्टिव सीक्रेट्स




फिट रहना कठिन नहीं, बहुत आसान है, बशर्ते हम नियमित तौर पर कुछ छोटी-छोटी बातों पर ध्यान दें। बजाय इसके कि दिन-रात फिट रहने के सपने देखें, उसके बारे में बहुत कुछ पढ़ें और सोचें, लेकिन व्यावहारिक रूप में कुछ ना करें। तो आइए जानते हैं कि फिट रहने के ये छोटे-छोटे सीक्रेट क्या हैं?

**सुबह जल्दी उठें:** आपने सैकड़ों बार सुबह जल्दी उठने के फायदों के बारे में पढ़ा होगा, दर्जनों लोगों से सुना होगा, लेकिन खुद व्यक्तिगत रूप से कभी आजमाया नहीं होगा। अगर आजमाएंगे तो आप भी इसे सही मानने वालों में शामिल हो जाएंगे और दूसरों को फिट रहने के लिए आप भी उन्हें यह टिप्स देंगे। सुबह जल्दी उठें। इतना जल्दी नहीं कि इसके लिए बहुत अतिरिक्त प्रयास करना पड़े, जितने समय रोज जगते हैं, उससे बस 30 मिनट पहले जगना शुरू करें। जब यह आदत बन जाए तो इसमें 30 मिनट और जोड़ लें। इस तरह अगर हर दिन आप 1 घंटे पहले जगते हैं तो आप अपने फिट रहने के लिए खुद ही कई तरह के वर्कआउट करने लगेंगे। अगर कुछ नहीं करेंगे तो ऑफिस के लिए समय पर तैयार हो जाएंगे। अपने आज के काम के शेड्यूल की अच्छी सी तैयारी कर लेंगे। इस सबसे भी फिट रहने में मदद मिलती है।

**करें 25 मिनट की सैर:** सुनने में अजीब लग सकता है, लेकिन आजमाकर देखिए। यह छोटी-सी टिप्स आपकी सोच बदल देगी। भले आप फिट रहने के लिए किसी भी तरह का कोई उपाय ना करें, सिर्फ हर दिन सुबह 25 मिनट की सैर कर लें, तो आपकी फिटनेस का लेवल ठीक-ठाक हो जाएगा। सैर करने के कई फायदे हैं। सैर करने का मतलब सिर्फ कैलोरी बर्न करना ही नहीं है, जब हम सुबह सैर के लिए निकलते हैं, तो 5-10 मिनट में ही हमारा शरीर वॉक के लिए अनुकूल होने लगता है और धीरे-धीरे हमें वॉकिंग में आनंद आने लगता है। अगर हम 25 मिनट अच्छी तरह से वॉक कर लेते हैं तो हर दिन 9 से 10 हजार कदम चल लेते हैं। यह एक ऐसा व्यायाम है, जिसमें किसी तरह का रिस्क नहीं है और अनेक फायदे हैं। इस 25 मिनट के वॉक से आप पूरे दिन एनर्जेटिक महसूस करेंगे।

**एक घंटे का डिजिटल डिटॉक्स:** अगर आपकी भी लाइफस्टाइल में सुबह जगते ही फेसबुक के नोटिफिकेशन, रात और सुबह में आए व्हाट्सएप मैसेज और दूसरों की पोस्ट देखने की है, तो कम से कम सुबह के समय बहुत कड़ाई के साथ एक घंटे के लिए इस सब पर रोक लगा दें। अगर सुबह एक घंटे तक आपने मोबाइल फोन ऑन नहीं किया और अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में व्यस्त रहे, फिट रहने के उपायों से दो-चार होते रहे, तो यकीन मानिए इसका असर आपको महसूस होने लगेगा। आज पूरी दुनिया की फिटनेस इंडस्ट्रीज मानती है कि मोबाइल फोन ने लोगों को बहुत ज्यादा आलसी बना दिया है। यह एक ऐसा नशा है, जो धीरे-धीरे हमारे स्वास्थ्य को अपनी गिरफ्त में ले लेता है, क्योंकि हम लगातार बैठे रहने के कारण निष्क्रिय और आलसी हो जाते हैं।

**थोड़ी देर योगा-मेडिटेशन:** भले 15-15 मिनट ही योगा और मेडिटेशन को दें या दोनों में से किसी एक को। लेकिन ये 15 मिनट भी आपकी चाल-ढाल, रहन-सहन में आमूल-चूल परिवर्तन कर देंगे। फिट रहने की छोटी-छोटी कोशिशें करनी होती हैं और ये कोशिशें हमें उम्मीद से ज्यादा फिट और तरह-तरह की बीमारियों से दूर रखती हैं। मेडिटेशन का अभ्यास तो आप स्वयं सीख सकते हैं। योगासन का अभ्यास करने के लिए एक बार अनुभवी प्रशिक्षक से अच्छी तरह सीख लें।

यहां बताई गई बातों को फॉलो करें और देखिए, आप कुछ ही दिनों में हेल्दी, फिट और एनर्जेटिक हो जाएंगे। *

इन दिनों सोनी सब चैनल पर टेलीकास्ट हो रहे शो 'बादल पर पांव हैं' में आकाश आहूजा रजत के रोल में दिख रहे हैं। वे अपनी फिजिकल फिटनेस को लेकर बहुत कॉन्शस रहते हैं। क्या है, उनका फिटनेस फंडा, डिटेल में **हरिभूमि** को बता रहे हैं अपनी जुबानी।

# मेरे लिए सबसे जरूरी है फिट फील करना

फिटनेस फंडा

आकाश आहूजा



अच्छी लाइफ के लिए हेल्दी और फिट रहना बहुत जरूरी है, क्योंकि आजकल के समय में हमारे खाने में बहुत सारी मिलावट होती है। और लाइफस्टाइल भी काफी डिस्टर्ब हो गई है। लोग जंक फूड बहुत खाते हैं, डेली रूटीन सही नहीं है। स्लीप और वेक साइकिल भी डिस्टर्ब है। इसलिए आज के समय में यह बहुत जरूरी है कि हम अपनी फिजिकल और मेंटल हेल्थ पर अधिक ध्यान दें।

**फिटनेस आइडियल:** मेरे फिटनेस आइडियल मेरे पिता हैं। मेरे पापा शोतोकन कराटे में 7 बार के नेशनल चैंपियन हैं और मैंने भी इंडिया को रिप्रेजेंट किया है। कह सकते हैं, फिजिकली फिट और स्ट्रॉन्ग रहने की इंस्पिरेशन मुझे अपने पापा जी से मिली है।

**फिट रहना-दिखना दोनों जरूरी:** मेरे लिए फिट फील करना सबसे जरूरी है क्योंकि स्ट्रॉन्ग फीलिंग से मुझे ताकत मिलती है। वैसे मेरे काम के हिसाब से मुझे फिट दिखना भी इंपॉर्टेंट है। जब हम लोग एब्स दिखाते हैं और वो 6 पैक फिजिक जो होती है, वो सिर्फ कुछ समय के लिए ही होती है। हम ज्यादा समय तक अपनी बॉडी को स्टफ नहीं कर सकते क्योंकि वो स्टारवेशन से आती है या बहुत कंट्रोल्ड डाइट से। अब उतनी कंट्रोल्ड डाइट ले पाना हमारे काम में बहुत मुश्किल है। रोल के डिमांड के अनुसार फिट दिखना तो जरूरी है, लेकिन पर्सनली मेरे लिए ज्यादा जरूरी है फिट महसूस करना।

**डेली डाइट प्लान:** मेरे लिए सबसे जरूरी है खुद को हाइड्रेटेड रखना। सुबह उठकर पानी जरूर पीता हूं। रात को सोने से पहले कोशिश रहती है कि तीन-चार घंटे का फास्टिंग हो। अधिक से अधिक न्यूट्रिशस डाइट लेता हूं।

**वर्कआउट शेड्यूल:** मेरा वर्कआउट शेड्यूल बहुत फ्लेक्सिबल रहता है। वैसे मैं बॉडी वेट एक्सरसाइसेस ज्यादा करता हूं तो मेरा रूटीन होता है कि पार्क में जाकर एक्सरसाइज करूं। मैं अपना वर्कआउट जिम से ज्यादा खुली हवा में करना पसंद करता हूं। जब भी मुझे समय मिलता है तो वर्कआउट कर लेता हूं। बिजी होने पर भी एक दिन से ज्यादा का गैप नहीं आने देता हूं अपने एक्सरसाइज शेड्यूल में, अगर जिम नहीं जा पा रहा हूं तो शूटिंग ब्रेक में सेट पर ही एक्सरसाइज कर लेता हूं। मुझे लगता है कि हम सबको डेली लाइफ में कोई ना कोई ऐसी हॉबी, कोई स्पोर्ट, कोई फिजिकल एक्सरसाइज जरूर अपनानी चाहिए, जो हमें फिट रखे।

**मेंटल फिटनेस:** सच तो यह है कि आज की तारीख में पूरी तरह मेंटली फिट तो कोई भी नहीं है। हम सबकी लाइफ में कोई ना कोई टेंशन रहती ही है। हम सबकी प्रॉब्लम्स हमारे लिए बहुत ज्यादा होती हैं, जिसके कारण हमें मेंटल प्रॉब्लम्स होती हैं। आजकल लोगों का ध्यान भटकाने के लिए बहुत सारी चीजें हैं, चाहे वो सोशल मीडिया हो या कोई ट्रेंड हो। जब हम अपने पर्पस से भटकते हैं तो हमारा माइंड स्टेबल नहीं रहता है। मैं कोशिश करता हूं कि अपने काम पर अधिक से अधिक फोकस करूं। इसके अलावा हमेशा खुश रहने की कोशिश करता हूं, ताकि मेंटल टेंशन से बचा रहूं। *

प्रस्तुति: सेहत डेस्क

# प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास से रोजगार और व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के लिए छिंदवाड़ा में 4 जिलों के उद्यमियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास से रोजगार और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। इसके लिए मप्र में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव कराई जा रही है। उन्होंने प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए 20 जुलाई को जबलपुर में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को सफल बनाने के लिए मंगलवार को छिन्दवाड़ा जिले के अमरवाड़ा में हुई उद्योग संघों व उद्योगपतियों की बैठक में यह विचार व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्थानीय उद्यमियों के साथ बाहर के उद्यमियों को जोड़कर प्रदेश के सभी अंचल में सरकार समान रूप से विकास करना चाहती है, जिसमें कृषि, रोजगार, व्यापार, पर्यटन आदि की दिशा में एक नए उपलब्धि को हासिल किया जा सके। इसमें कई सारी कठिनाइयां आती हैं, लेकिन सकारात्मक सोच से आगे बढ़कर उनका निराकरण करें। छोटे-बड़े, मंझौले सभी उद्यमी सरकार के साथ कदम-कदम से मिलाकर चलेंगे तो विकास की एक नई धारा प्रवाहित होगी।

### खास बातें

- सीएम ने कहा-छोटे-मंझोले सभी उद्यमी कदम से कदम मिलाकर सरकार के साथ चलेंगे तो विकास की एक नई धारा प्रवाहित होगी
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने की उद्योग संघों व उद्योगपतियों से निवेश को प्रोत्साहित करने की अपील

### 5 साल में मप्र की जीडीपी को डबल करने का लक्ष्य



मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी तक इंदौर में इंडस्ट्री सम्मिट होती थी, लेकिन अब यह प्रदेश के अन्य भागों में भी होगी और वहां की औद्योगिक कठिनाइयों को दूर किया जाएगा। उन्होंने उद्योग संघों व उद्योगपतियों से कहा कि वे निवेश को प्रोत्साहित करें। इसके लिए उन्हें औद्योगिक नीति अनुसार सुविधा प्रदान की जाएगी। आने वाले 5 साल में प्रदेश की जीडीपी को डबल करने के लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए निवेश को प्रोत्साहित करना है।

### छोटे उद्यमियों के विजन का भी सम्मान करें: वीडी

सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि विकास आपके लिए और आपके द्वारा हो, इसलिए 20 जुलाई की तैयारियों को लेकर उद्योगपतियों की बैठक आयोजित की गई है। प्रदेश के विकास में छोटे-छोटे उद्यमियों के विजन का भी सम्मान करें। उन्होंने औद्योगिक समस्याओं के निराकरण के लिए सिंगल विंडो सिस्टम अपनाने को कहा। क्षेत्रीय विकास के लिए जिले की संभावनाओं को पहचानने और उस दिशा में आगे बढ़ने के साथ नौजवानों को औद्योगिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया।

### लघु उद्योगों को प्रोत्साहन मिले

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी जिला कलेक्टरों से उद्योग और व्यापार संघों की कठिनाइयों को समझने तथा उसे दूर करने और निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए कहा, ताकि लघु उद्योगों को प्रोत्साहन मिले और उनकी बेहतरी के लिए सुझाव भी हो। उन्होंने दुग्ध उद्योग को बढ़ावा देने के लिए हो रहे प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने जिले एवं संभाग में उद्योगों की संभावनाओं की दिशा में कारगर कार्य करने को निर्देशित किया।

### जो बेहतर हो सकता है, उस दिशा में निवेश में अनुकूलता लाना है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार जो बेहतर हो सकता है, उस दिशा में निवेश में अनुकूलता लाना है। औद्योगिक विकास के लिए प्रदेश में पर्याप्त लैंड बैंक है। बैठक में उन्होंने औद्योगिक निवेश में रोजगारमूलक गतिविधि और स्थानीय उत्पादों के प्र-संस्करण पर जोर दिया गया। उन्होंने उद्योगों के स्थापना में सब्सिडी का जिक्र करते हुए बॉयर- सेलर के बीच की कठिनाइयों को दूर कर उद्योग और व्यापार की दिशा में आगे बढ़ने को कहा। इन सब बातों में उन्होंने स्थानीयता को विशेष महत्व देते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर कच्चे-माल को उपयोगी बनाए और रोजगार पाने वालों की संख्या बढ़ाएं।

### उद्योगपति वर्चुअल रूप से बैठक में शामिल हुए

उद्योग संघों की बैठक में छिन्दवाड़ा के उद्यमियों ने जहां प्रत्यक्ष रूप से बैठक में सहभागिता की। सिवनी, बालाघाट, पांढुर्णा के उद्योगपति वर्चुअल रूप से बैठक में शामिल हुए। विभिन्न उद्योगपतियों ने विकास के लिए अपने-अपने विचार व्यक्त किए। छिन्दवाड़ा के राकेश जुनेजा, बोरगांव के उद्योगपति रीतेश जैन, सुमेर सिंह, अजय सक्सेना ने विभिन्न सुझाव दिए। पांढुर्णा से उद्यमी आरएन द्रविड़, उद्योगपति सुभाष बुधराजा, जितेन्द्र पटेल ने औद्योगिक नीतियों को और अधिक फ्रेंडली बनाने संबंधी विचार व्यक्त किए। बालाघाट के उद्योगपति अतुल, हर्ष द्विवेदी, प्रत्यूष नेमा, अभिषेक जेठानी ने फूड प्रोसेसिंग और योगेन्द्र पाठक ने मैगनीज यूनिट स्थापित करने की दिशा में अपने विचार व्यक्त किए। प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं प्रोत्साहन ने औद्योगिक क्षेत्रों में पानी की समस्या के निदान के साथ औद्योगिक नीति की जानकारी देते हुए कहा कि आईटी क्षेत्र को प्रोत्साहन करने के लिए विशेष कार्ययोजना है।

## खबर संक्षेप

### बिजली कंपनी की मानव संसाधन टीम सम्मानित

**भोपाल।** कौशल विकास एवं रोज़गार मंत्री गौतम टेटवाल ने विश्व युवा कौशल दिवस पर आईटीआई गोविंदपुरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना में आईटीआई के छात्रों को व्यवहारिक प्रशिक्षण देने के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को सम्मानित किया गया। उक्त योजना के अल्प समय में सफल क्रियान्वयन के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मानव संसाधन विभाग की टीम एवं उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रूपाली बैरागी को सम्मानित किया गया। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की ओर से मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) मेहताब सिंह एवं महाप्रबंधक (मानव संसाधन) केके रात्रे ने प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया।

### अंतर्विभागीय राज्य स्तरीय समिति का गठन

**भोपाल।** राज्य शासन ने मप्र के राष्ट्रीय उद्यानों एवं वन्यजीव अभ्यारण्यों के अधिसूचित इको सेंसेटिव जोन्स का जोनल मास्टर प्लान मप्र टूरिज्म बोर्ड की ओर से बनाया जा रहा है। उक्त जोन मास्टर प्लान के गजट नोटिफिकेशन से पूर्व परीक्षण एवं स्पष्ट अनुशंसा के लिए अंतर्विभागीय राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष अपर मुख्य सचिव, वन विभाग होंगे। समिति में सदस्य के रूप में अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विभाग, प्रमुख सचिव, पर्यावरण विभाग, प्रमुख सचिव, नगरीय विकास एवं आवास विभाग और समिति के सदस्य सचिव के रूप में प्रमुख सचिव, पर्यटन विभाग होंगे। समिति के सदस्य सचिव अन्य सभी संबंधित विभागों से समान्वय स्थापित कर प्रति सप्ताह कार्य में हो रही प्रगति की स्थिति से अवगत कराएंगे।

### एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधरोपण

**भोपाल।** लोक निर्माण विभाग भोपाल के अन्तर्गत चार इमली स्थित खेल मैदान 5 नम्बर स्टॉप स्थित जवाहर बाल उद्यान तथा चिनार पार्क में लगभग 200 पौधों का पौधरोपण किया गया। इस विशेष अभियान में मध्यप्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव विनोद कुमार प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग आरके मेहरा, मुख्य अभियंता भोपाल परिक्षेत्र, लोक निर्माण विभाग संजय मस्के व योगेन्द्र कुमार अधीक्षण यंत्री राजधानी मण्डल, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### यूजीसी नियमों की अनदेखी का विरोध

**भोपाल।** मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा हाल ही में जारी किए गए पीएमश्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के विज्ञापन ने उच्च शिक्षा जगत में एक विवाद खड़ा कर दिया है। इस विज्ञापन के माध्यम से नियुक्तियों में यूजीसी (यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन) के नियमों की स्पष्ट अनदेखी की गई है। यह आरोप प्रगतिशील सहायक प्राध्यापक कल्याण संघ, भोपाल द्वारा एक ज्ञापन के माध्यम से लगाया गया है।

## कहा, जन-सहभागिता को प्रोत्साहित कर सिंहस्थ के कार्यों को बढ़ाएं आगे

# उज्जैन के विकास कार्यों की प्राथमिकता तय कर उनका क्रियान्वयन करें सुनिश्चितः मुख्यमंत्री

*रोजगार के अधिकतम अवसरों के सृजन के लिए लघु-कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित करें*

*स्व-सहायता समूह को प्रदान किया एक करोड़ 47 लाख की ऋण राशि का चेक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए संकल्प के साथ विकास का क्रम निरंतर जारी है। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के ध्येय वाक्य को अंगीकार करते हुए हम सभी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी शासन की प्रमुख फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ धरातल तक पहुंचाएं। जन सामान्य की मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं का निराकरण संवेदनशीलता और तत्परता से किया जाए। जाति और निवास प्रमाण-पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरल बनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन के आस्था गार्डन में आयोजित जन संवाद शिविर को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने शिविर में उपस्थित नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी एवं जिला प्रशासन को निराकरण के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री की ओर से शिविर में उज्जैन आजीविका स्व-सहायता समूह की महिलाओं को एक करोड़ 47 लाख रुपए ऋण राशि का चेक प्रदान किया गया।

### प्रदेश का गौरव है बाबा महाकाल की सवारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में विकास कार्यों की प्राथमिकता तय करते हुए कार्यों को पूर्ण कराएं। एक जिला-एक उत्पाद के तहत उज्जैन में चयनित बुटिक प्रिंट के साथ हैंडलूम, पॉवरलूम, लघु, कुटीर और फुटकर उद्योगों को भी समान रूप से बढ़ावा मिले, जिससे रोजगार के अधिक से अधिक अवसरों का सृजन हो सके। उन्होंने कहा कि उज्जैन में भगवान की मूर्तियां, वस्त्र और पूजन सामग्री बनाने का काम भी आरंभ किया जाएगा। बाबा महाकाल की सवारी उज्जैन ही नहीं, पूरे प्रदेश का गौरव हैं। सवारी में जनजातीय जिले डिंडौरी, मंडला, बालाघाट आदि के नृत्य कलाकारों को भी शामिल किया जाए। बाबा महाकाल की सवारी में मंत्रीगण भी शामिल होंगे।

### मुख्यमंत्री ने विद्यालयीन पत्रिका दुहिता का किया विमोचन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमरवाड़ा में पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरवाडा की पत्रिका 'दुहिता' का विमोचन किया। खजुराहो सांसद वीडी शर्मा भी उनके साथ मौजूद रहे। पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार नेमा ने बताया कि विद्यालय अमरवाड़ा अपने अनुशासन, पर्यावरण संरक्षण, हरे-भरे परिसर एवं उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए जाना जाता है। विद्यालयीन पत्रिका में छात्राओं की ओर से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ शीर्षक में विभिन्न रचनाएं संकलित हैं। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विभिन्न विषयों पर रोचक लेख कविताएं एवं लघुकथाएं प्रकाशित की हैं। इस मौके पर जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस एवं शैक्षणिक अधिकारियों सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, रेडक्रॉस तथा स्कॉउट गाइड की छात्राएं उपस्थित थी।

### सिंहस्थ के नोटिफाइड एरिया को चिन्हित कर विकास कार्यों को गति प्रदान करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ के नोटिफाइड एरिया को चिन्हित कर विकास कार्यों को गति प्रदान करें। उज्जैन नगर से महानगर की ओर अग्रसर हो रहा है। देश-विदेश में नगर की सकारात्मक छवि निर्मित करने की दिशा में सभी को समन्वित रूप से प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन सहभागिता से सिंहस्थ के कार्यों को आगे बढ़ाएं। हरिद्वार की तर्ज पर उज्जैन का स्थाई रूप से विकास किया जाए। उन्होंने अतिक्रमण न होने देने और नीति संगत निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उज्जैन के देवस्थानों और घाटों का भी जीर्णोधार किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंजीनियरिंग कॉलेज में आईटी पार्क बनाने के प्रयास किए जाएंगे। उज्जैन के लिए मेडिसिटी बड़ी सौगात है। उन्होंने मेडिसिटी के कामों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री व प्रदेशाध्यक्ष का अमरवाड़ा में भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चुनाव के दौरान हमने जो वादे किए थे, उनमें से कोई वादा अधूरा नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि यहां खेतों की हरियाली कम नहीं होने देंगे, हर खेत तक पानी पहुंचाएंगे। जिन लोगों को बांध का मुआवजा नहीं मिला है, उन्हें मुआवजा देंगे।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को अमरवाड़ा में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने सभा को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बहन-बेटियों की कोई योजना बंद नहीं होगी। सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम से उनकी बेहतरी के प्रयास करेंगे। जो युवा परीक्षाओं की कोचिंग करना चाहते हैं, उनकी फीस, रहने की व्यवस्था सरकार करेगी। जिन आदिवासी भाईयों के पास पक्के मकान नहीं हैं, उन्हें पक्के मकान दिए जाएंगे। सीएम आवास योजना की किश्ते जो लोग नहीं भर पाए हैं, उनकी किश्तें भी सरकार भरेगी। शर्मा ने कहा कि भाजपा और भाजपा सरकार छिंदवाड़ा और अमरवाड़ा के विकास के लिए संकल्पित है। चुनाव के समय भाजपा ने जो कहा, वह भाजपा सरकार कर रही है। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने अमरवाड़ा के हर गांव में घर-घर पानी पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन के तहत 25 करोड़ की सौगात दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद शर्मा ने अमरवाड़ा में सकरवाड़ा चौराहे से होटल तुलसा तक रोड-शो कर अमरवाड़ा उपचुनाव में मिली भाजपा को जीत पर जनता का आभार व्यक्त किया। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने जनता का अभिवादन किया। रोड-शो में उमड़े जनसैलाब ने सड़क के दोनों किनारे खड़े होकर पुष्प-वर्षा करते हुए रोड-शो का स्वागत किया।

# छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री की केंद्रीय मंत्रियों से मदद की अपील, मंडाविया से बेरोजगारी पर काबू पाने वाली योजनाएं तो रेल मंत्री से 4 परियोजनाओं की मांगी सौगात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और श्रम एवम्-रोजगार, युवा मामले खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया से अलग अलग मुलाकात कर राज्य के विभिन्न केंद्रीय परियोजनाओं को गति देने और राज्य योजनाओं में मदद का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने राज्य में बेरोजगारी दर को कम करने के लिए केंद्र सरकार से और अधिक सहयोग की मांग की।

मुख्यमंत्री ने डॉ. मंडाविया से अनुरोध किया कि केंद्र सरकार इन योजनाओं को और अधिक समर्थन दे, ताकि राज्य के युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। डॉ. मंडाविया ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रयासों की सराहना की और राज्य में विकास की दिशा में उठाए गए कदमों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ को हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर राज्य की विभिन्न नई रेल परियोजनाओं पर चर्चा की। रेल भवन में हुई बैठक



में मुख्यमंत्री साय ने राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए रेल नेटवर्क के विस्तार की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने राज्य की चार प्रमुख रेल परियोजना धर्मजयगढ़-पत्थलगांव, लोहरदगा नई लाइन परियोजना, अंबिकापुर-बरवाडीह नई लाइन परियोजना, खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा नई रेल लाइन परियोजना और रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइन परियोजना के जल्द शुरू करने का आग्रह किया।

### रेल परियोजनाएं जल्द पूरा हों:-

**धर्मजयगढ़-पत्थलगांव-लोहरदगा नई लाइन परियोजना** (240 किमी)
मुख्यमंत्री ने बताया कि यह परियोजना क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है। यह पत्थलगांव, कुनकुरी, जशपुर नगर, गुमला आदि महत्वपूर्ण शहरों को जोड़ती है। यह उत्तरी छत्तीसगढ़ क्षेत्र को झारखंड से जोड़ेगी और कोरबा-धर्मजयगढ़ परियोजना के कार्य प्रगति पर है। इस परियोजना के माध्यम से औद्योगिक (कोरबा) क्षेत्र को लोहरदगा से जोड़ने की योजना है। इसके अतिरिक्त, यह क्षेत्र को पूर्व में कोरबा और रांची के होकर मध्य भारत से जोड़ेगी। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 16 हजार करोड़ रुपए है।

**अंबिकापुर-बरवाडीह नई लाइन परियोजना** (200 किमी)
इस परियोजना की मांग आजादी से पहले 1925 में की गई थी। हालांकि, 1948 में मंजूरी मिलने के बावजूद यह परियोजना अब तक अधूरी रही। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह परियोजना अंबिकापुर (उत्तरी छत्तीसगढ़) को बरवाडीह (झारखंड) से जोड़ेगी और परसा, राजपुर, चंदनपुर आदि महत्वपूर्ण शहरों को कनेक्ट करेगी। इस परियोजना के माध्यम से देश के उत्तरी और पूर्वी हिस्से में कोयला और अन्य खनिजों के परिवहन के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 9 हज़ार करोड़ रुपए है।

**खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा नई रेल लाइन परियोजना** (277 कि7मी)
मुख्यमंत्री ने बताया कि यह परियोजना देश के पश्चिमी क्षेत्र में कोयला क्षेत्र, एसईसीएल और एमसीएल कोयला क्षेत्रों की निकासी के लिए एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करती है। यह बिलासपुर और रायपुर स्टेशनों को बायपास करते हुए बलौदाबाजार के समेत समृद्ध क्षेत्र को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 8 हज़ार करोड़ रुपए है।

**रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइन परियोजना** (140 किमी)
रेलवे पहले से ही दल्ली-राजहरा-रावघाट 95 किमी नई रेलवे लाइन का निर्माण कर रही है। मुख्यमंत्री साय ने सुझाव दिया कि इस लाइन को जगदलपुर तक बढ़ाया जाए, ताकि आदिवासी क्षेत्र का आर्थिक और सामाजिक विकास किया जा सके। यह परियोजना छत्तीसगढ़ के खनिज समृद्ध क्षेत्र से इस्पात उद्योगों तक लौह अयस्क की निकासी के कुशल और पर्यावरण अनुकूल साधन प्रदान करेगी। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 35 हज़ार करोड़ रुपए है। बैठक के दौरान केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन परियोजनाओं पर तेजी से काम करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं राज्य के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं और रेलवे मंत्रालय इन्हें प्राथमिकता देगा। यह सौगातें मिलने पर पूरे छत्तीसगढ़ का विकास तेज रफ्तार से हो सकेगा।

## डॉ. यादव ने अमरवाड़ा में 127 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन-लोकार्पण

# रोजगार के अवसर बढ़ाने स्थापित की जाएगी उद्योगों की श्रृंखला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि रोजगार के अवसर बढा़ने के लिए महाकौशल सहित पूरे प्रदेश में उद्योगों की श्रृंखला स्थापित की जाएगी। इससे युवाओं को रोज़गार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दो लाख भर्तियां करने की तैयारी कर रही है।

विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों के लिए रहने, खाने एवं कोचिंग की फीस भी देने की व्यवस्था की जाएगी। ज़िला प्रशासन ऐसे विद्यार्थियों की सूची तैयार करें। उनके सपनों को साकार करने में सरकार मदद करेगी। कार्यक्रम में विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए।

### कृषि उपज मंडी प्रागंण में आयोजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा कृषि उपज मंडी प्रागंण में आयोजित 127 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों एवं किसानों के हितों की रक्षा की गारंटी प्रदेश सरकार की है। जनता से किए वादे पूरे करने की शुरुआत हो गई है। मुख्यमंत्री ने छिन्दवाड़ा जिले को प्रदेश का मोर-मुकुट बताते हुए कहा कि इस क्षेत्र को प्रकृति ने खूब संवारा है। छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा की नैसर्गिक सुंदरता मन मोह लेती है। आज आभार रैली में लोगों का जनसैलाब देखकर लगता है कि होली एवं दीपावली का त्यौहार मन रहा है।

### विभिन्न योजनाएं यथावत संचालित होती रहेंगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सरकार की ओर से संचालित की जाने वाली विभिन्न योजनाएं यथावत संचालित होती रहेगी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत स्व-सहायता समूह की महिलाओं के लिए नवीन योजनाएं लाई जाएगी। इन सबके लिए प्रदेश सरकार का बजट अब पूर्व के बजट से 20 प्रतिशत से अधिक रखने का लक्ष्य है। इनमें सभी वर्गों का ध्यान रखा जाएगा। आने वाले 5 वर्षों में बजट दोगुना किया जाएगा। किसान सम्मान निधि के लाभ से छूटे किसानों को किश्त देंगे, जाति प्रमाण पत्र बनाने का कार्य भी सरकार की ओर से किया जा रहा है। अन्नदाता किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिलें, हर किसान के खेत तक पानी पहुंचे इसके लिए बांध बनाने की योजना भी शुरू हो चुकी है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) (ii) CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नामः मोहित, पुत्रः समुंद्र उर्फ मेंडे, निवासीः माज़रा रोड़ के पास, वीपीओ-लाडपुर, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 4247/2019, 4507/219, 7814/2019 U/s 138** एनआई अधिनियम के तहत एक मामला **थाना कंझावला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **मोहित** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **मोहित** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **मोहित** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.08.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**अपूर्व भारद्वाज**
**एलडी. एमएम, कमरा नं.-113**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/9297/RD/2024**

## चिंतन

# मॉरीशस को चागोस द्वीप पर भारत का समर्थन

विदेश मंत्री एस जयशंकर की मॉरीशस यात्रा कूटनीतिक व सामरिक लिहाज से अहम है। भारत और मॉरीशस के संबंध ऐतिहासिक व सांस्कृतिक हैं। जयशंकर अपनी इस यात्रा के दौरान मॉरीशस और यूनाइटेड किंगडम के बीच चल रहे चागोस द्वीप समूह को लेकर विवाद में भारत ने खुलकर मॉरीशस का पक्ष लिया है और भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस द्वीप समूह पर मॉरीशस के दावे का समर्थन किया है। भारत के यूके से भी बेहतर संबंध हैं व अमेरिका से भी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत व मॉरीशस के द्विपक्षीय संबंध बेहद मजबूत हैं। चागोस द्वीप समूह पर मॉरीशस के दावे का समर्थन मॉरीशस के साथ भारत की विशेष और स्थायी साझेदारी के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। जयशंकर ने मॉरीशस-भारत संबंधों और हिंद महासागर क्षेत्र की समृद्धि और कल्याण के लिए इसके महत्व पर चर्चा की है। मॉरीशस चागोस द्वीप समूह को अपना हिस्सा मानता है और उस पर अपनी संप्रभुता का दावा करता है, जबकि इस पर कब्जा ब्रिटेन का है। ब्रिटेन ने इस द्वीप समूह को संयुक्त राज्य अमेरिका को सैन्य अड्डा बनाने के लिए किराए पर दे दिया था, तब से विवाद जारी है। भारत ने मंगलवार को चागोस द्वीप समूह के मुद्दे पर मॉरीशस को अपना समर्थन दोहराया, जिसकी हिंद महासागर में स्थित द्वीपीय राष्ट्र ने तुरंत सराहना की। जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए मॉरीशस के नेतृत्व के साथ बातचीत के लिए दो दिन के दौरे पर रहे। ये आपसी संबंध हिंद महासागर क्षेत्र के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। चागोस द्वीप समूह को लेकर भारत ने अपना पक्ष रखकर बड़ा कूटनीतिक संदेश दिया है। जयशंकर ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ के साथ एक कार्यक्रम में कहा कि चागोस के मुद्दे पर भारत उपनिवेशवाद के उन्मूलन और राष्ट्रों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए अपने मुख्य रुख के अनुरूप मॉरीशस को अपना निरंतर समर्थन जारी रखेगा। भारत ने हमेशा उपनिशेववाद के अंत, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा पर बल दिया है। चागोस द्वीप समूह 60 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल में फैला 58 द्वीपों से बना एक प्रवालद्वीप समूह है, जो मॉरीशस के मुख्य द्वीप से लगभग 2,200 किमी उत्तर-पूर्व में और तिरुवनंतपुरम से लगभग 1,700 किमी दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। चागोस द्वीप समूह 18वीं शताब्दी से मॉरीशस गणराज्य का हिस्सा रहा है, जब यह एक फ्रांसीसी उपनिवेश था और इसे आइल डी फ्रांस के नाम से जाना जाता था। हिंद महासागर में स्थित इस द्वीप समूह पर ब्रिटेन ने 1814 में मॉरीशस के साथ दावा किया था। 1966 में ब्रिटेन ने चागोस द्वीप समूह के सबसे बड़े द्वीप डिएगो गार्सिया को अमेरिका को पट्टे पर दे दिया, जो इस क्षेत्र में एक सैन्य अड्डा बनाने की मांग कर रहा था। इस कदम के कारण 1960 और 1970 के दशक में लगभग 2,000 चागोसियन को जबरन हटा दिया गया, जिन्हें सैकड़ों मील दूर मॉरीशस और सेशेल्स में भेज दिया गया। चागोसियन जो ज्यादातर 18वीं शताब्दी में द्वीपों पर लाए गए अफ्रीकी दासों के वंशज हैं। वे तब से अपने देश लौटने के अधिकार के लिए लंबी कानूनी लड़ाई में लगे हुए हैं। चागोस को लेकर भारत पहले से मॉरीशस का समर्थन करता रहा है। उपनिवेश होने का दर्द भारत जानता है। चागोस को लेकर मॉरीशस को भारत के समर्थन का सामरिक महत्व भी है कि इस क्षेत्र में भारत के सैन्य रूप से और मजबूत होने का मार्ग प्रशस्त होगा। हिंद महासागरीय देश भारत के सामरिक ताकत के लिए अहम हैं।

## मुद्दा

मनोज कुमार अग्रवाल



# जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को कुचलना आवश्यक

जम्मू कश्मीर के डोडा में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन के दौरान सोमवार रात सुरक्षाबलों की आतंकवादियों से मुठभेड़ में सेना के एक अफसर समेत चार जवान शहीद हो गए हैं। एक माह के भीतर आतंकी वारदातों में हमारे 12 जांबाज जवान व अफसर तथा नौ आम नागरिक मारे जा चुके हैं। जिस तरह पाकिस्तान परस्त आतंकी जम्मू-कश्मीर में लगातार सैन्य वाहनों और सैनिकों पर ताबड़तोड़ हमले कर खून खराबा कर रहे हैं उससे पता चलता है कि पाक पोषित आतंकवादियों का इन दिनों हौसला कितना बढ़ गया है। इसे तत्काल कुचलने की जरूरत है, हम अपने जवानों की शहादत को यूं ही जाया होने नहीं दे सकते।

मीडिया में आई जानकारी के मुताबिक, अमेरिकी फौज ने भागते समय अफगानिस्तान में जो आधुनिक हथियार छोड़े थे, वे अफगानिस्तान से पाकिस्तान के दहशतगर्दों के जरिए भारत के खिलाफ इस्तेमाल किए जा रहे हैं। यही कारण हैं कि वे हथियार अब आतंकियों तक पहुंच रहे हैं और उन्हीं का उपयोग हमारी सेना को नुकसान पहुंचाने के लिए किया जा रहा है और हमारे सैनिकों को अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। इस ताज़ा वारदात में बीते सोमवार की शाम डोडा में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन चल रहा है।

बढ़ते आतंकी हमलों में के बाद सरकार को गंभीरता से सख्त कार्रवाई और आतंकवाद पर नियंत्रण के लिए नई स्ट्रेटजी तैयार करनी चाहिए। जब इजराइल आतंकी गुट हमास को खत्म करने के लिए गाजा में कार्रवाई कर रहा है, तो भारत को भी आतंकवाद की जड़ों को खत्म करने के लिए सैन्य कदम क्यों नहीं उठाना चाहिए? 9 जून को आतंकियों ने जम्मू के रियासी में तीर्थयात्रियों से भरी बस को निशाना बनाया, जिसमें 9 लोग मारे गए। फिर, आतंकियों ने कठुआ में 8 जुलाई को सेना की गाड़ी को टारगेट किया, जिसमें 5 जवान शहीद हो गए थे।

नौशेरा में 10 जुलाई को आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की, हालांकि वह नाकामयाब रही। लेकिन 16 जुलाई यानी की आज आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के 4 जवान शहीद हो गए और एक पुलिसकर्मी की भी मौत हो गई। पिछले एक महीने के अंदर आतंकी 7 बड़ी वारदातों को अंजाम दे चुके जिनमें 12 जवान शहीद हुए हैं और 9 आम नागरिकों की मौत हुई है। 11 जून को जम्मू कश्मीर के कठुआ के एक गांव में आतंकी घुस आए थे। इसके बाद आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकियों को ढेर कर दिया गया था। कठुआ जिले के गांव में हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षाबलों का ऑपरेशन शुरू हुआ था। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में सेना के अस्थायी ऑपरेटिंग बेस पर 12 जून को आतंकियों ने गोलीबारी की थी। इस दौरान सेना के दो जवान घायल हो गए थे। मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया था। इसके साथ ही एक नागरिक घायल भी हो गया था। रियासी और कठुआ के बाद जम्मू इलाके में यह तीन दिनों में तीसरा आतंकी हमला था। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम के दो गावों में 6 जुलाई को हुए एनकाउंटर में 2 जवान शहीद हो गए थे। गोली में लांस नायक प्रदीप नैन (पैरा कमांडो) और आरआर के हवलदार राज कुमार शहीद हुए थे। राजौरी के नौशेरा सेक्टर में 10 जुलाई को आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की थी। जम्मू कश्मीर के राजौरी में 7 जुलाई को सेना के शिविर पर आतंकी हमला हुआ था।

मौजूदा घटना के बाद सेना की अन्य टीमें भी मौके पर पहुंचीं और सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। हालांकि, आतंकियों का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। इस हमले की जिम्मेदारी कश्मीर टाइगर्स नाम के आतंकी संगठन ने ली है। कश्मीर टाइगर्स जैश का ही संगठन है, जिसने कठुआ में जवानों के काफिले पर हमले की जिम्मेदारी ली थी।आतंकियों की तलाश के लिए हेलिकॉप्टर से निगरानी रखी जा रही है और चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। दरअसल, यहां आतंक विरोधी अभियान चलाना सबसे चुनौतीपूर्ण और कठिन माना जाता है। पिछले एक महीने से जम्मू के जंगलों और पहाड़ी इलाकों में लगातार सर्च ऑपरेशन चल रहा है। पहाड़ी इलाकों में ही आतंकियों का ज्यादा मूवमेंट है। यहां आतंकियों के अड्डे होने की खबरें हैं। जम्मू के तीन-चार जिलों के पहाड़ी इलाके में 50 से 60 आतंकियों के छिपे होने की खबर है। जरूरत इस बात की है कि भारत सरकार अपने सैनिकों को आधुनिक हथियार उपलब्ध कराने के साथ ही इजराइल की तर्ज पर पाकिस्तान की सीमा से चल रहे आतंकवाद की जड़ों को उखाड़ फेंकने की दिशा में आगे बढ़े। जम्मू-कश्मीर में आतंकियों को कुचलना आवश्यक है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



करवट
कुमार प्रशांत


अपने-अपने देश में गोली की बोली से बात करने में जो सभी सत्ताधीश हैं, वे सभी अमरीका में गोली की बोली की इस घटना से सदमे में हैं - कम-से-कम ऐसा दिखा तो रहे ही हैं !! हमारे प्रधानमंत्री मोदीजी को सदमा लगा है कि 'मेरे मित्र ट्रंप' के साथ ऐसा हादसा हुआ ! मोदीजी, अगर ट्रंप आपके मित्र नहीं होते तो ? फिर भी सदमा होता ? इतना होता कि आप बयान दे कर अपना सदमा जगजाहिर करते ? सोचिएगा ! आपने कहा कि राजनीति में हिंसा की कोई जगह नहीं है। अगर यह सच है तो हिंसा, घृणा, द्वेष, झूठ, हिंसक भाषा व हिंसक मुद्रा की छौंक से चलने वाली आपकी अब तक की राजनीति क्या है ? हिंसा के पनपने व फूटने की जमीन जितनी तरह से तैयार हो सकती है, उतनी तरह से पिछले 10 सालों में आपकी तरफ से तैयार की गई है।

# गोली की बोली

ओ अमरीका में फिर बंदूक गो भी सुनेगा, पलट कर पूछेगा कि कब; क्योंकि वहां अकारण, असमय व सबसे अप्रत्याशित जगहों पर गोली बरसा कर दो-पांच-दस लोगों-बच्चों-महिलाओं को मार गिराना आम खबर की तरह होता है। यह अमरीकी समाज है जहां पागलपन सामान्य-सा बन गया है। लेकिन इस बार जो हुआ उसके निशाने पर पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप थे। छटांक भर की दूरी से मौत उन्हें छू कर निकल गई - उनका कान मौत के रास्ते में आ गया तो वह बेचारा थोड़ा घायल हो गया। घटना को देखने व जाननेवाले और गोली खाने से बच जाने वाले ट्रंप बता रहे हैं कि यह ईश्वर ही था कि जो उन्हें बचा ले गया। कैसा विद्रूप है कि जब हमारी जान बच जाती है तब हमें ईश्वर की साक्षात उपस्थिति महसूस होती है, जब हम दूसरों की जान लेते हैं तब कहां का ईश्वर और कहां की उसकी साक्षात उपस्थिति ! दुख में सुमरन सब करैं/ सुख में करे ना कोई / जो सुख में सुमरन करैं/ तो दुख काहे को होई ! इसलिए ट्रंप पर चली गोली के समर्थन या विरोध का सवाल नहीं है। सवाल गोली की इस बोली को समझने व समझाने का है।

अपने-अपने देश में गोली की बोली से बात करने में जो सभी सत्ताधीश हैं, वे सभी अमरीका में गोली की बोली की इस घटना से सदमे में हैं - कम-से-कम ऐसा दिखा तो रहे ही हैं !! हमारे प्रधानमंत्री मोदीजी को सदमा लगा है कि 'मेरे मित्र ट्रंप' के साथ ऐसा हादसा हुआ ! मोदीजी, अगर ट्रंप आपके मित्र नहीं होते तो ? फिर भी सदमा होता ? इतना होता कि आप बयान दे कर अपना सदमा जगजाहिर करते ? सोचिएगा ! आपने कहा कि राजनीति में हिंसा की कोई जगह नहीं है। अगर यह सच है तो हिंसा, घृणा, द्वेष, झूठ, हिंसक भाषा व हिंसक मुद्रा की छौंक से चलने वाली आपकी अब तक की राजनीति क्या है ? हिंसा के पनपने व फूटने की जमीन जितनी तरह से तैयार हो सकती है, उतनी तरह से पिछले 10 सालों में आपकी तरफ से तैयार की गई है।

दुनिया के दूसरे कुछ हुक्मरानों ने भी गोली की बोली पर ऐतराज उठाया है। इनमें इसराइल के बेंजामिन नेतन्याहू भी हैं और फ्रांस के मैक्रो भी और दूसरे सारे भी कह रहे हैं कि हमारे सभ्य समाज में ऐसी हिंसा की कोई जगह नहीं है। किसी ने यह भी कहा कि लोकतंत्र में हिंसा नहीं चल सकती। ये सच में ऐसा मानते हैं, इसलिए कह रहे हैं; या कह रहे हैं कि हम सच में ऐसा मान लें कि ये सच में ऐसा मानते हैं ? मामला बहुत जटिल है, क्योंकि झूठ को सच बनाना और फिर उसे सच मानना बहुत-बहुत बड़ा झूठ है। हिंसा घटना नहीं है। हिंसा मनोवृत्ति है। जब आप हिंसा को एक परिणामकारी रास्ता मानते हैं तब किसी गांधी की हत्या की लंबी साजिश रचते हैं और प्रार्थना के लिए जाते 80 साल के वृद्ध को, प्रार्थना-स्थल पर पहुंचने से पहले ही भगवान के पास पहुंचा देते हैं। हाथ भी नहीं कांपता है आपका, और इतने लंबे वर्षों में कभी प्रायश्चित का भाव भी नहीं उभरा आपमें ! हम कायर इतने होते हैं कि उस हत्या के 76 साल बाद भी,



एक दशक से ज्यादा समय से सत्ता की चादर ओढ़े रखने के बाद भी, कायरता की धुंध इतनी घनी है कि हर संभव मौकों पर वे सब गांधी की विरुदावलि गाते हैं लेकिन यह कह नहीं पाते हैं कि यह हत्या हमने की है ! जो हिंसक होते हैं वे कायर ही होते हैं; याकि ऐसे कहें कि जो कायर होते हैं, वे ही हिंसक भी होते हैं।

मैं मणिपुर की हिंसा की बात न भी करूं तो भी यह तो कहना ही होगा न कि मोदीजी की भारत सरकार न यूक्रेन की हिंसा के बारे में कभी कुछ बोली, न गजा की हिंसा के बारे में बोली। मित्रों की हिंसा हिंसा नहीं होती है, मित्रों पर हिंसा ही हिंसा होती है, नैतिकता की ऐसी परिभाषा कितनी हिंसक है, इसका हिसाब कोई गांधी ही लगा सकते हैं। भारत की यह चुप्पी और अब यह मुखरता राष्ट्रीय शर्म का सबब है। बेंजामिन नेतन्याहू को भी ट्रंप पर चली गोली से एतराज है, जब कि गजा में दनादन चलती अपनी अमानवीय गोलियों पर उन्हें कभी एतराज नहीं हुआ। फ्रांस में पिछले दिनों हुए विरोध प्रदर्शन को गोली की बोली से ही मैक्रां ने चुप कराया था। और जिस अमरीका में यह गोली चली, उस अमरीका में राष्ट्रपति बाइडन ने उन बच्चों के साथ क्या किया था जो फलस्तीनियों के लिए न्याय की आवाज लगाते हुए वहां के अधिकांश विश्वविद्यालयों में जमा हुए थे ?


डोनाल्ड ट्रंप खुद हिंसा भड़काने व नागरिकों को भीड़ में बदल कर, हिंसा के लिए उकसाने के सबसे बड़े अपराधी हैं। अमरीकी अखबार उनके बारे में लिखते रहे हैं कि वे बला के झूठे, सड़कछाप आदमी हैं जो संयोगवश राष्ट्रपति बन गया था। उन पर अमरीकी अदालतों में मुकदमे भी चल रहे हैं जिसे पूर्व राष्ट्रपति को मिले विशेषाधिकार की आड़ में ट्रंप धता बताने में लगे हैं। पिछली बार राष्ट्रपति का चुनाव हारने के बाद भी वे जिस तरह गद्दी छोड़ने को तैयार नहीं हुए उसने, और जिस तरह उन्होंने अपने समर्थकों को कैपिटल हिल्स में घुस जाने तथा हिंसा, लूटपाट मचाने के लिए ललकारा तथा उस सारे हंगामे को चालना दी उसने, अमरीकी लोकतंत्र का चेहरा खासा धुंधला कर दिया है। ट्रंप जब तक राष्ट्रपति रहे, व्हाइट हाऊस से सफेद चमड़ी का अहंकार, सत्ता की बदबू तथा दौलतमंदों का कुसंस्कार ही अमरीका की पहचान बना रहा। चुनाव जीतना व देश के सर्वोच्च पदों पर जा कर बैठ जाना जैसे भारत में किसी नैतिक श्रेष्ठता का प्रमाण नहीं है - बल्कि उल्टा ही है ! - वैसे ही अमरीका में भी है। मैं तो कहूंगा कि भारत और अमरीका नहीं, सारी दुनिया के लिए यही सच है।

आज अधिकांश अमरीकी नहीं चाहते हैं, न बाइडन की पार्टी ही चाहती है कि बाइडन फिर से राष्ट्रपति बनने की कोशिश करें। उनकी दूसरी योग्यताओं की बात न भी करें हम तो भी यह तो सभी जान व देख रहे हैं कि बाइडन शारीरिक रूप से राष्ट्रपति बनने लायक नहीं हैं। लेकिन बाइडन खुद को खुद ही सर्टिफिकेट देते जाते हैं कि मैं हर तरह से राष्ट्रपति बनने लायक हूं : " या तो मैं या भगवान ही इस बारे कोई दूसरा फैसला कर सकते हैं !" इसे लोकतांत्रिक हिंसा कहते हैं भाई !

असहिष्णुता, घृणा, अंधी स्पर्धा, झूठ, हिंसा आदि कुछ अलग-अलग वृत्तियां नहीं हैं। ये सब एक-दूसरे की संतानें हैं। समाज में आप जैसी वृत्तियों को चालना देते हैं वैसी ही लहरें उसमें उठती हैं। अमरीका में चुनावी बुखार चढ़ता जा रहा है जिसे उन्माद में बदलने की कोशिश में डोनाल्ड ट्रंप लगे हैं। वे जानते हैं कि अमरीकी समाज के दूसरे कई घटकों के खिलाफ उन्माद व असहिष्णुता फैला कर ही वे व्हाइट हाउस में दोबारा प्रवेश पा सकते हैं। वे अपने मित्र से सीखते हों शायद कि यदि यही सब कर के तीसरी बार सत्ता पाई जा सकती है, तो दूसरी बार क्यों नहीं ?

सत्ता सबसे बड़ा सच है, तो हिंसा सबसे बड़ा हथियार है। इसलिए सारे सत्तावान इस सबसे बड़े हथियार पर अपना एकाधिकार चाहते हैं।

## शिव का कोई आरंभ और अंत नहीं




संकलित

दर्शन

शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं। शिव विश्वरूप हैं, जिसका अर्थ है कि संपूर्ण ब्रह्मांड उनका रूप है और फिर भी वे निराकार या अरूप हैं। आप ब्रह्मांड की आदि ध्वनि ओम् की गहराई में जाकर उसे जान सकते हैं। आप शिव को कैसे समझ सकते हैं? केवल ध्यान के माध्यम से। शिवरात्रि से जुड़ी एक सुंदर कथा है। एक बार ब्रह्मांड के निर्माता ब्रह्मा और ब्रह्मांड के संरक्षक विष्णु दोनों शिव के विस्तार को जानना चाहते थे। ब्रह्मा ने कहा, 'मैं ऊपर जाऊंगा और उनके मस्तक की खोज करूंगा और तुम उसके चरण ढूंढोगे।' हजारों वर्षों तक विष्णु शिव के पैरों को खोजने के लिए नीचे की ओर यात्रा करते रहे और ब्रह्मा उनके सिर को खोजने के लिए ऊपर की ओर गए, लेकिन उन्हें वह नहीं मिला। अंततः वे दोनों मध्य में मिले और कहा कि वे भी उन्हें नहीं खोज सके। शिव का कोई आरंभ और कोई अंत नहीं है।

## कपड़े की उपयोगिता दिखावे के लिए नहीं



संकलित

प्रेरणा

संत कबीर रोज अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। कबीर जी के उपदेश सुनने एक धनी व्यक्ति भी आता था। धनी व्यक्ति कबीर दास जी से बहुत प्रभावित था। एक दिन उस धनी व्यक्ति ने देखा कि कबीर दास जी जो कुर्ता पहनते हैं, वह बहुत पुराना हो गया और कुर्ता बहुत ही सामान्य कपड़े से बना था। अगले दिन धनी व्यक्ति एक मूल्यवान कुर्ता लेकर पहुंचा और कबीर दास को उपहार में दे दिया। कुर्ता मखमल से बना था। बाहर की ओर से कुर्ता मखमली था और अंदर की ओर उसमें सामान्य कपड़ा लगा था। धनी व्यक्ति ने सोचा था कि अब कबीर दास जी उसका दिया हुआ कुर्ता पहनेंगे। अगले दिन जब वह व्यक्ति फिर से कबीर दास जी के पास पहुंचा तो उसने देखा कि कबीर जी ने उल्टा कुर्ता पहना है। दरअसल, कबीर दास जी के कुर्ते का मलमल वाला हिस्सा अंदर की ओर था और बाहर सामान्य कपड़ा दिख रहा था। उस धनी व्यक्ति ने कबीर जी से पूछा कि ये आपने क्या किया? आपने तो कुर्ता उल्टा पहना है? सभी लोगों ने भी कबीर दास जी से पूछा कि कुर्ता मूल्यवान है तो आपने इसे उल्टा क्यों पहना है? कबीर जी ने कहा कि ये कुर्ता देखकर मैंने सोचा कि मखमल शरीर को स्पर्श होगा तो शरीर को ज्यादा बेहतर लगेगा, क्योंकि ये कपड़ा तो शरीर के लिए ही हैं। दिखाने के लिए तो साधारण हिस्सा ही काफी है। दूसरों को हमारे कपड़ों से क्या लेना-देना?

## अंतर्मन




### आज की पाती

**रोजगार उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता हो**

वर्ष 1951-52 में जब पंचवर्षीय योजना को हरी झंडी दी गई थी, तब इस पर विनोबा भावे ने कहा था कि सरकार की सभी राष्ट्रीय योजनाओं का मकसद रोजगार बढ़ाना भी होना चाहिए। केंद्र की मोदी सरकार की तीसरी पारी का आम बजट पेश होने वाला है। इस बार के बजट से भी आमजन को बहुत उम्मीदें हैं। वैसे तो आम बजट से सबसे ज्यादा उम्मीद उन लोगों को होती है जिनको अपनी कमाई पर टैक्स की छूट मिलने की आस होती है, दूसरे जिनकी कमाई इतनी ही होती है कि घर का खर्चा मुश्किल होता है, उनको भी उम्मीद होती है कि रोजमर्रा की चीजों के दाम नीचे आने चाहिए। - **महेश काले**, राजनांदगांव

## करंट अफेयर

# सीबीएसई साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं कब और कैसे



सीबीएसई नए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचे (एनसीएफ) के तहत साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने को लेकर दुविधा में है। इस बाबत तीन विकल्पों पर चर्चा कर रहा है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) सेमेस्टर प्रणाली पर भी विचार कर रहा है जिसमें द्विवार्षिक परीक्षाएं शामिल हैं। वर्तमान में, कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षाएं फरवरी-मार्च में आयोजित की जाती हैं। अधिकारियों ने बताया कि विचार-मंथन जारी है और अब तक इस बारे में कोई निर्णय नहीं किया गया है कि वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करने की योजना कब और किस प्रारूप में लागू की जाएगी। एक अधिकारी ने बताया, तीन संभावित विकल्पों पर चर्चा की गई है, जिनमें से एक सेमेस्टर प्रणाली में परीक्षा आयोजित करना है। इसमें पहली बोर्ड परीक्षा जनवरी-फरवरी में और दूसरी मार्च-अप्रैल में आयोजित करना है या फिर कंपार्टमेंट या सुधार परीक्षाओं के साथ जून में बोर्ड परीक्षाओं का दूसरा चरण आयोजित किया जाए। उन्होंने बताया, जिस तरह से हमारा शैक्षणिक कैलेंडर बनाया गया है, साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं का कार्यक्रम और सीबीएसई स्कूल देश भर में और विदेश तक में होने के चलते भौगोलिक चुनौतियां हैं जिससे सेमेस्टर प्रणाली कम व्यवहार्य लगती है।"

## ऑफ बीट

# 50 हजार साल पहले से आग का इस्तेमाल किया जा रहा



2,50,000 साल पहले स्पेन में एक स्थान पर मनुष्यों के पूर्वजों या वनमानुष द्वारा आग के नियंत्रित इस्तेमाल के सबूत मिले हैं। यह यूरोप में आग नियंत्रण के शुरुआती सबूतों से 50,000 साल पुरानी बात है। यह अध्ययन 'नेचर साइंटिफिक रिपोर्ट्स' में प्रकाशित हुआ है। मनुष्यों के पूर्वजों तथा आग के अवशेषों का एक ही स्थान पर मिलना वाकई खास है। यूरोप के बाहर मनुष्यों द्वारा प्राकृतिक आग का इस्तेमाल करने के सबसे पुराने सबूत दक्षिण अफ्रीका में स्वार्टक्रान गुफा से मिलते हैं जहां 10 से 15 लाख वर्ष पहले पशुओं की सैकड़ों जली हुई हड्डियों के साथ वनमानुष के अवशेष पाये गये। मनुष्यों द्वारा जलाई आग के सबसे शुरुआती सबूतों से लगभग एक लाख साल आगे : इजराइल में 7,90,000 साल पुरानी ग्रेशर बेनोट याआकोव नामक एक खुली जगह है। इस स्थान पर मिले साक्ष्यों में जले हुए पौधे और पत्थर के जले हुए औजार शामिल हैं। इजराइल में क्वेसेम गुफा और ताबुन गुफा जैसे अन्य स्थानों पर ही आग जलाये जाने के ऐसे ही सबूत मिले हैं। यूरोप में आमतौर पर यह स्वीकार किया जाता है कि वनमानुष ने कम से कम 3,50,000 साल पहले आग का नियमित रूप से इस्तेमाल किया। कुछ संकेत मिले हैं कि अग्नि नियंत्रण का संबंध एश्यूलिन नामक पत्थर औजार तकनीक के विस्तार से जुड़ा है।

## ट्रेंड

### एकादशी की शुभकामनाएं



आषाढ़ी एकादशी की शुभकामनाएं। भगवान विट्ठल का आशीर्वाद हम पर सदैव बना रहे और हमें आनंद और समृद्धि से भरे समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करें। यह अवसर हम सभी में भक्ति, विनम्रता और करुणा को भी प्रेरित करे। हमें गरीब लोगों की सेवा करने के लिए भी प्रेरित करे।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भुगतान कैसे हुआ



अयोध्या में जिस तरह विकास का पैसा छूमंतर हो गया वैसे ही बिजली के खंभों से लैम्प-लाइट सब कुछ गायब हो गया है। जनता पूछ रही है जब लाइट ही नहीं है तो लाइट के पोल के नाम से भुगतान कैसे हुआ।

-अखिलेश यादव, सपा नेता

### देखकर अच्छा लगता है



राहुल गांधी का हालिया प्रदर्शन असाधारण है और लोग उन्हें आशा के रूप में देख रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि जब वह कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे थे तो राहुल गांधी राहुल मेरे छात्रों में से एक थे। अब उन्हें इस तरह से राजनीति करते हुए देखकर अच्छा लगता है।

-डॉ. अमर्त्य सेन, नोबेल पुरस्कार विजेता

### दोस्ती हो गई



कंगना इज ए गुड फ्रेंड। बॉलीवुड में और कुछ हो न हो, लेकिन कंगना के साथ एक अच्छी दोस्ती जरूर हो गई, वो एक अच्छी चीज थी। मैं संसद में उनको ढूंढ रहा था। पिछले 2-3 साल से मैं बहुत बिजी था, मिल नहीं पाया इसलिए मिलना चाहता था।

-चिराग पासवान, लोजपा सांसद

**अपने विचार**

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# गडकरी ने हरियाणा से संबंधित सड़क परियोजनाओं की नई दिल्ली में की समीक्षा

## मुख्यमंत्री सैनी के साथ राज्य के आला अधिकारियों ने लिया बैठक में हिस्सा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा में सड़कों के ढांचागत तंत्र के विकास को गति देने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से संबंधित अनेक सड़क परियोजनाओं का कार्य अब तेज गति से किया जाएगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में मंगलवार देर शाम हरियाणा से संबंधित सड़क परियोजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा सहित केंद्र व प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी इस बैठक में शामिल हुए।

बैठक में खेड़की दौला टोल प्लाजा को हटाने, कुरुक्षेत्र के लिए नया रिंग रोड तैयार करने तथा जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को फरीदाबाद-बल्लभगढ़ बाइपास से कनेक्टिविटी देने को लेकर मोहना से संबंधित मामले पर सार्थक चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री ने प्रदेश की विभिन्न मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और उन पर शीघ्र ही आगामी कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### प्रदेश में बन सकते हैं बर्ड पार्क और मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क

बैठक में केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि नेशनल हाईवे के समीप बर्ड पार्क बनाने की योजना की संभावनाएं तलाशी जाएं। इसके लिए चार एकड़ जमीन की आवश्यकता है। ये बर्ड पार्क बड़े स्तर पर बनाएं जाएगें और इन्हें तैयार करने की जिम्मेवारी एनएचएआई उठाएगा। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि सड़क किनारे मल्टी मॉडल लॉजस्टिक पार्क बनाने की भी योजना है।

### इन सड़क परियोजनाओं को मिलेगी गति

मुख्यमंत्री सैनी ने बताया कि इस बैठक में रोहतक-जींद चार मार्गीय राजमार्ग, जींद-गोहाना चार मार्गीय राजमार्ग, दिल्ली-अमृतसर एक्सप्रेस-वे, अंबाला-कालाअंब राजमार्ग, जगाधरी-ताजेवाला राजमार्ग, जलबेहरा-शाहाबाद राजमार्ग, भिवानी-हांसी राजमार्ग, भारतमाला परियोजना के तहत बरेली-लुधियाना कॉरिडोर के छः मार्गीय अंबाला-शामली राजमार्ग, अंबाला और करनाल शहरों के रिंग रोड, अंबाला-कोटपुतली कॉरिडोर में चार मार्गीय इस्माइलाबाद-अंबाला राजमार्ग, पिंजौर बाइपास आदि निर्माणाधीन सड़क परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा हुई। जिन परियोजनाओं का कार्य 90 फीसदी से अधिक पूरा हो चुका है उनका निर्माण अगले तीन से चार महीने में पूरा हो जाएगा।

### कुरुक्षेत्र में बाइपास बनाए जाने पर हुई चर्चा, एनएचएआई तैयार करेगा रिपोर्ट

*सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र में बाईपास बनाया जाना समय की आवश्यकता है और बाइपास बनने से शहर में यातायात का दबाव कम होगा। अभी कुरुक्षेत्र में बाइपास न होने से स्थानीय रोड पर ट्रैफिक अधिक रहता है। केंद्रीय मंत्री श नितिन गडकरी ने तत्काल एनएचएआई के अधिकारियों से इस पर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण, लोक निर्माण विभाग (भवन एवं मार्ग) के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (शहरी विकास) डी.एस.ढेसी, गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए. श्रीनिवासन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।*

## खबर संक्षेप

### दो करोड़ के मादक पदार्थ जब्त, तस्कर गिरफ्तार



**मुंबई।** पुलिस ने नवी मुंबई से दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 2 करोड़ से अधिक मूल्य का मेफेड्रोन जब्त किया है। इनकी पहचान सलाउद्दीन अल्लाहुद्दीन शेख और फजल जाफर खान के रूप में हुई है। वे मध्य मुंबई के माहिम के निवासी हैं। एएनसी को सूचना मिली थी कि दो तस्कर अपने ग्राहकों को मेफेड्रोन बेचने नवी मुंबई के वाशी क्षेत्र के सेक्टर 6 में आ रहे हैं, तभी जाल बिछाया।

### चुनाव से पहले जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा दें



**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार को विधानसभा चुनाव से पहले जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करना चाहिए क्योंकि केंद्र शासित प्रदेश आतंकवाद से लड़ने समेत सभी मोर्चों पर विफल रहा है। अब्दुल्ला ने कहा,उम्मीद है कि चुनाव से पहले जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल हो जाएगा।

### ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते में 84,119 बच्चों को बचाया




**नई दिल्ली।** आरपीएफ का ऑपरेशन 'नन्हे फरिश्ते' एक मिशन है जो विभिन्न भारतीय रेलवे जोनों में पीड़ित बच्चों को बचाने के लिए समर्पित है। पिछले सात वर्षों (2018-मई 2024) के दौरान आरपीएफ ने स्टेशनों और ट्रेनों में खतरे में पड़े या खतरे में पड़ने से 84,119 बच्चों को बचाया है।'नन्हे फरिश्ते' सिर्फ एक ऑपरेशन नहीं है, यह उन हजारों बच्चों के लिए एक जीवन रेखा है।

### सुरक्षा मांगने पहुंचा अंतर धार्मिक जोड़ा, केस दर्ज



**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में सुरक्षा की मांग को लेकर पहुंचे एक अंतर-धार्मिक जोड़े को तब मुश्किलों का सामना करना पड़ा जब उनकी याचिका पर सुनवाई कर रही पीठ ने पाया कि उनका निकाह मस्जिद में नहीं बल्कि एक ऑटो-रिक्शा में हुआ था। बयान में मस्जिद का जिक्र था। बेंच ने फतेहगढ़ साहिब के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को जांच सौंप दी।

### बंगाल की नहर में मिला पूर्व मंत्री का शव



**कोलकाता।** सिक्किम के पूर्व मंत्री आरसी पौड्याल का शव पश्चिम बंगाल की एक नहर से बरामद हुआ है। सिक्किम के पूर्व मंत्री आरसी पौड्याल का शव सिलीगुड़ी के पास एक नहर में 9दिन बाद मिला। सिक्किम सरकार ने आरसी पौड्याल की तलाश के लिए एसआईटी का गठन किया था। पुलिस ने बताया कि शव मंगलवार को सिलिगुड़ी के फुलबारी में तीस्ता नहर में तैरता हुआ मिला।

## ममता और नीतीश सरकार को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत

# संदेशखाली मामले की सीबीआई जांच को रोकने के आवेदन को कर दिया खारिज



### *बंगाल में महिलाओं के यौन शोषण, जमीन हथियाने व राशन घोटाले से जुड़ा था केस*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने संदेशखाली में महिलाओं के यौन शोषण और जमीन हथियाने व राशन घोटाले से जुड़े सभी मामलों की जांच सीबीआई को सौंपे जाने के कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की अर्जी को खारिज कर दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने ममता सरकार के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार किसी शख्स को बचाने की कोशिश क्यों कर रही है? 5 मार्च को कलकत्ता हाई कोर्ट ने ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया था। हाई कोर्ट ने कहा था कि आरोपित शाहजहां शेख काफी प्रभावी व्यक्ति हैं और उसका सत्ताधारी दल से संबंध है। राज्य की पुलिस ने उसे बचाने के लिए लुका-छिपी का खेल खेला।

किसी को बचाने की कोशिश न की जाए



**हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी**

संदेशखाली में जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न के मामले में सीबीआई जांच के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की थी। कलकत्ता हाई कोर्ट ने सीबीआई जांच का आदेश दिया था, हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

### ईडी अधिकारियों पर किया गया था हमला

ईडी अधिकारी तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख के यहां छापा मारने गए थे, जहां उन पर हमला किया गया था। हाई कोर्ट में ईडी ने पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की थी जिसके बाद शाहजहां शेख को सीबीआई को सौंपा गया।इससे पहले 29 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई थी। उस समय कोर्ट ने कहा था मामले की सुनवाई गर्मियों की छुट्टी के बाद होगी।

### 2 सदस्यीय बेंच ने की सुनवाई

**पीठ ने पूछा आखिर किसी को बचाने में राज्य सरकार को दिलचस्पी क्यों है?**

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान क्या हुआ? दरअसल, जैसे ही सुप्रीम कोर्ट में संदेशखाली हिंसा पर सुनवाई शुरू हुई। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के वी विश्वनाथन की पीठ ने पूछा कि आखिर किसी को बचाने में राज्य सरकार को इतनी दिलचस्पी क्यों है? सुप्रीम कोर्ट के इस सवाल पर ममता सरकार के वकील ने कहा कि याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी जाए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि धन्यवाद, याचिका खारिज। सुप्रीम कोर्ट से अपनी याचिका में राज्य सरकार ने कहा कि हाई कोर्ट के आदेश ने पुलिस बल सहित पूरे राज्य तंत्र का मनोबल गिराया है।

### नीतीश को भी लगा 'सुप्रीम' झटका

**एससी सूची से तांती-तंतवा बाहर एससी में ही जोड़े जाएंगे**



सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार और राज्य सरकार को तगड़ा झटका देते हुए 9 साल पहले तांती-तंतवा जाति को अनुसूचित जाति (एससी) में शामिल करने के फैसले को निरस्त कर दिया है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि एससी लिस्ट में किसी जाति का नाम जोड़ने या हटाने का अधिकार राज्य के पास नहीं है और यह काम सिर्फ संसद कर सकती है। कोर्ट ने नीतीश सरकार के फैसले को संविधान से शरारत बताते हुए अवैध करार दिया और कहा कि एससी लिस्ट में दूसरी जाति को जोड़ने से अनूसूचित जाति के लोगों की हकमारी होती है। कोर्ट ने साफ कहा कि संविधान के आर्टिकल 341 के तहत राज्य को अनुसूचित जाति की सूची में छेड़छाड़ करने का अधिकार नहीं है।

#### इन जातियों को अति पिछड़ा वर्ग में जोड़ें

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद तांती-तंतवा जाति वापस अति पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) में शामिल होगी। फैसले से एससी में शामिल जातियों के लिए दाखिला, रोजगार और प्रोमोशन में कुछ अवसर बढ़ जाएंगे। कोर्ट ने राज्य सरकार के 1 जुलाई 2015 के संकल्प को रद्द करते हुए आदेश दिया है कि इन नौ सालों में तांती-तंतवा जाति के जिन लोगों को भी एससी कोटे के आरक्षण का लाभ मिला है उन्हें ईबीसी कोटा में समायोजित किया जाए और इससे खाली होने वाली सीटों और पदों को एससी जाति के लोगों से भरा जाए। डॉ. भीमराव आंबेडकर विचार मंच और आशीष रजक की याचिका पर जस्टिस विक्रम नाथ और प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने यह फैसला सुनाया है।

## गुजरात हाईकोर्ट ने पुलिस को फटकारा

# लड़की से नंबर मांगना 'गलत' लेकिन यह यौन उत्पीड़न नहीं

**एक आरोपी के खिलाफ सुनवाई की**



एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात हाईकोर्ट ने कहा कि किसी लड़की से नाम और नंबर पूछना गलत तो है लेकिन इसे यौन उत्पीड़न नहीं माना जा सकता। पुलिस ने गांधीनगर के समीर रॉय के खिलाफ केस दर्ज किया है। समीर पर एक महिला से नाम, नंबर और पता मांगने का आरोप लगा यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है।

समीर के खिलाफ 26 अप्रैल को केस दर्ज किया गया था। समीर ने हाईकोर्ट को बताया कि जब उन्होंने पुलिस पर अत्याचार करने का आरोप लगाया तब उन पर यौन उत्पीड़न को लेकर केस कर दिया गया।समीर का कहना है कि 25 अप्रैल को पुलिस ने उनको टॉर्चर किया था। इसे लेकर उन्होंने पुलिस के खिलाफ शिकायत भी की थी। उन्होंने पुलिस पर फोन छीनने और उनका डेटा डिलीट करने का भी आरोप लगाया है। अपनी याचिका में समीर ने कहा कि उन्हें इस केस (यौन उत्पीड़न) के बारे में 9 मई को पता चला।

### एफआईआर की बातें सच मानें तो

जस्टिस निरजर देसाई ने कहा कि हां, यह (नंबर मांगना) अनुचित हो सकता है, लेकिन कोर्ट का मानना है कि यदि आईपीसी की धारा 354 को देखा जाए तो यह यौन उत्पीड़न और इसके सजा के बारे में है। दरअसल, महिला ने आईपीसी की धारा 354 ए के तहत युवक के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी। कोर्ट ने कहा कि अगर एफआईआर में लिखी बातें सच भी हैं तो भी युवक द्वारा महिला से नंबर मांगना यौन उत्पीड़न नहीं हो सकता है। यह अनुचित है लेकिन यौन उत्पीड़न नहीं।

### हाईकोर्ट ने पुलिस को ही सुनाया


गुजरात हाईकोर्ट ने पुलिस की इस कार्रवाई पर सवाल उठाया है। जस्टिस निरजर देसाई ने कहा कि अगर कोई यह कहता है कि आपका नंबर क्या है, तो यह गलत तो है, लेकिन एफआईआर दर्ज करने के लिए यह केस नहीं है। इसमें क्या कोई गलत इरादा दिखता है?

## यूपी में धर्म परिवर्तन का मामला

# निकाह का आयोजन टला, रजा खान को नहीं मिली अनुमति

एजेंसी ▶▶ बरेली

हिंदू युवक-युवतियों का धर्म परिवर्तन कराने के साथ ही सामूहिक निकाह का आयोजन टाल दिया गया है। इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) की तरफ से बरेली में 21 जुलाई को इसका आयोजन प्रस्तावित था। आईएमसी ने आयोजन के लिए जिला प्रशासन से इजाजत भी मांगी थी। इसी के बाद बरेली से लेकर वृंदावन तक विरोध हो रहा था। आईएमसी के अनुसार जिला प्रशासन से कार्यक्रम की अनुमति नहीं मिलने के कारण इसे



टाल दिया गया है। आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान ने कहा कि हम कानून के दायरे में रहकर काम करते हैं। सामूहिक निकाह समारोह प्रशासन की अनुमति मिलने के बाद ही आयोजित किया जाएगा। हमने प्रशासन से इस बाबत अनुमति मांगी थी।

## एनएसजी पहुंची अयोध्या

# राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा को जांचा, 20 तक रहेगी टीम

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

एनएसजी की टीम बुधवार की दोपहर अयोध्या पहुंच गई है। टीम ने राममंदिर परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली है। एनएसजी की टीम 20 जुलाई तक अयोध्या में रहकर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी हासिल करेगी। टीम का खास फोकस रामजन्मभूमि की सुरक्षा पर होगा। 19-20 जुलाई को एनएसजी सुरक्षा को लेकर रिहर्सल भी कर सकती है।एनएनसी की टीम बुधवार को राममंदिर परिसर में करीब दो घंटे रही। बताया कि



एनएसजी के कुछ जवान ही अभी अयोध्या पहुंचे हैं। शेष टुकड़ी 19 जुलाई को आएगी और अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था की मॉनीटरिंग करेंगे। इससे पहले बुधवार को पहुंची टीम ने पूरे परिसर का भ्रमण किया। राममंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था की पूरी जानकारी ली।

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने स्वास्थ्य विनियमन की समीक्षा की

# 'विश्व की फार्मेसी' का सम्मान बरकरार रखने ढांचा सुदृढ़ रखें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने दवाओं, सौंदर्य प्रसाधनों और चिकित्सा उपकरणों के विनियमन की समीक्षा की। इस बैठक में नड्डा ने सभी अधिकारियों से कहा कि भारत 'विश्व की फार्मेसी' कहलाती है। इस वैश्विक प्रतिष्ठा को बनाए रखने और ड्रग्स विनियमन में वैश्विक नेता बनने के लिए विश्व स्तरीय नियामक ढांचे की आवश्यकता है।

नड्डा ने कहा कि वैश्विक मानकों को प्राप्त करने के लिए हमारा ध्यान केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और दवाओं एवं चिकित्सा उपकरण उद्योग के भीतर प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर है। नियामक निकाय और उद्योग दोनों भारत द्वारा निर्मित एवं बेचे जाने वाले उत्पादों के लिए वैश्विक गुणवत्ता मानकों को बनाए रखना जारी रखेंगे।

वैश्विक मानकों को प्राप्त करने पारदर्शिता आवश्यक



### उत्पादों की क्षमता और गुणवत्ता को बनाए रखना होगा

*नड्डा ने कहा कि सरकार दवा निर्माण के लिए एमएसएमई क्षेत्र में उत्पादों की क्षमता और गुणवत्ता को समर्थन करने के साथ नियामक आवश्यकताओं के अनुपालन को प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित है। अपने कौशल को बढ़ाने के लिए राज्यों के साथ काम करना और उन्हें केंद्र के गुणवत्ता मानकों के साथ संरेखित करने के लिए प्रोत्साहित करना अहम है।*

## अनुभवी सहायकों के लिए भी प्रशिक्षण अनिवार्य किया

# सांसदों के सहायकों को लोकसभा सचिवालय दे रहा पांच दिवसीय प्रशिक्षण, पेपरलेस संसदीय कार्यवाही में कर सकेंगे सांसदों की मदद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में पहली बार चुनकर पहुंचे सांसदों के सचिवों के लिए संसदीय सचिवालय ने एक वृहत प्रशिक्षण का इंतजाम किया है।

सांसदों के सभी पीए, पीएस के लिए प्रशिक्षण लेना अनिवार्य बनाया गया है। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा के ईमेल से सवाल भेजे जाने और कैश फॉर क्वेरी मामले में सांसदों का ईमेल सुरक्षा के लिहाज से घेरे में आने के बाद इस बार ऐसा तानाबाना बुना गया है कि कहीं से कोई भी सांसदों की ईमेल का इस्तेमाल नहीं कर सकेगा। केवल, सांसदों के सहायक या फिर सांसद खुद ईमेल को ऑपरेट कर सकेंगे। सोमवार से शुरू 5 दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण शिविर का समापन शुक्रवार को होगा। उसी के बाद संसद में पूछे जाने वाले सवाल, विशेष उल्लेख या शून्यकाल के मामले सहित अन्य विधायी कार्यों के लिए सांसदों के ईमेल का इस्तेमाल किया जा सकेगा।



आमतौर पर सांसदों के सहायक ही संसद के लिए उपयोग होने वाले विभिन्न ऑनलाइन विधा का इस्तेमाल कर सांसदों की सहायता करते हैं। सैकड़ों सांसद ऐसे भी हैं जो ईमेल सिस्टम से फ्रेंडली नहीं है। विभिन्न बैठकों में आदि में व्यस्तता होने के वजह से कई बार उनके लिए संभव नहीं हो पाता कि वे ऑनलाइन सवाल या अन्य विधायी कार्यों की सूचना संसदीय सचिवालय को दें या फिर उनसे सूचना लें। सांसदों के पीएम इस काम को कैसे करेंगे? अगर कोई समस्या आई तो कैसे निपटेंगे? सांसदों की ईमेल आईडी चूंकि भारत सरकार के नेशनल इंफॉर्मैटिक सिस्टम से बनती है इसीलिए उसे सुरक्षित रखने की बहुत हद तक जिम्मेदारी भी संबंधित पीए, पीएस की होगी। ये भी प्रशिक्षण के दौरान बताया जाएगा। 22 जुलाई से 12 अगस्त शुरू हो रहे बजट सत्र में सभी संसदीय कार्य पेपरलेस निपटाने हैं इसीलिए सांसदों के पीए को खासकर विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है। इससे पहले संक्षिप्त संसदीय सत्र में चूंकि सभी सांसदों का शपथ, परिचय भर होना था इसीलिए उस वक्त प्रशिक्षण नहीं शुरू किया जा सका था। अनुभवी सहायकों के लिए भी प्रशिक्षण अनिवार्य किया गया है।

## पुणे पोर्श कांड में कार्रवाई

# नाबालिग को दी बेल, जुवेनाइल बोर्ड के 2 सदस्य अब होंगे 'बाहर'

एजेंसी ▶▶ पुणे

हिट एंड रन केस में किशोर न्याय बोर्ड के 2 सदस्यों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। जांच कर रही समिति ने जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के दो सदस्यों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की है।

पुणे पोर्श दुर्घटना मामले में जांच के लिए महाराष्ट्र के महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से समिति गठित हुई थी। समिति ने नाबालिग आरोपी को जमानत देने में जेजेबी के इन दो सदस्यों की ओर से कई कमी पाई हैं। बोर्ड सदस्य ने 15 घंटे



के अंदर नाबालिग को बेल दे दी थी। महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त डॉक्टर प्रशांत नरनावरे ने पुणे पोर्श कार दुर्घटना मामले में नाबालिग आरोपी को जमानत देने में प्रक्रियागत खामियों के लिए यह अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की है। डॉक्टर नरनावरे ने रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी है।

# एलआईसी का शेयर एक साल में 79 प्रतिशत तक उछला, एसबीआई को भी फायदा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी ने एचडीएफसी लाइफ और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस जैसी निजी बीमा कंपनियों को शेयर बाजार में प्रदर्शन के मामले में पीछे छोड़ दिया है। इसके पीछे ढांचागत क्षेत्र जैसे बढ़ते क्षेत्रों पर लगाए गए दांव की अहम भूमिका रही है।

भारतीय जीवन बीमा निगम का शेयर बीते एक साल में करीब 79 प्रतिशत तक उछल चुका है। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल 18 जुलाई को एलआईसी का शेयर 620 रुपए पर था लेकिन इस साल 16 जुलाई को यह 1,109.15 रुपए के भाव पर बंद हुआ।

## ढांचागत क्षेत्र जैसे बढ़ते क्षेत्रों पर लगाए गए दांव की अहम भूमिका

### बीमा कंपनियों की कमाई का तरीका

बीमा कंपनियां दो तरीकों से पैसा कमाती हैं। पॉलिसियों के लिए प्रीमियम और फिर उस प्रीमियम को परिसंपत्तियों में निवेश कर वे कमाई करती हैं। यह दूसरा तरीका ही उनके मुनाफे में बड़ा अंतर पैदा करता है, जिससे मूल्य सृजन और जोखिम प्रबंधन पर असर पड़ता है। हालांकि, पूंजी बाजार विश्लेषकों का कहना है कि अधिकांश भारतीय बीमा कंपनियों ने अभी तक देश के बुनियादी ढांचा क्षेत्र में उभार का उतना लाभ नहीं उठाया है।




### एसबीआई में 48 प्रतिशत की तेजी

ढांचागत क्षेत्र में ज्यादा निवेश करने वाले भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में भी बीते एक साल में 48 प्रतिशत की तेजी आई है। हालांकि निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में इस दौरान नकारात्मक तीन प्रतिशत से लेकर 24 प्रतिशत तक की ही तेजी आई है। ढांचागत क्षेत्र में नगण्य निवेश करने वाले कोटक और एचडीएफसी बैंक सबसे खराब प्रदर्शन कर रहे हैं और उनके शेयरों ने नकारात्मक रिटर्न दिया है। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 18 जून, 2023 को 1,895 रुपये पर था और मंगलवार को यह 1,805.20 रुपये पर बंद हुआ। वहीं एचडीएफसी बैंक मंगलवार को बीएसई पर 1,619.20 रुपये पर बंद हुआ, जो एक साल पहले 1,679 रुपये पर था।

### 12 प्रतिशत दिया रिटर्न

एचडीएफसी लाइफ के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई है। एक साल पहले एचडीएफसी लाइफ का शेयर बीएसई पर 666.55 रुपए पर था लेकिन मंगलवार को यह 646.55 रुपए प्रति शेयर के भाव पर बंद हुआ। हालांकि, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस का शेयर इस दौरान 12 प्रतिशत का रिटर्न देने में सफल रहा है। इसका शेयर 16 जुलाई को 654.10 पर था जबकि 18 जुलाई, 2023 को इसका भाव 582 रुपये था।

### निवेश के क्षेत्र

घरेलू बीमा कंपनियों ने बैंकिंग, वित्तीय सेवा एवं बीमा, सूचना प्रौद्योगिकी और उपभोक्ता क्षेत्रों में निवेश पर अधिक ध्यान दिया है। लेकिन हाल के दिनों में इन सभी क्षेत्रों का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। उनके निवेश का सिर्फ आठ से 10 प्रतिशत ही बुनियादी ढांचा क्षेत्र में है जो वैश्विक मानकों की तुलना में बहुत कम है।

## खबर संक्षेप

### लोरियल ने बच्चों के लिए शुरू की परियोजना

**चंडीगढ़।** लोरियल इंडिया ने हिमाचल प्रदेश के बद्दी में अपने बद्दी संयंत्र के पास रहने वाले प्रवासी समुदायों के वंचित बच्चों की शिक्षा में सहयोग देने के लिए एक पहल शुरू की है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के साथ साझेदारी में लोरियल इंडिया ने 'प्रोजेक्ट उड़ान' शुरू किया गया है।

### प्रैट एंड व्हिटनी ने खोला नया ग्राहक सेवा केंद्र

**मुंबई।** अमेरिकी एयरोस्पेस प्रमुख प्रैट एंड व्हिटनी ने बेंगलुरु में एक नए ग्राहक सेवा केंद्र की स्थापना की बुधवार को घोषणा की। यह नई सुविधा प्रैट एंड व्हिटनी कनाडा के वैश्विक स्तर पर सेवारत 68,000 इंजनों के लिए ग्राहक सेवा और परिचालन सहायता को बढ़ावा देगी। इसमें कहा गया, इस सुविधा में 150 से अधिक एयरोस्पेस विशेषज्ञ तथा इंजीनियर कार्यरत होंगे।

जो वैश्विक ग्राहक सेवा परिवेश को समर्थन प्रदान करेंगे।

### सेबी का नया प्रस्ताव लाभ कमाने का देगा मौका

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के उच्च जोखिम लेने वाले निवेशकों के लिए निवेश का नया उत्पाद पेश करने का प्रस्ताव उन्हें पेशेवरों के जरिए प्रबंधित वायदा एवं विकल्प बाजार से लाभ लेने का मौका देगा। साथ ही उन्हें 'लांग और शॉर्ट इक्विटी' कोष, 'रिवर्स ईटीएफ' आदि जैसी रणनीतियों के नए विकल्प तक पहुंच प्राप्त करने का मौका दे सकता है। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। बाजार नियामक 10 लाख रुपए से 50 लाख रुपए के बीच निवेश योग्य कोष वाले निवेशकों के लिए निवेश के नए विकल्प तैयार करने पर विचार कर रहा है। इसका मकसद म्यूचुअल फंड और पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाओं के बीच अंतर को पाटना है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी राधिका गुप्ता ने कहा, 'भारत आखिरकार विभिन्न निवेश उत्पादों के लिए खुल रहा है।

## फाइनेंशियल प्लानिंग स्टैन्डर्ड बोर्ड ने दी जानकारी

# वित्तीय सेवा क्षेत्र में 18 लाख नौकरियां लेने वाला कोई नहीं

### 40 गुना अधिक नौकरियां

*मिश्रा ने कहा, 'बैंकों, बीमा कंपनियों, ब्रोकरेज हाउस और म्यूचुअल फंड कंपनियों को हमेशा प्रशिक्षित लोगों की आवश्यकता होती है। यदि आप ऑनलाइन नौकरी खोजते हैं, तो आप पाएंगे कि उपलब्ध प्रमाणित वित्तीय नियोजकों की संख्या की तुलना में लगभग 40 गुना अधिक नौकरियां हैं।'*

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

फाइनेंशियल प्लानिंग स्टैन्डर्ड बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्ण मिश्रा ने बुधवार को कहा कि देश में रोजगार पाने की काबिलियत की समस्या है क्योंकि लगभग 18 लाख नौकरियों को लेने वाला कोई नहीं है। उन्होंने यहां कहा कि गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी अगले पांच साल में 1.5 लाख नौकरियां सृजित करेगा। अभी यहां करीब 6,000 कर्मचारी वित्तीय सेवा क्षेत्र में हैं।

मिश्रा ने कहा, 'केंद्र सरकार के नेशनल करियर सर्विसेज पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार पिछले साल देश में वित्तीय सेवाओं में 46.86 लाख नौकरियां सृजित हुईं। इनमें से केवल 27.5 लाख नौकरियां ही भरी गईं। इससे पता चलता है कि 18 लाख नौकरियों को लेने वाला कोई नहीं था। इसका कारण रोजगार हासिल करने की काबिलियत है। नौकरियां तो हैं, लेकिन लोग उतने काबिल नहीं हैं कि उसे ले सकें।'




### गिफ्ट सिटी में वृद्धि की उम्मीद

मिश्रा ने कहा, 'हम गिफ्ट सिटी में काफी वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। दूसरी तरफ प्रतिभा की कमी है। आज बैंक और वित्तीय सेवा क्षेत्र की लगभग 628 कंपनियों के कार्यालय गिफ्ट सिटी में हैं। उन्होंने कहा, "अगले पांच साल में वहां लगभग 1.5 लाख लोगों की जरूरत होगी। ये नौकरियां ज्यादातर वितरण और प्रबंधन के क्षेत्र में होंगी। इससे प्रमाणित वित्तीय नियोजकों की काफी मांग होगी।'



### 2,731 प्रमाणित सीएफपी पेशेवर

एफपीएसबी इंडिया, फाइनेंशियल प्लानिंग स्टैंडर्ड्स बोर्ड लि. की भारतीय अनुषंगी कंपनी है। यह वित्तीय नियोजन पेशे के लिए वैश्विक मानक-निर्धारण से जुड़ा निकाय है। मिश्रा ने कहा कि वर्तमान में, भारत में 2,731 प्रमाणित सीएफपी पेशेवर हैं जबकि पूरी दुनिया भर में इनकी संख्या 2.23 लाख है। भारत में 2030 तक लगभग 10,000 सीएफपी होंगे जबकि मांग के कारण जरूरत 1,00,000 की होगी। भारत में व्यक्तिगत वित्त को नजरअंदाज किया गया। लोगों ने सोचा कि वित्तीय नियोजन बड़े लोगों के लिए है। लेकिन, वास्तव में, धन प्रबंधन बड़े लोगों के लिए है जबकि वित्तीय योजना सभी के लिए है। हमें वित्तीय रूप से शिक्षित होने की जरूरत है।'

- 46 .86 लाख नौकरियां सृजित, 27 .5 लाख नौकरियां ही भरी गईं
- नौकरियां तो हैं, लेकिन लोग उतने काबिल नहीं हैं कि उसे ले सकें

### क्षमता निर्माण की पहल

मिश्रा ने घोषणा की कि एफपीएसबी इंडिया और भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद ने मंगलवार को वित्तीय नियोजन और निवेश सलाहकार सेवाओं में पेशेवरों के लिए लक्षित क्षमता निर्माण पहल की एक श्रृंखला शुरू करने के लिए रणनीतिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा कि इसके तहत आईआईएमए और एफपीएसबी इंडिया प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करेंगे, व्यावहारिक अनुसंधान करेंगे और समसामयिक विषयों पर पेशेवरों के लिए कार्यशालाएं आयोजित करेंगे।

# टाटा पावर 2025 में 20 हजार करोड़ रुपए का करेगी निवेश

एजेंसी ▸▸ मुंबई




- छोटे मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टर में भागीदारी की संभावना भी तलाशेगी

टाटा पावर ने वित्त वर्ष 2025 में पूंजीगत व्यय के लिए 20,000 करोड़ रुपए खर्च करने की योजना बनाई है। कंपनी के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने यह जानकारी दी है। उन्होंने कंपनी की 105वीं वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों को बताया कि पूंजीगत व्यय का एक बड़ा हिस्सा कंपनी के नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो को गति देने के लिए होगा। यह वित्त वर्ष 2024 में निवेश किए गए 12,000 करोड़ रुपये की राशि से काफी अधिक है।

कंपनी इसका उपयोग अपनी अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को गति देने और ट्रांसतिशन सहित डिस्ट्रब्यूशन कारोबार पर खर्च करेगी। टाटा समूह के मुखिया एन चंद्रशेखरन ने बताया कि टाटा पावर अन्य राज्यों में नए वितरण विस्तार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए भी निवेश करेगी। इसके अलावा कंपनी सरकार से जरूरी मंजूरी मिलने के बाद छोटे मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टर में भागीदारी की संभावना भी तलाशेगी।

### पांच करोड़ उपभोक्ताओं को जोड़ने का लक्ष्य

चंद्रशेखरन ने कहा कि टाटा पावर मौजूदा और निर्माणाधीन परियोजनाओं के जरिए दो से पांच साल में 15 गीगावाट स्वच्छ ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य लेकर चल रही है। यह क्षमता इस समय नौ गीगावाट की है। उन्होंने कहा कि कंपनी का लक्ष्य वितरण कारोबार के विस्तार के जरिये पांच करोड़ उपभोक्ताओं को जोड़ने का है, कंपनी के उपभोक्ताओं की मौजूदा संख्या 1.25 करोड़ से अधिक है।

### औद्योगिक क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा देने पर जोर

चंद्रशेखरन के अनुसार कंपनी विशेष रूप से औद्योगिक क्षेत्रों पर फोकस कर रही है। जिसमें 24 घंटे स्वच्छ ऊर्जा दी जा सके। उन्होंने कहा कि भारत की हरित ऊर्जा के क्षेत्र बदलाव का नेतृत्व करने के लिए कंपनी अच्छी स्थिति में है। चंद्रशेखरन ने बताया कि कंपनी रूफटॉप सोलर मे तेजी विस्तार कर रही है। पीएम सूर्य घर योजना के साथ हम बाजार में अपनी हिस्सेदारी भी बढ़ा रहे हैं।

### क्षेमा की एआई-कुशल ऐप से अब फसल बीमा खरीदना और भी आसान

क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने किसानों के लिए इस खरीफ सीज़न, सुकृति के साथ प्रकृति फसल बीमा की खरीदी को अब और भी आसान बना दिया है। किसानों की सुविधा के लिए कंपनी ने क्षेमा प्लेटफॉर्म को अपडेट किया है। इसके तहत भारत के करोड़ों किसानों को अब और तेज़ और बेहतर सेवाएँ मिलेंगी। सुकृति फसल बीमा बेहद किफायती कीमतों पर फसल सुरक्षा प्रदान करता है, जिसमें दो जोखिमों तक के लिए केवल 499 रुपए प्रति एकड़ की शुरुआती दर पर फसल बीमा उपलब्ध है। क्षेमा प्लेटफॉर्म किसानों द्वारा आसान और सहज उपयोग के लिए क्षेमा ऐप पेश करता है, जो एआई तकनीक द्वारा संचालित है, जो गतिशील मूल्य निर्धारण, अंडरराइटिंग, खेत की निरंतर निगरानी और तेज़ क्लेम सेटलमेंट जैसी सुविधाएँ प्रदान करता है।

**क्षेमा इंश्योरटेक प्लेटफॉर्म से किसानों के लिए फसल बीमा खरीदने से लेकर दावों के समाधान तक सब कुछ सुलभ होगा**

# आवास, वाणिज्यिक संपत्ति कारोबार का विस्तार करेगी डीएलएफ : सिंह



- हमारे उत्पादों के प्रति बाजार की प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक रही

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की प्रमुख कंपनी डीएलएफ आवासीय और वाणिज्यिक परियोजनाओं के विकास के लिए अपने कारोबार का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। डीएलएफ के चेयरमैन राजीव सिंह ने बुधवार को कहा कि कंपनी वृद्धि के अवसरों का लाभ उठाने के लिए मुंबई और गोवा जैसे नए बाजारों में उतरने जा रही है। सिंह ने वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को दिए संदेश में कहा कि कंपनी आगे भी कॉरपोरेट प्रशासन, परिचालन उत्कृष्टता और कंपनी के संस्थापकों के मूल्य को बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा, हमारे उत्पादों के प्रति बाजार की प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक रही है। इसी विश्वास के साथ हम मुंबई और गोवा जैसे नए क्षेत्रों में प्रवेश कर रहे हैं। सिंह ने कहा कि कंपनी दिल्ली-एनसीआर में नई परियोजनाएं शुरू करना जारी रखे हुए है।

### आरपीएफ 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' के तहत 84,119 बच्चों को बचाकर अभियान में अग्रणी रहा



**जयपुर।** यह एक मिशन जो विभिन्न भारतीय रेलवे जोनों में पीड़ित बच्चों को बचाने के लिए समर्पित है। पिछले सात वर्षों (2018-मई 2024) के दौरान, आरपीएफ ने स्टेशनों और ट्रेनों में खतरे में पड़े या खतरे में पड़ने से 84,119 बच्चों को बचाया है। 'नन्हे फरिश्ते' सिर्फ एक ऑपरेशन से कहीं अधिक है; यह उन हजारों बच्चों के लिए एक जीवन रेखा है जो खुद को अनिश्चित परिस्थितियों में पाते हैं। 2018 से 2024 तक का डेटा, अटूट समर्पण, अनुकूलनशीलता और संघर्ष क्षमता की कहानी दर्शाता है। प्रत्येक बचाव समाज के सबसे असुरक्षित सदस्यों की सुरक्षा के लिए आरपीएफ की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।

# एडीबी ने भारत का वृद्धि अनुमान सात प्रतिशत पर रखा बरकरार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली





एशियाई विकास बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर का अनुमान सात प्रतिशत पर बरकरार रखा है। साथ ही कहा कि सामान्य से बेहतर मानसून अनुमानों को देखते हुए कृषि क्षेत्र में सुधार की उम्मीद है। एडीबी का यह पूर्वानुमान ऐसे समय में आया है जब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत के लिए अपने सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर के अनुमान को संशोधित कर सात प्रतिशत कर दिया है।

आईएमएफ ने अप्रैल में इसके अप्रैल 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पिछले महीने अपने वृद्धि अनुमान को सात प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया था। एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) के जुलाई संस्करण में कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 (31 मार्च 2025 को समाप्त) में सात प्रतिशत की दर से बढ़ी। वित्त वर्ष 2025-26 में 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने की राह पर है, जैसा कि एडीओ अप्रैल 2024 में अनुमान लगाया गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की, जबकि उससे पिछले वित्त वर्ष में यह सात प्रतिशत थी।

### कृषि क्षेत्र में सुधार की उम्मीद

रिपोर्ट में कहा गया, 'वित्त वर्ष 2022-23 में धीमी वृद्धि के बाद सामान्य से अधिक मानसून अनुमानों को देखते हुए कृषि क्षेत्र में सुधार की उम्मीद है। ऐसा जून में मानसून की धीमी प्रगति के बावजूद है। ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्धि की गति को बनाए रखने के लिए कृषि में सुधार महत्वपूर्ण होगा।' विकासशील एशिया के विकास पूर्वानुमान के संबंध में एडीओ ने कहा कि इसे 2024 के लिए पांच प्रतिशत तक संशोधित किया गया है और 2025 में 4.9 प्रतिशत पर बनाए रखा गया है।

### प्रतिष्ठित जीप रैंगलर अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ : ऋतिक रोशन




**नई दिल्ली।** दुनिया अभी भी प्रतिष्ठित जीप रैंगलर से मोहित है, जीप ने ऋतिक रोशन के साथ अपने नवीनतम अभियान के साथ एक बार फिर ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। यह हमेशा सर्वश्रेष्ठ बनने का प्रयास करने के महत्व पर प्रकाश डालता है, एक ऐसी गुणवत्ता जो भारत में लॉन्च होने के समय से ही अब तक कायम है। रितिक रोशन, जो अपने समर्पण और निरंतर आत्म-सुधार के लिए जाने जाते हैं, वे इस जीप की भावना से पूरी तरह मेल खाते हैं। अभियान से पता चलता है कि जीप सिर्फ एक वाहन नहीं है बल्कि बेजोड़ प्रदर्शन और प्रतिष्ठा का प्रतीक है। इसकी टैगलाइन, 'द वन एंड ओनली' के साथ, जीप एक बहुत ही सूक्ष्म लेकिन आत्मविश्वासपूर्ण रुख अपनाती है, आत्मविश्वास के साथ बताती है कि जीप रैंगलर एक ऐसे मानक पर पहुंच गया है जिसका मुकाबला करना कठिन है। यह अभियान केवल एक एसयूवी के बारे में नहीं है; यह शीर्ष पर बने रहने के अभियान का जश्न मनाने के बारे में है। यह अभियान हमें याद दिलाता है कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में जीप रैंगलर आज भी अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ बनी हुई है।'

## राशिफल

**मेष:** परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क:** फिर भी व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या:** संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**तुला:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर:** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे।

**कुंभ:** फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन:** वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष


मेरा किया जो काटे उसे इनाम
सभी समस्याओं का समाधान
गुरू शान भारती



स्पेशलिस्ट : मनचाहा वशीकरण, नौकरी, कारोबार, गृहक्लेश, प्रेमविवाह, संतान प्राप्ति, शादी, तलाक, किया-कराया, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, मुकदमा, कैरियर, विदेश यात्रा आदि।
यदि आपका ज्योतिष, पंडित या तांत्रिक से विश्वास उठ गया हो तो एक बार अवश्य फोन करें।
9821413060

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 5575



**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

### शब्द पहेली-5574 का हल






पेरिस ओलंपिक-2024

**26 जुलाई से 11 अगस्त**

**19** दिन चरम पर रहेगा खेलों का रोमांच, **10500** खिलाड़ी लेंगे भाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| एथलेटिक्स - 29 | तीरंदाजी - 6 | बैडमिंटन - 7 | बॉक्सिंग - 6 |
| अश्वारोही - 1 | गोल्फ - 4 | हॉकी - 19 | जूडो - 1 |
| रोइंग - 1 | शूटिंग - 21 | तैराकी - 2 | नौकायन-2 |
| टेबल टेनिस - 8 | टेनिस - 3 | भारोत्तोलन - 1 | कुश्ती - 6 |

2024 के पेरिस ओलंपिक खेल, 24 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित होंगे। हालांकि अधिकारिक उद्घाटन 26 जुलाई को होगा। यह फ्रांस में अब तक का सबसे बड़ा आयोजन होगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इस संस्करण को आधिकारिक रूप से XXXIII ओलंपियाड के रूप में जाना जाता है। 19 दिन चलने वाले खेलों में कई नए इवेंट्स, फॉर्मेट परिवर्तन और स्थिरता तथा युवा सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पेरिस खेलों में भारत के 117 एथलीट हिस्सा लेंगे, जबकि 140 सहायक स्टाफ भी ओलंपिक के लिए जाएंगे। हालांकि, गोला फेंक एथलीट आभा खुटाआ का नाम इसमें शामिल नहीं है। केंद्रीय खेल मंत्रालय ने इसकी स्वीकृति दी है। सहयोगी स्टाफ के 72 सदस्यों को सरकार के खर्चे पर मंजूरी मिली है।

# अब पेरिस में फहरा दो तिरंगा




**विनोद गौतम**

*पेरिस ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों की सूची बुधवार को जारी हो गई। इस बार देश के 117 खिलाड़ी पेरिस में दमखम दिखाएंगे। पिछले ओलंपिक की तरह से इस बार भी पदकों की सबसे ज्यादा उम्मीद हरियाणा से रहेगी। भारतीय दल में हरियाणा के 24 खिलाड़ी शामिल है। कुश्ती और निशानेबाजी में हरियाणा के छह-छह खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। पिछले टोक्यो ओलंपिक में भारत ने सात पदक जीते थे, जिसमें से एक गोल्ड समेत 4 मेडल हरियाणा के खाते (करीब 65 फीसदी) से थे। इस बार भी भारतीय दल में हरियाणा के खिलाड़ियों की हिस्सेदारी 21 फीसदी है।*

**24** खिलाड़ी हरियाणा के इस बार

**21** फीसदी हिस्सेदारी कुल दल में

**65** फीसदी पदक जीते थे टोक्यों में

## दूध दही के खाणे से फिर बड़ी उम्मीदें

### कुश्ती, बॉक्सिंग व शूटिंग में सबसे ज्यादा म्हारे लाडले-लाडलियां



रितिका हुड्डा (कुश्ती) · अनीश भनवाला (शूटिंग) · निशांत देव (बॉक्सिंग) · संजय (हॉकी) · निशा दहिया (कुश्ती) · सरबजोत सिंह (शूटिंग) · अंशु मलिक (कुश्ती) · बलराज पंवार (रोइंग) · सुमित (हॉकी) · अमन सहरावत (कुश्ती) · रमीता जिंदल (शूटिंग) · भजन कौर (आॉर्चरी) · अभिषेक (हॉकी) · रिदम सांगवान (शूटिंग) · रेजा ढिल्लों (शूटिंग) · प्रीति पंवार (बॉक्सर) · दिक्षा डागर (गोल्फ) · किरण पहल (एथलीट)

## इस बार 117 खिलाड़ी करेंगे जोर-आजमाइश

1. **सर्वेश कुशारे**: पुरुषों की ऊंची कूद
2. **नीरज चोपड़ा**: पुरुषों की भाला फेंक
3. **किशोर कुमार जेना**: पुरुषों की भाला फेंक
4. **अविनाश साबले**: पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज
5. **पारुल चौधरी**: महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज़
6. **अक्षदीप सिंह**: पुरुषों की 20 किमी रेसवॉक
7. **विकास सिंह**: पुरुषों की 20 किमी रेसवॉक
8. **तजिंदरपाल सिंह तूर**: पुरुषों का शॉट पुट
9. **परमजीत बिष्ट**: पुरुषों की 20 किमी रेसवॉक
10. **सूरज पंवार**: पुरुषों की 20 किमी रेसवॉक मिश्रित रिले
11. **प्रियंका गोस्वामी**: मिश्रित मैराथन रेसवॉक
12. **मुहम्मद अजमल वरियाथोडी**: पुरुषों की 4x400 मीटर रिले
13. **संतोष तमिलरासन**: पुरुषों की 4x400 मीटर रिले
14. **राजेश रमेश**: पुरुषों की 4x400 मीटर रिले
15. **अमोज जैकब**: पुरुषों की 4x400 मीटर रिले
16. **मुहम्मद अनस याहिया**: पुरुषों की 4x400 मीटर रिले
17. **अब्दुल्ला अबूबकर**: पुरुषों की ट्रिपल जंप
18. **प्रवीण चित्रवेल**: पुरुषों की ट्रिपल जंप
19. **जेसविन एल्ड्रिन**: पुरुषों की लंबी कूद
20. **अन्नू रानी**: महिला भाला फेंक
21. **पहल किरण**: 400 मीटर, 4x400 मीटर रिले
22. **ज्योति याराजी**: महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़
23. **अंकिता**: महिलाओं की 5000 मी
24. **ज्योतिका श्री दांडी**: महिलाओं की 4x400 मीटर रिले
25. **पूवम्मा राजू मचेतिरा**: महिलाओं की 4x400 मीटर रिले
26. **सुभा वेंकटेशन**: महिलाओं की 4x400 मीटर रिले
27. **विथ्या रामराज**: महिलाओं की 4x400 मीटर रिले
28. **प्राची**: रिजर्व एथलीट
29. **मिजो चाको**: रिजर्व एथलीट

**तीरंदाजी**

30. धीरज बोम्मदेवरा
31. तरूणदीप राय
32. प्रवीण जाधव
33. दीपिका कुमारी
34. भजन कौर
35. अंकिता भक्त

**बैडमिंटन**

36. पीवी सिंधु: महिला एकल
37. अश्विनी पोनप्पा: महिला युगल
38. तनीषा क्रैस्टो: महिला युगल
39. सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी: पुरुष युगल
40. चिराग शेट्टी: पुरुष युगल
41. एचएस प्रणॉय: पुरुष एकल
42. लक्ष्य सेन: पुरुष एकल

**बॉक्सिंग**

43. निकहत ज़रीन: महिला 50 किग्रा
44. प्रीति पवार: महिला 54 किग्रा
45. जैस्मिन लेम्बोरिया: महिला 57 किग्रा
46. लवलिना बोर्गोहेन: महिला 75 किग्रा
47. अमित पंघाल: पुरुष 51 किग्रा
48. निशांत देव: पुरुष 71 किग्रा

**घुड़सवार**

49. अनुश अग्रवाल: व्यक्तिगत ड्रेसेज

**गोल्फ़**

50. शुभंकर शर्मा: पुरुष व्यक्तिगत
51. गगनजीत भुल्लर: पुरुष व्यक्तिगत
52. अदिति अशोक: महिला व्यक्तिगत
53. दीक्षा डागर : महिला व्यक्तिगत

**हॉकी**

54. पीआर श्रीजेश
55. हरमनप्रीत सिंह
56. जरमनप्रीत सिंह
57. हार्दिक सिंह
58. विवेक सागर प्रसाद
59. मनदीप सिंह
60. शमशेर सिंह
61. अभिषेक
62. ललित कुमार उपाध्याय
63. राजकुमार पाल
64. सुखजीत सिंह
65. अमित रोहिदास
66. गुरजंट सिंह
67. मनप्रीत सिंह
68. सुमित
69. नीलकंठ सिंह
70. संजय
71. जुगराज सिंह
72. कृष्ण पाठक

**जूडो**

73. तूलिका मान: महिला 78 किग्रा+ वर्ग

**रोइंग**

74. बलराज पंवार: पुरुषों की सिंगल स्कल्स

**नाव चलाना**

75. विष्णु सरवनन: पुरुषों की डोंगी
76. नेथ्रा कुमानन: महिलाओं की डोंगी

**शूटिंग**

77. सरबजोत सिंह: पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल
78. अर्जुन सिंह चीमा: पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल
79. अर्जुन बाबूता: पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल
80. संदीप सिंह: पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल
81. ऐश्वर्य प्रताप तोमर: पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3पी
82. स्वप्निल कुसाले: पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3पी
83. अनीश भानवाला: पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर

**पिस्टल**

84. विजयवीर सिद्धू: पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल
85. अनंत जीत सिंह नरुका: पुरुषों की स्कीट
86. पृथ्वीराज टोंडिमन: पुरुषों का जाल
87. मनु भाकर: 25 मीटर पिस्टल, 10 मीटर पिस्टल
88. ईशा सिंह: महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल
89. राजेश्वरी कुमारी : स्त्री जाल
90. श्रेयसी सिंह: महिलाओं का जाल
91. एलावेनिल वलारिवन: 10 मीटर एयर राइफल
92. रमिता: महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल
93. सिफ्त कौर समरा: 50 मीटर राइफल 3पी
94. अंजुम मौदगिल: महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3पी
95. रायज़ा ढिल्लों: महिला स्कीट
96. माहेश्वरी चौहान: महिला स्कीट
97. रिदम सांगवान: महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल।

**तैराकी**

98. श्रीहरि नटराज: पुरुषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक
99. ढिंढी देसिंघु: महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल

**टेबल टेनिस**

100. मनिका बत्रा
101. श्रीजा अकुला
102. अर्चना गिरीश कामथ
103. अयहिका मुखर्जी (रिजर्व एथलीट)
104. शरथ कमल
105. हरमीत देसाई
106. मानव ठक्कर
107. जी साथियान

**टेनिस**

108. रोहन बोपन्ना: पुरुष युगल
109. श्रीराम बालाजी: पुरुष युगल
110. सुमित नागल: पुरुष एकल

**भारोत्तोलन**

111. मीराबाई चानू: महिला 49 किग्रा

**कुश्ती**

112. अंतिम पंघाल: महिला 53 किग्रा
113. विनेश फोगाट: महिला 50 किग्रा
114. अंशू मलिक: महिला 57 किग्रा
115. निशा: महिला 68 किग्रा
116. रीतिका हुडा: महिला 76 किग्रा
117. अमन सहरावत: पुरुष 57 किग्रा

### क्या पहलवान जारी रख पाएंगे जीत का सिलसिला

भारत ने बीजिंग ओलंपिक 2008 से लेकर प्रत्येक ओलंपिक में पदक जीता है और पेरिस ओलंपिक में भाग ले रहे पहलवानों के लिए इस सिलसिले को जारी रखना बड़ी चुनौती होगी। लगातार चार ओलंपिक में सफलता के बाद कुश्ती भारत का प्रमुख खेल बन गया। इस बीच उसने सीनियर ही नहीं जूनियर स्तर पर भी अच्छी सफलताएं हासिल की। वह सुशील कुमार थे जिन्होंने 2008 में कांस्य पदक जीत कर भारत में कुश्ती का परिदृश्य बदला। इसके चार साल बाद लंदन ओलंपिक में उन्होंने रजत पदक हासिल किया जबकि योगेश्वर दत्त ने कांस्य पदक जीता।

### गोला फेंक एथलीट आभा का नाम सूची से गायब

राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी गोला फेंक एथलीट आभा खटुआ ने हाल में परिवार में हुए हादसे के बावजूद ओलंपिक में भाग लेने का फैसला किया था लेकिन उनका नाम पेरिस जाने वाले भारतीय दल से गायब है और अभी तक कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला है कि उनका नाम सूची से क्यों हटा दिया गया। आभा 11 जुलाई को अपने अन्य साथियों के साथ भारत के ओलंपिक जाने वाले एथलेटिक्स दल के 'बेस' तुर्किये के स्पाला के लिए गई थीं। लेकिन अगले ही दिन विश्व एथलेटिक्स द्वारा जारी ट्रैक और फील्ड ओलंपिक प्रतिभागियों की सूची में उनका नाम नहीं था। विश्व रैंकिंग के जरिये पेरिस के लिए क्वालीफाई करने वाली 29 वर्षीय आभा का नाम फिर खेल मंत्रालय द्वारा मंजूर 117 सदस्यीय भारतीय दल से भी नदारद था।

### तीन नए मिक्स्ड इवेंट भी शामिल

चार ऐसे खेल हैं, जो ओलंपिक में नए हैं। इसमें ब्रेकिंग (ब्रेक डांसिंग) डेब्यू करेगा जबकि स्केटबोर्डिंग, स्पोर्ट क्लाइंबिग व सर्फिंग सिर्फ दूसरी बार होंगे। इन्हें टोक्यो में पहली बार शामिल किया गया था। वेटलिफ्टिंग से चार इवेंट हटा दिए हैं। केनोइंग में दो स्लेलम की जगह दो स्प्रिंट इवेंट शामिल किए हैं। सेलिंग में दो नई कैटेगरी जोड़ी गई हैं। इस बार तीन नए मिक्स्ड इवेंट शामिल किए गए हैं- एथलेटिक्स में 35 किमी वॉकिंग मिक्स्ड रिले, शूटिंग में स्कीट मिक्स्ड टीम इवेंट, सेलिंग में मिक्स्ड डिंगी।

### नारंग होंगे दल के प्रमुख

लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूर्व निशानेबाज गगन नारंग को दल प्रमुख बनाया गया है। नारंग भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) में उपाध्यक्ष भी हैं। खेल मंत्रालय की ओर से आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा को लिखे गए पत्र में कहा गया है,'ओलंपिक खेल 2024 की आयोजन समिति के मानदंडों के अनुसार सहयोगी स्टाफ के 67 सदस्य ही खेल गांव में रुक सकते हैं, जिनमें आईओए के 11 अधिकारी भी शामिल हैं। अधिकारियों में पांच सदस्य चिकित्सा दल के हैं।' खिलाड़ियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार की लागत पर 72 अतिरिक्त कोच और अन्य सहायक कर्मचारियों को मंजूरी दी है। उनके ठहरने की व्यवस्था होटल-खेल गांव के बाहर के स्थानों में की गई है।'

### 3 ओलंपिक की मेजबानी करने वाला दूसरा शहर

पेरिस 3 ओलंपिक की मेजबानी करने वाला दूसरा शहर होगा। इससे पहले लंदन में 3 ओलंपिक हो चुके हैं। पेरिस में इससे पहले ओलिंपिक साल 1900 व 1924 में हुए थे जबकि लंदन ने 1908, 1948, 2012 में मेजबानी की थी। पेरिस में 100 साल बाद समर गेम्स हो रहे हैं, जिसका मोटो है- ‘गेम्स वाइड ओपन'। यानी खेल ज्यादा विशाल, अलग और ज्यादा ओपन। ओपनिंग सेरेमनी स्टेडियम के बजाय नदी किनारे होगी। सेरेमनी में 6 लाख फैंस के पहुंचने की उम्मीद है, जिसमें से 2 लाख 22 हजार टिकट फ्री बांटे गए हैं। सिर्फ ओपनिंग को ही दुनियाभर में करीब 150 करोड़ लोग टीवी पर देखेंगे। 17 दिन के इवेंट के लिए आयोजकों ने 1 करोड़ टिकट निकाले, जिसमें से 90 लाख टिकट बिक चुके हैं।

### मेडल में एफिल टॉवर का मेटल लगा

गेम्स के लिए पेरिस की लग्जरी जूलरी फर्म ने 5084 मेडल बनाए हैं। हर मेडल में एफिल टावर का 18 ग्राम मेटल भी मिलाया गया है। मेडल पर ग्रीक देवी नाइकी, 1896 में पहले ओलिंपिक की मेजबानी करने वाले स्टेडियम और एफिल टॉवर बनाए गए हैं। इन मेडल का वजन 455 से 529 ग्राम तक है। ओलिंपिक 2024 एरिया के लिहाज से भी सबसे बड़ा ओलिंपिक होगा। इसके गेम्स पेरिस समेत 16 अन्य शहरों में भी खेले जाएंगे। इसके कुछ वेन्यू मेजबान शहर पेरिस से 10 किमी से 700 किमी तक दूर हैं। ओलिंपिक सर्फिंग का आयोजन तो फ्रांस के विदेशी क्षेत्र में किया जाएगा। ऐसा ओलिंपिक इतिहास में पहली बार होगा। फ्रेंच पोलिनेशिया स्थित ताहिती का तेहुपो'ओ बीच सर्फिंग का वेन्यू है, जो पेरिस से 15,716 किमी व 12 टाइम जोन दूर है।

### ओपनिंग सेरेमनी

समर ओलंपिक के इतिहास में पहली बार ओपनिंग सेरेमनी किसी स्टेडियम में नहीं बल्कि नदी के किनारे होगी। करीब 3 घंटे की सेरेमनी में 3 हजार आर्टिस्ट परफॉर्म करेंगे। पेरिस 26 जुलाई को सीन नदी में बोट परेड के साथ गेम्स की शुरुआत करेगा।

# एथलेटिक्स में पहला पदक, हॉकी में स्वर्ण की बारिश, भारत ने अब तक जीते 35 मेडल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

26 जुलाई से पेरिस ओलंपिक की शुरुआत होने वाली है। 206 देशों के एथलीट्स खेलों के सबसे बड़े मंच पर मेडल्स के लिए दावेदारी पेश करेंगे। भारत का भी 117 एथलीट्स का दल पेरिस जाएगा। ओलंपिक खेलों में भारत का इतिहास 124 साल पुराना है। उन्होंने 27 बार इन खेलों में हिस्सा लिया। भारत ने पहली बार साल 1900 में इन खेलों में हिस्सा लिया था। उस साल भी ओलंपिक खेलों का आयोजन पेरिस में ही हुआ था। 124 सालों में भारत ने इन खेलों में बहुत कुछ हासिल किया।

### प्रिटकार्ड ने जीते दो रजत

ओलंपिक खेलों की शुरुआत 1896 में हुई थी लेकिन भारत ने सबसे पहले 1900 में ओलंपिक खेलों में हिस्सा लिया। 1900 में केवल एक ही खिलाड़ी ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था जिनका नाम नॉर्मन प्रिटकार्ड था। उन्होंने देश के लिए दो पदक जीते हैं। प्रिटकार्ड ने 200 मीटर और 200 मीटर हर्डल्स में रजत पदक जीता था। इन पदक को ओलंपिक एसोसिएशन के मुताबिक भारत के खाते में गिना जाता है जबकि वर्ल्ड एथलेटिक्स के मुताबिक यह पदक ब्रिटेन के खाते में हैं।

### भारत ने पहली बार साल 1900 में लिया था हिस्सा




### टोक्यो में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

भारत ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2020 टोक्यो ओलंपिक में किया। टोक्यो में भारत ने सात पदक जीते। भारत को एथलेटिक्स में एक, वेटलिफ्टिंग में एक, हॉकी में एक, बॉक्सिंग में एक, बैडमिंटन में एक और रेसलिंग में दो पदक जीते।



| खेल | नाम | पदक |
|---|---|---|
| एथलेटिक्स | नीरज चोपड़ा | स्वर्ण |
| रेसलिंग | रवि दहिया | रजत |
| | बजरंग पूनिया | कांस्य |
| बॉक्सिंग | लवलिना बोरगोहेन | कांस्य |
| वेटलिफ्टिंग | मीराबाई चानू | रजत |
| बैडमिंटन | पीवी सिंधू | कांस्य |
| हॉकी | पुरुष टीम | कांस्य |

### भारत के ओलंपिक पदक

| खेल | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| हॉकी | 8 | 1 | 3 | 12 |
| रेसलिंग | – | 2 | 5 | 7 |
| शूटिंग | 1 | 2 | 1 | 4 |
| एथलेटिक्स | 1 | 2 | – | 3 |
| बॉक्सिंग | – | – | 3 | 3 |
| वेटलिफ्टिंग | – | 1 | 1 | 2 |
| टेनिस | – | – | 1 | 1 |

### हॉकी में भारत ने जीते 12 पदक

भारत को सबसे ज्यादा पदक हॉकी में मिले हैं। भारत ने इस खेल में 12 पदक जीते हैं। इन 12 पदक में भारत ने 8 स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक जीते हैं। भारत को पहला पदक 1928 के ओलंपिक में मिला था जब उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था। वहीं उन्होंने 41 साल के सूखे के बाद टोक्यो ओलंपिक खेलों में भी कांसय पदक जीता था।

### 10 स्वर्ण, 9 रजत, 16 कांस्य

भारत ने अब तक ओलंपिक में 10 स्वर्ण, 9 रजत और 16 कांस्य समेत कुल 35 पदक जीते हैं। यह 35 पदक उन्होंने 8 अलग-अलग खेलों में जीते। भारत ने हॉकी में 12, शूटिंग में चार, एथलेटिक्स में तीन, रेसलिंग में सात, बैडमिंटन में तीन, वेटलिफ्टिंग में दो, बॉक्सिंग में तीन और टेनिस में एक पदक जीता है।

**भारत की पहली महिला पैरालंपिक पदक विजेता हैं दीपा मलिक**

# दीपा मलिक एपीसी में बनीं दक्षिण एशिया की प्रतिनिधि

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत की पहली महिला पैरालंपिक पदक विजेता दीपा मलिक को एशियाई पैरालंपिक समिति ने दक्षिण एशिया के लिए उप क्षेत्रीय प्रतिनिधि नियुक्त किया है। एपीसी की 34वीं कार्यकारी बोर्ड बैठक के दौरान इस नियुक्ति की पुष्टि की गई। यह नियुक्ति पैरा खेलों में लैंगिक विविधता और खिलाड़ियों के नेतृत्व के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।



दीपा मलिक तुरंत पद की जिम्मेदारी संभालेंगी। मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार भारत की पूर्व पैरालंपिक समिति प्रमुख की नियुक्ति से कार्यकारी बोर्ड में महिला प्रतिनिधियों की संख्या पांच हो गई है जो एपीसी के इतिहास में बोर्ड में महिलाओं का सबसे अधिक प्रतिनिधित्व है। दीपा की भूमिका में दक्षिण एशियाई देशों का प्रतिनिधित्व करना और इस क्षेत्र में पैरा खेलों के विकास और इन्हें प्रोमोट करने की वकालत करना होगा।

### ओलंपिक में पदार्पण के लिए तैयार हैं सूरज




**नई दिल्ली।** बचपन से ही विपरीत परिस्थितियों का सामना करने वाले पैदल चाल के एथलीट सूरज पंवार मिश्रित स्पर्धा के लिए जोड़ीदार नहीं होने के भी बावजूद अपने पहले ओलंपिक खेलों में भाग लेने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। पंवार को बचपन से ही उतार चढ़ाव वाली जिंदगी जीने का अनुभव है। यह 23 वर्षीय एथलीट जब शिशु था तब उनके फॉरेस्ट गार्ड पिता उदय सिंह पंवार पेड़ों की अवैध कटाई को रोकने की कोशिश करते हुए ड्यूटी के दौरान मारे गए थे। उनकी मां पूनम ने उन्हें अकेले ही पाला, जो देहरादून के पास एक गांव में वन विभाग की नर्सरी में काम करती थीं।

### बावा को विश्व जूनियर स्क्वाश में कांस्य पदक



**नई दिल्ली।** भारत के शौर्य बावा ने ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप के लड़कों के एकल सेमीफाइनल में मिस्र के शीर्ष वरीयता प्राप्त मोहम्मद ज़कारिया से 0-3 से हारने के बाद कांस्य पदक हासिल किया। बावा पिछले साल के उपविजेता ज़कारिया से 41 मिनट तक चले रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में 5-11 5-11 9-11 से हार गए। कुश कुमार (2014 में) के बाद बावा विश्व जूनियर सेमीफाइनल में पहुंचने वाले केवल दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी हैं।




*छुड़ाए गए 33 भारतीयों ने इटली जाने और वहां वर्क परमिट (काम करने की इजाजत) हासिल करने के लिए 15.45 लाख रुपए चुकाए थे इसके बावजूद उन्हें जो वर्क परमिट दिया गया वह जाली था। पुलिस ने बताया कि कई भारतीयों से 11.78 करोड़ रुपए और लिए गए थे। इसके बदले उन्हें परमानेंट वर्क परमिट देने का लालच दिया गया था।*

# इटली में गुलामी से मुक्त कराए गए 33 भारतीय, बताए दर्दनाक हालात



एजेंसी ▶▶ रोम

इटली में गुलामों की तरह काम कर रहे 33 भारतीयों को छुड़ाया गया है। ये भारतीय वहां बेहद ही दर्दनाक हालात में जीने को मजबूर थे। जानकारी के मुताबिक, इटली के खेतों में इन भारतीयों से एक दिन में 10 घंटे से ज्यादा समय तक काम करवाया जाता है। इन्हें कोई छुट्टी नहीं दी जाती थी और कई बार तनख्वाह भी रख ली जाती थी।

### पासपोर्ट भी जब्त कर लिए गए

*इन भारतीयों को टूटे-फूटे घर में रखा गया और उनके पासपोर्ट भी जब्त कर लिए गए थे। इटली की पुलिस ने भारतीयों को गुलाम बनाकर रखने के आरोप में 2 अन्य भारतीयों को गिरफ्तार कर इनके पास से 4.17 करोड़ रुपए बरामद किए हैं। पुलिस को आशंका है कि दोनों आरोपी अच्छी सैलेरी का लालच देकर भारतीयों को इटली लाए थे। उनके पास से जो पैसे बरामद हुए वह उन्हें सस्ते दाम में लेबर मुहैया कराने पर मिले थे।*

## भागने पर दी जाती थी मारने की धमकी

### खेतों पर काम कर रहे एक-चौथाई लोग मानव तस्करी के शिकार

इटली में पहले भी मजदूरों की तस्करी के मामले सामने आ चुके हैं। साल 2018 में इटली की पुलिस ने बताया था कि देश में खेतों पर काम करने वाले एक-चौथाई मजदूर तस्करी कर लाए गए हैं। इन्हें एक गैंग के जरिए ऑपरेट किया जाता है। इटली में 11% कामगार ब्लैक मार्केट के जरिए काम करते हैं। इनका कोई रेजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है। ये सभी कामगार और इनके मालिक टैक्स भी नहीं भरते हैं, जिससे मानव तस्करी को बढ़ावा मिलता है।



### 15 लाख रुपए लेकर दिया नकली वर्क परमिट

छुड़ाए गए 33 भारतीयों ने इटली जाने और वहां वर्क परमिट (काम करने की इजाजत) हासिल करने के लिए 15.45 लाख रुपए चुकाए थे इसके बावजूद उन्हें जो वर्क परमिट दिया गया वह जाली था। पुलिस ने बताया कि कई भारतीयों से 11.78 करोड़ रुपए और लिए गए थे। इसके बदले उन्हें परमानेंट वर्क परमिट देने का लालच दिया गया था। भारतीय कामगार इटली से भाग न सकें, इसके लिए दोनों आरोपियों ने उनके पासपोर्ट भी छीन लिए थे।

### पूर्व में हो चुकी एक भारतीय की मौत

इटली में पिछले महीने खेत पर काम कर रहे एक भारतीय की मौत हो गई थी। खेत में घास काटते वक्त मशीन से 30 साल के सतनाम का हाथ कट गया था। घटना के बाद मदद करने की बजाय उसके मालिक ने उसे घर के पास एक सड़क किनारे अकेला छोड़ दिया था। इस घटना के बाद पुलिस हरकत में आई थी।

मप्र के राजगढ़ की रहने वाली आशा मालवीय 26 जुलाई को कारगिल युद्ध की रजत जयंती के मौके पर पहुंचेंगी कारगिल, शहीदों को देंगी श्रद्धांजलि

# कारगिल के शहीदों को 7 हजार किमी की 'साइकिल यात्रा' से श्रद्धांजलि देने निकली मध्यप्रदेश की बेटी

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

विशेष खबर



वो कहते हैं ना 'मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है। पंख से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है'। जी हां ये पंक्तियां और इनमें छिपा हुआ भाव मध्य प्रदेश की एक पच्चीस वर्षीय युवा बेटी आशा मालवीय के साथ पूरी तरह से मेल खाता हुआ नजर आ रहा है। जिन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ष 1999 में जम्मू-कश्मीर के कारगिल में लड़े गए युद्ध की इस वर्ष मनाई जा रही 25 वीं वर्षगांठ यानी रजत जयंती के मौके पर मां भारती के वीर सपूतों को अपनी एक अनोखी 7 हजार किलोमीटर की 'एकल महिला साइकिल यात्रा' के जरिए श्रद्धांजलि अर्पित करने का प्रण लिया है। इसके लिए आशा ने अपनी यात्रा की शुरुआत देश के दक्षिणी छोर पर स्थित कन्याकुमारी से पिछले महीने 24 जून को कर दी थी। इसके बाद वह तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पंजाब और हरियाणा से होते हुए करीब 3 हजार 400 किलोमीटर की दूरी तय कर बीते मंगलवार को राजधानी दिल्ली पहुंची थीं। यहां रक्षा मंत्रालय में हरिभूमि ने उनसे खास बातचीत की। इसमें उनके जीवन के व्यक्तिगत संघर्ष से लेकर साइकिल यात्रा से शहीदों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से लेकर देश के युवाओं को दिया गया प्रेरणादायक संदेश शामिल है।

### पेश हैं बातचीत के अंश

■ **कारगिल के शहीदों को साइकिल यात्रा से श्रद्धांजलि देने के पीछे क्या उद्देश्य है?** मेरी इस यात्रा का उद्देश्य कारगिल की लड़ाई में दुश्मन से हमारी रक्षा करते हुए अपनी जान गंवाने वाले शहीदों की कुर्बानी को असल युद्धक्षेत्र में जाकर याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि देना है। इससे मैं देश और दुनिया को ये बताना चाहती हूं कि एक वक्त में इस लड़ाई के समय पर (25 साल पहले) जिस कारगिल तक पहुंचने में हमारी सेना को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। वहां आज भारत के एक लड़की महज साइकिल से पहुंच गई है। इससे ये साफ हो जाता है कि आज हमारा देश और सेना इतनी विकसित और समृद्ध हो गई है कि दुश्मन चाहकर भी हमें कोई नुकसान नहीं पहुंचा सकता है। इसके अलावा मैं लोगों को जागरूक करना चाहती हूं कि हमारा देश लड़कियों के लिए पूरी तरह से सुरक्षित है।

■ **आपकी यात्रा का पड़ाव कारगिल पर खत्म हो जाएगा?**: नहीं, 26 जुलाई को कारगिल पहुंचने के बाद मेरी यात्रा का अगला पड़ाव सियाचिन होगा। जहां मैं 15 अगस्त को पहुंच जाऊंगी। सियाचिन के बाद मेरी 1 सितंबर को दिल्ली वापसी होगी। यहां मैं अपनी यात्रा का औपचारिक समापन करूंगी। साथ ही मैंने योजना बनाई है कि राजधानी में मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करूंगी।

■ **एकल साइकिल यात्रा चुनौतियों से भरी है। इसकी प्रेरणा कहां से मिली?** मैं मध्य प्रदेश के राजगढ़ के नाटाराम गांव की रहने वाली हूं। मेरे परिवार में मेरी मां (राजू बाई) और एक छोटी बहन (निशा) है। मैंने अपने पिता को कभी नहीं देखा। मेरी मां ने मजदूरी कर मुझे और मेरी बहन को पाल पोसकर बड़ा किया है। इसमें भी मैंने अपनी मां मजदूरी से दिन में मात्र 30 रुपए में हमारा पेट भरते देखा है। उनके पांव में पहनने के लिए चप्पल तक नहीं थी। उनके सामने मुझे लगता है कि सारी प्रेरणाएं फेल हो जाती हैं। क्योंकि हम अपने परिवार को जैसा देखते हैं, वैसा ही हम सीखते हैं। इसलिए मैंने अपने परिवार से सिर्फ मेहनत करना सीखा है और बोलते हैं कि जो खुद से प्रेरित हो, उसे कोई और मोटिवेट या डिमोटिवेट नहीं कर सकता। छात्रवृत्ति से फिजिकल एजुकेशन में परास्नातक किया। इसमें भी घर की जिम्मेदारियां पूरी करने के बाद साइकिल यात्रा की योजना बनाई और निकल पड़ी। मैंने किसी से कोई स्पॉन्सरशिप नहीं ली। इस पर मैं ये कहूंगी कि हमारे जीवन की समस्याएं कभी भी इतनी बड़ी नहीं होती हैं। जितना बड़ा हमारा हौसला होता है। इसलिए हमें समस्याओं का सामना हिम्मत के साथ करना चाहिए।

**साइकिलिंग को अपना करियर बनाना चाहती हैं?** अपनी इन यात्राओं के जरिए मैं साइक्लिंग को करियर बनाना चाहती हूं। आज के बच्चे बाइक या कार पर निर्भर हो गए हैं। लेकिन हम विदेशों में देखते हैं कि वहां पर बुजुर्ग भी साइकिल लेकर जाते हैं। अपनी इस यात्रा से मैं चाहती हूं कि मेरे देश में भी ये चीजें आ सकें। इससे जलवायु अच्छी रहेगी, लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और हम बहुत सारी बीमारियों को कम कर सकते हैं। इसके अलावा मेरी इच्छा किसी सैन्य बल में भी शामिल होने की है। मैंने अपनी पहली साइकिल यात्रा पांच महीने पहले पूरी की है। जिसमें मैंने करीब 26 हजार किमी. में भारत भ्रमण किया था।

■ **यात्रा का रूटीन क्या है?**-मैं अमूमन दिन में 24 घंटे साइकल चलाती हूं। इसमें दिन के समय कोई दिक्कत नहीं आती। हां, रात में, मैं जिस जगह से गुजरती हूं, वहां इलाके के पुलिस कर्मियों को कॉल कर मदद लेती हूं। पुलिस वाले बाइक पर मेरे साथ-साथ चलते हैं। इसलिए किसी तरह का कोई डर नहीं लगता। जैसे ही सुबह होती है, मैं उन्हें जाने के लिए बोल देती हूं। इसके अलावा यात्रा रूट में साइकिल पेंचर होने, चेन निकलने से लेकर आने वाली बाकी दिक्कतों का हल मैं खुद ही निकालती हूं।

■ **यात्रा में किन वीआईपी हस्तियों से मुलाकात हुई?**: कन्याकुमारी से दिल्ली की यात्रा तक में कर्नाटक, तेलंगाना, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्रियों से मुलाकात कर चुकी हूं। कर्नाटक के राज्यपाल से भी मेरी मुलाकात हुई है। दिल्ली में सीआरपीएफ, बीएसएफ, एसएसबी और आईटीबीपी के डीजी से मिली हूं। सेना के पांच जीओसी रैंक स्तर के अधिकारियों ने मेरा स्वागत किया है। इसके बाद मैं 17 जुलाई को चंडीगढ़ में हरियाणा के राज्यपाल से मुलाकात करूंगी। मेरी इस यात्रा के दौरान मुझे सेना व अन्य सैन्यबलों से सहयोग मिल रहा है। 1 सितंबर को यात्रा की समाप्ति के बाद मैं दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करना चाहूंगी।

■ **अपनी यात्रा से युवाओं को क्या संदेश चाहती हैं?**: मैं देश के युवाओं को यह संदेश देना चाहूंगी कि देशभक्ति की भावना हमारे मन में केवल सेना और बाकी फोर्सेज को देखकर ही नहीं आनी चाहिए। बल्कि ये हमारे अंदर खुद से ही होनी चाहिए। देश के हर घर में एक देशभक्त होना चाहिए। फिर चाहे वो किसी भी रूप में देश की सेवा करे।

## आतंकियों की तलाश में खंगाला जा रहा चप्पा-चप्पा

# डोडा में देर रात... फिर हुई मुठभेड़, सुरक्षा बलों का सर्च ऑपरेशन, जल्द दबोचे जाएंगे

डोडा में मंगलवार देर रात एक बार फिर सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। अंधेरे का फायदा उठाकर आतंकी घने जंगल में भाग निकले। बुधवार भोर होने के साथ ही फिर तलाशी अभियान शुरू किया गया।

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू संभाग के जिला डोडा में मंगलवार देर रात एक बार फिर सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। अंधेरे का फायदा उठाकर आतंकी घने जंगल में भाग निकले। बुधवार सुबह होते साथ ही फिर तलाशी अभियान शुरू किया गया। डोडा के देसा के जंगल में सोमवार को हुई मुठभेड़ में एक कैप्टन समेत चार जवान बलिदान हो गए थे। इसके बाद से ही आतंकियों की तलाश में गहन सर्च ऑपरेशन चल रहा है। डोडा जिले के देसा के जंगलों में सोमवार रात भारी हथियारों से लैस आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में सेना के एक कैप्टन, नायक समेत चार जवान बलिदान हो गए। जबकि जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष ग्रुप का एक जवान घायल है। सुरक्षाबल इलाके को घेरकर सघन तलाशी अभियान चला रहे हैं। दहशतगर्दों को खोजने के लिए पैरा कमांडो, डॉग स्क्वायड के साथ हेलिकॉप्टर व ड्रोन की मदद भी ली जा रही है।



मुठभेड़ स्थल पर अतिरिक्त जवानों को भेजा गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख से डोडा घटना की जानकारी ली। बलिदानियों की शिनाख्त कैप्टन बृजेश थापा (दार्जिलिंग), नायक डी राजेश (आंध्र प्रदेश), सिपाही बिजेंद्र (झूंझनू, राजस्थान) और सिपाही अजय (झूंझनू, राजस्थान) के रूप में हुई है। मंगलवार को जम्मू में उप राज्यपाल मनोज सिन्हा व सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी।

### आतंकी हमले को लेकर लोगों में उबाल

पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन किया... पुतले जलाए डोडा में हुए आतंकी हमले के विरोध में लखनपुर से लेकर जम्मू संभाग में विभिन्न जगहों पर कांग्रेस सहित अन्य संगठनों के सदस्यों ने पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन किया और पुतले जलाए। हमले को लेकर लोगों में उबाल देखने को मिला। शहीदी चौक स्थित कांग्रेस मुख्यालय के बाहर मंगलवार को पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने डोडा आतंकी हमले के विरोध में प्रदर्शन किया।

### आतंकवाद का गढ़ रहा है डोडा

*डोडा जिला करीब 15 साल पहले सामूहिक रूप से विशेष समुदाय के लोगों को बंधक बनाकर कई नरसंहार और कान व नाक काटने जैसी नृशंस आतंकी वारदातों का गवाह रहा है। इस जिले में पिछले दो माह में पांच से अधिक आतंकी वारदातें हो चुकी हैं। संदिग्धों के देखे जाने की लगातार सूचनाएं मिल रही हैं।*

### सेना बलिदानियों के परिवारों के साथ

*सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और सेना के सभी रैंक के जवानों ने आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। सेना के अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया।*

## यूएनजीए में बोले भारत के सैन्य सलाहकार भल्ला

कर्नल ने विश्व शांति स्थापना में भारत की भूमिका पर प्रकाश डाला

# भारत ने हमेशा शांति स्थापना में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क



संयुक्त राष्ट्र महासभा में सैन्य सलाहकार कर्नल आशीष भल्ला ने बुधवार को विश्व शांति स्थापना में भारत की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा शांति स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पीसबिल्डिंग रिपोर्ट पर संयुक्त बहस में भारत की तरफ से कर्नर आशीष भल्ला ने शिक्षा को शांति निर्माण का एक प्रमुख घटक बताया। उन्होंने कहा कि विश्व में शांति बनाए रखने के लिए भारत ने हमेशा शांति निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### क्रोएशिया और ब्राजील को दी बधाई

कर्नल भल्ला ने पिछले साल शांति स्थापना आयोग के नेतृत्व के लिए क्रोएशिया को और इस साल आयोग का नेतृत्व किया है उसके लिए ब्राजील को भी बधाई दी। उन्होंने 2017 में स्थापित भारत संयुक्त राष्ट्र विकास साझेदारी कोष पर प्रकाश डालते हुए वैश्विक विकास के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता पर बात की। उन्होंने बताया कि केवल पांच वर्षों में, फंड ने 56 विकासशील देशों के अध्यक्ष के साथ साझेदारी में 75 दक्षिण-नेतृत्व वाली विकास परियोजनाओं का समर्थन किया है। कर्नल भल्ला ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के अन्य अंगो और सार्वजनिक संस्थाओं की भूमिका के दोहराव से बचने की जरूरत है।

### पीसीबी रिपोर्ट की सराहना की

कर्नल भल्ला ने 2023 की पीसीबी रिपोर्ट को आयोग द्वारा दी गई सकारात्मक पहल का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि शांति स्थापना चुनौतियों का समाधान करने और संघर्ष की स्थितियों में शांति बनाए रखने के लिए दूरंदेशी एजेंडा को अच्छी तरह से डिजाइन किया गया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109